www.livehindustan.com

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
20 मई 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 120, 16 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

एलन मस्क ने इंडोनेशिया में स्टारलिंक इंटरनेट सेवा शुरू की
P-16



# हर जाति, वर्ग के लोग मोदी को वोट दे रहे : शाह



**एक्सक्लूसिव**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 सीट देकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हर जाति, हर वर्ग के लोग भाजपा को वोट दे रहे हैं। चुनाव में जाति से ऊपर उठकर वोटिंग हो रही है। यूपी और बिहार में यादव भी हमें वोट दे रहे हैं। विश्वास से भरे ये शब्द केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'हिन्दुस्तान' को दिए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में कहे।

अमित शाह ने अपने आवास पर 'हिन्दुस्तान' से चुनाव के हर पहलू पर विस्तार से बात की। जातियों की गोलबंदी की वजह से नीतीश को दोबारा साथ लेने के सवाल पर शाह ने कहा, वे हमारे पुराने साथी हैं। उन्हें कुछ लोग गलतफहमी के कारण दूसरी ओर ले गए थे। रालोद को भी हम जाति के कारण साथ नहीं लाए। हम किसानों के एक महत्वपूर्ण हिस्से में पार्टी का स्थायित्व चाहते हैं।

कम मतदान से जुड़े प्रश्न पर शाह ने कहा, पहले चरण में मुझे भी चिंता हुई थी, लेकिन तीसरे चरण की वोटिंग में हमें पता चला कि विपक्ष के वोटर निकल ही नहीं रहे हैं। वे घोर निराशा में हैं कि नतीजे मोदी के पक्ष में है, बैठे रहो, धूप में क्यों निकलना!

शाह ने यह भी कहा, कम मतदान लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। वोट तो उनके (विपक्ष) भी पड़ने चाहिए।

दक्षिण में भाजपा की पैठ को लेकर उठ रहे सवाल पर शाह ने कहा कि कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु में हम इस बार सबसे बड़ी पार्टी बनेंगे। शाह ने ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने का दावा किया और लोकसभा में भी 17 से ज्यादा सीट जीतने की बात कही। शाह का कहना है कि जनता उड़िया अस्मिता के सवाल पर भाजपा के साथ है। गृहमंत्री को बंगाल में भी भाजपा के नंबर वन पार्टी बनने की उम्मीद है। बंगाल में पार्टी 24 से 30 सीटें जीतेगी।

शाह से जब यह पूछा गया कि क्या यह प्रधानमंत्री मोदी के लिए जनमत संग्रह है तो उन्होंने इसे शब्दों का खेल बताते हुए कहा, लोकसभा चुनाव में दोनों तरफ से प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी तय हैं। हम मोदी जी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। उधर, राहुल गांधी को प्रोजेक्ट किया हुआ है, कभी खड़गे के लिए नहीं बोला।

> हमारे पास 10 वर्षों से पूर्ण बहुमत है, लेकिन हमने कभी संविधान बदलने का प्रयास नहीं किया, हमारी ऐसी कोई मंशा भी नहीं है। हमने बहुमत का प्रयोग अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक खत्म करने जैसे मुद्दों के लिए किया। –अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

> विस्तृत साक्षात्कार P11

# चिराग-सात्विक ने थाईलैंड ओपन जीता



ट्रॉफी के साथ चिराग-सात्विक की जोड़ी।

**बैंकॉक, एजेंसी।** बेहतरीन तालमेल, शानदार ड्रॉप्स और स्मैश के दम पर भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पांच साल के बाद रविवार को दूसरा थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन पुरुष युगल खिताब जीत लिया। उन्होंने चीनी जोड़ी को लगातार गेम में शिकस्त दी।

इस जोड़ी ने 2019 में यहां चीनी जोड़ी को मात देकर पहला खिताब जीता था। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली चीन के लियू यि और चेन बो यांग की जोड़ी को 21-15, 21-15 से शिकस्त देकर पेरिस ओलंपिक का दावा मजबूत करते हुए विपक्षियों को चेतावनी भी दे दी।




## निजी सचिव की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यालय से मार्च निकाला

# केजरीवाल का भाजपा मुख्यालय कूच रोका

**12** बजे दोपहर को सीएम केजरीवाल ने मार्च निकाला

**50** मीटर दूर आप कार्यालय से पुलिस ने सभी को रोका

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने निजी सचिव विभव कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार दोपहर को भाजपा मुख्यालय तक पैदल मार्च निकालने पहुंचे, लेकिन आप मुख्यालय से निकलते ही करीब 50 मीटर आगे पुलिस ने रोक लिया। मुख्यमंत्री आप नेताओं के साथ वहां काफी देर तक रुके रहे और धरना दिया।

पैदल मार्च के दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए भाजपा ऑपरेशन झाड़ू चला रही है। भाजपा हमारे नेताओं को गिरफ्तार कराने, पार्टी के खाते सीज करने, उसके बाद पार्टी कार्यालय को खाली कराकर हमें सड़क पर लाना चाहती है। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री को डर है कि भविष्य में भाजपा के लिए आम आदमी पार्टी चुनौती बनने जा रही है। इसलिए वे आप को खत्म करना चाहते हैं।

हमारी पार्टी भविष्य में भाजपा के लिए चुनौती बने, उससे पहले हमें कुचलना चाहते हैं। लेकिन हमारी पार्टी को खत्म करने की उनकी यह कोशिश सफल नहीं होगी। यह पार्टी 140 करोड़ लोगों के सपने की पार्टी है। हमने आम आदमी के सपने पूरे किए हैं। हमने सरकारी स्कूल-अस्पताल को लेकर काम किए, मुफ्त बिजली और पानी दिया। अब महिलाओं को एक हजार रुपये महीना देने जा रहे हैं। एक केजरीवाल को खत्म करेंगे तो हजारों पैदा हो जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि दो सालों से इन्होंने हमारे नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू किया है। इन्होंने मुझे गिरफ्तार किया, संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को मेरे पीए को भी गिरफ्तार कर लिया।

> आधे घंटे खड़े रहे P05

### सीएम आवास से इलेक्ट्रानिक उपकरण कब्जे में लिए

सांसद स्वाति मालीवाल से अभद्रता मामले में जांच अधिकारी एडिशनल डीसीपी अंजिथा के नेतृत्व में पुलिस टीम रविवार दोपहर को मुख्यमंत्री आवास पर पहुंची। पुलिस वहां करीब दो घंटे तक रही और डीवीआर, लैपटाप, प्रिंटर को अपने कब्जे में लिया। सभी उपकरणों को एफएसएल भेजा जाएगा, ताकि इलेक्ट्रानिक सुबूत जमा किए जा सके। पुलिस तफ्तीश में जुटी है कि फुटेज डिलीट करने में किन लोगों का हाथ है। डीवीआर स्टोर प्रभारी समेत वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों को भी पूछताछ के लिए नोटिस दिया जाएगा। > फुटेज गायब P05



नई दिल्ली में रविवार को भाजपा मुख्यालय तक मार्च निकालते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप नेता। • सलमान अली

## हेमकुंड साहिब के कपाट 25 से खुलेंगे

**जोशीमठ।** सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को प्रातः नौ बजे पहली अरदास के साथ भक्तों के दर्शन के लिए खोले जाएंगे। इसके लिए यात्रा का शुरुआत 22 मई को ऋषिकेश से होगी। कपाट खुलने के बाद 3500 तीर्थयात्री ही एक दिन में दर्शन कर सकेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है।

> रील बनाने पर रोक P06

## विमान के इंजन में आग से हड़कंप

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु से कोच्चि जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के एक इंजन में आग लग गई। विमान की बेंगलुरु में आपात लैंडिंग हुई। कंपनी ने कहा, विमान में सवार सभी 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्य सुरक्षित हैं। शनिवार रात 11:12 बजे विमान ने जैसे ही उड़ान भरी, चालक दल ने एटीसी को आग के लपटों की सूचना दी।

> उड़ान भरते ही आग P15

## चोरी के शक में मॉब लिंचिंग की घटना

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर में चोरी करने के शक में युवक की पीट-पीटकर मार डालने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उसके जख्मों पर नमक लगाया और उसके ऊपर तेज रफ्तार बाइक चढ़ाकर कुचलने की कोशिश भी की। उत्तम नगर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और हत्या की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। > ब्योरा P04

## पांचवें चरण में 49 सीटों के लिए मतदान आज

- यूपी की 14, महाराष्ट्र की 13 सीट पर मतदान
- ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों पर भी वोटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों में से 35 सीटों के लिए दूसरे चरण का मतदान होगा।

पांचवें चरण में राहुल गांधी, स्मृति ईरानी, राजनाथ सिंह जैसे दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला होना है। उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की 7, बिहार और ओडिशा की पांच-पांच, झारखंड की 3, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की 1-1 सीट पर होना है। पांचवें चरण में कई केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से, महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी से, उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मुंबई उत्तर से चुनाव लड़ रहे हैं।

> करोड़ों करेंगे मतदान P12

## सीआईएसएफ आज से संसद की सुरक्षा का जिम्मा संभालेगी

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में तैनात करीब 1,400 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को हटाकर सोमवार से इसे पूरी तरह से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के हवाले कर दिया जाएगा।

सीआईएसएफ के 3317 कर्मी संसद सुरक्षा की जिम्मेदारी अपने हाथों में लेंगे। सीआईएसएफ को पुराने और नए संसद भवन के साथ ही संबंधित ढांचों की सुरक्षा सौंपी गई है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस के 150 कर्मियों और संसद सुरक्षा स्टाफ को भी हटा दिया गया है।

## देवेगौड़ा के पौत्र प्रज्वल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

- महिलाओं के यौन उत्पीड़न का मामला
- प्रज्वल के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी है

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में विशेष अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पौत्र और जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इस मामले में प्रज्वल के पिता एवं होलेनरसीपुरा से विधायक एचडी रेवन्ना भी आरोपी हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र एचडी रेवन्ना महिला के अपहरण के मामले में सात दिन जेल में बिताने के बाद जमानत पर हैं। हासन सीट से उम्मीदवार प्रज्वल के खिलाफ यौन उत्पीड़न के तीन मामले हैं। प्रज्वल के खिलाफ इंटरपोल ने ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। हाल में कई ऐसे वीडियो सार्वजनिक हुए थे, जिसमें प्रज्वल को कथित तौर पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करते दिखाया गया।

**असहमति** | संस्था ने कहा, अध्ययन के लिए अनुमति नहीं ली, प्रकाशित रिपोर्ट में काउंसिल के हवाले को दुर्भावनापूर्ण बताया

# कोवैक्सीन पर आईसीएमआर ने बीएचयू का दावा नकारा

**वाराणसी, कार्यालय संवाददाता।** कोरोना वायरस से बचाव के लिए तैयार कोवैक्सीन पर बीएचयू में हुए अध्ययन पर भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कड़ी आपत्ति जताई है। परिषद ने चार बिंदुओं पर आपत्ति जताते हुए अध्ययन करने वाले बीएचयू के दो विज्ञानियों से जवाब मांगा है।

जारी नोटिस में कहा गया है कि परिषद किसी भी रूप में इस अध्ययन या इसकी रिपोर्ट से नहीं जुड़ा है। अध्ययन करने वालों से पूछा गया है कि क्यों न उनके विरुद्ध कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।

बीएचयू के फार्माकोलॉजी और जीरियाट्रिक विभाग की ओर से पिछले दिनों किए अध्ययन में बताया गया था कि कोवैक्सीन लेने वाले किशोरों और वयस्कों में इसका काफी दुष्प्रभाव हुआ है। अध्ययन के आधार पर रिपोर्ट में कहा गया कि 30 फीसदी से ज्यादा लोगों को इससे स्वास्थ्य संबंधी परेशानी झेलनी पड़ी।

इस रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद काफी खलबली मची और लोग सशंकित होने लगे। यह अध्ययन जीरियाट्रिक विभागाध्यक्ष प्रो. शुभ शंख चक्रवर्ती और फार्माकॉलोजी विभाग की डॉ. उपिंदर कौर के निर्देशन में किया गया था। इसमें बताया था कि कोवैक्सीन के प्रभाव से लोगों में स्ट्रोक, खून का थक्का जमना, बाल झड़ना, त्वचा की खराबी जैसी समस्याएं हो रही हैं।




### इन बिंदुओं पर परिषद ने सवाल उठाए

1. जिन्होंने वैक्सीन लगाई और जिन्होंने नहीं लगाई, उनके बीच तुलनात्मक अध्ययन की बात रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं है।
2. वैक्सीन के बाद जिन लोगों को परेशानी हुई, उन्हें पहले से ऐसी कोई परेशानी रही हो, इसका जिक्र नहीं है। जिनपर अध्ययन किया गया, उनकी जानकारी का रिपोर्ट में अभाव।
3. जिस एडवर्स इवेंट्स ऑफ स्पेशल इंटरेस्ट का हवाला दिया गया है, उससे अध्ययन के तरीके मेल नहीं खाते।
4. वैक्सिनेशन के एक साल बाद टेलीफोन के जरिए आंकड़े इकट्ठा किए गए और उसका सत्यापन नहीं किया गया।

### परिषद से जुड़ा हिस्सा हटाने को कहा

नोटिस में कहा गया कि रिपोर्ट से परिषद से जुड़ा हिस्सा हटाया जाए और खेद प्रकाश किया जाय। डॉ. बहल ने यह भी कहा है कि इस अध्ययन के लिए आईसीएमआर से कोई स्वीकृति नहीं ली गई थी। पूर्व में प्रकाशित रिपोर्टों में भी आईसीएमआर को गलत तरीके से शामिल करने की बात कही।

### जांच के लिए कमेटी गठित की गई

को-वैक्सीन पर रिपोर्ट के मामले में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुधीर जैन ने भी चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. एसएन संखवार से रिपोर्ट मांगी है। निदेशक ने रिपोर्ट उन्हे सौंप दी है। निदेशक ने भी माना है कि शोध जल्दबाजी में किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने इस शोध की जांच के लिए आईएमएस डीन रिसर्च प्रो. गोपालनाथ के नेतृत्व में चार सदस्यीय कमेटी गठित की है और रिपोर्ट देने को कहा गया है। कमेटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।



पार्टी के स्टार प्रचारकों ने स्वाति मालीवाल के मामले पर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा, गठबंधन को लेकर सवाल उठाए

# भाजपा ने महिला सम्मान का मुद्दा मतदान से जोड़ा

**सियासी रण**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी दिल्ली में चुनावी माहौल गरमाया हुआ है। भाजपा ने प्रचार में महिला सम्मान का मुद्दा मतदान से जोड़ा है। सातों लोकसभा सीटों पर एक के बाद एक जनसभाएं, रोड शो, सम्मेलन और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर रही। पार्टी ने उत्तर से लेकर मध्य भारत और दक्षिण तक के नेताओं को दिल्ली में चुनाव प्रचार करने के लिए मैदान में उतारा है।

दिल्ली भाजपा ने रविवार को सुपर संडे का नाम दिया। पार्टी की तरफ से कहा गया कि अब हमारे सभी बड़े नेता दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं और 23 मई की शाम तक लगातार जनसभाएं और सम्मेलन करेंगे। एक-एक स्टार प्रचारक दिन में तीन से चार जनसभाएं कर रहे हैं। पार्टी प्रत्याशियों के अलावा स्टार प्रचारकों ने रविवार को 30 से अधिक जनसभाओं को संबोधित किया।

**दक्षिण भारत के तीन नेताओं ने वोट मांगे :** पार्टी के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा के लिए मयूर विहार में जनसभा को संबोधित किया। अन्नामलाई ने कहा कि आज मलयाली भाई-बहनों से मिलने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि 1952 के बाद से कांग्रेस पार्टी वो मजबूत और निर्णायक नेतृत्व प्रदान नहीं कर सकी है, जो हमारे साथी नागरिक चाहते हैं। इसलिए मजबूत नेतृत्व सिर्फ एक ही पार्टी प्रदान कर सकती है जो दिल्ली और देश को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाने में बीते 10 वर्षों में सफल रही है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। उन्होंने पश्चिमी दिल्ली और नई सीट पर भी जनसभा को संबोधित किया।

उधर, अमरावती से भाजपा की उम्मीदवार नवनीत राणा ने पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर और दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर में शाम को रोड शो किया। उन्होंने भी विपक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश का नेतृत्व आज सही हाथों में है। महिलाओं के सम्मान से लेकर हर वर्ग को ध्यान में रखकर केंद्र की सरकार काम कर रही है। इसके साथ ही, नवनीत राणा ने देरशत पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर ओबीसी मोर्चा के सम्मेलन को भी संबोधित किया। उधर, हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी माधवी लता ने नई दिल्ली, उत्तरी पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर पर जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी को घेरा।

**पार्टी बदल ली, लेकिन नाम नहीं बदला :** बुराड़ी में मजदूर किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति वर्ष 2019 से गायब है। पार्टी बदल ली है, लेकिन नाम नहीं बदला है। वह व्यक्ति चुनाव लड़ते वक्त प्रधानमंत्री को गाली देता था, क्योंकि उसे लगता था कि गालियों से ही लोकतंत्र चलता है। यह सिर्फ बातों को राजा है। क्या बुराड़ी के लोग ऐसे व्यक्ति को बर्दास्त करेंगे। वर्ष 2019 में 10 हजार से अधिक लोग उसे चुनाव लड़वाने के लिए बिहार गए थे, लेकिन जनता ने उन्हें पसंद नहीं किया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गिरिराज सिंह को नहीं हराया पाया वो व्यक्ति मनोज तिवारी को क्या हरा पाएगा। अभी देश में बहुत बड़े काम होने हैं, जो केंद्र की भाजपा सरकार ही कर सकती है। उन्होंने आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए गठबंधन पर भी सवाल उठाया। धर्म के आधार पर आरक्षण देने की शुरुआत कर्नाटक में हो चुकी है, लेकिन हमारी पार्टी कोई धर्म या जाति की राजनीति नहीं करती है।

**जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन चलाया, उससे गठबंधन किया :** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तरी पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट के बुराड़ी में जनसभा को संबोधित किया। सभा में जय श्रीराम के नारे भी लगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप और कांग्रेस एक हो गई हैं, जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन करते हुए अरविंद केजरीवाल नेता बने, वह अब गठबंधन करने को मजबूर हो गए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी अब आम नहीं रही है, क्योंकि आपकी (केजरीवाल) पार्टी की नेता आपसे मिलने जाती है तो वो मिलते नहीं है, उलटे अपमान कराया। यह भारत मां-बेटी का अपमान है। मैं कोई भी काम करता हूं तो बहनों-बेटियों की पूजा करता हूं। मैं भी 18 साल मुख्यमंत्री रहा हूं, लेकिन हमने महिलाओं का सम्मान देना सुनिश्चित किया। उन्होंने मध्यप्रदेश में अपनी सरकार और केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनवाईं।


नई दिल्ली में भाजपा की प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के समर्थन में रविवार को जनसभा को संबोधित करने पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। साथ में भाजपा महिला कार्यकर्ता। ● हिन्दुस्तान


पूर्वी दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा के समर्थन में रविवार को जनसभा को संबोधित करने पहुंचीं नवनीत राणा। इस दौरान भाजपा के अन्य नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। ● हिन्दुस्तान

## पंजाब में गालियां दे रहे, दिल्ली में दोनों गलबहिया कर रहे

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चांदनी चौक से भाजपा के प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में दोनों पार्टियां गलबहियां कर रही हैं, लेकिन पंजाब में दोनों एक दूसरे को गालियां दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार खत्म करने का नारा और हाथ में झाड़ू लेकर सत्ता में आई, लेकिन दिल्ली में कहीं सफाई नहीं की। उलटे भ्रष्टाचार में लिप्त है। दिल्ली के सबसे सुंदर शहर बनाने का नारा भी इसी पार्टी ने दिया था, लेकिन दिल्ली सर्दियों में प्रदूषण के चलते गैस चेंबर बन जाती है। यही हाल कांग्रेस का है, जो पहले कहती थी कि हमने शराब घोटाले का खुलासा किया और अब स्वयं गठबंधन कर लिया। इसलिए हमारी सरकार ने जो वादा किया वो पूरा करके दिखाया। इससे पहले पुष्कर सिंह धीमा ने नई दिल्ली सीट से पार्टी प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। सम्मेलन के बाद पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली सीट पर रोड शो भी किया और देर शाम को पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी में जनसभा को संबोधित किया।

## प्रदर्शन सिर्फ मुद्दे से भटकाने के लिए किया : नवनीत राणा

नवनीत राणा के साथ ही रविवार को भाजपा की तरफ से हैदराबाद से लोकसभा प्रत्याशी माधवी लता भी दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचीं थीं। दोनों प्रत्याशियों ने स्वाति मालीवाल के मामले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति महिलाओं से कहता है कि मैं आपका भाई हूं, वो व्यक्ति अपनी पार्टी की राज्यसभा सदस्य के साथ हुई घटना को लेकर एक शब्द नहीं बोलता है। भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन सिर्फ मुद्दे से भटकाने के लिए किया गया। वहीं, माधवी लता ने कहा कि यह किसी पार्टी का मुद्दा नहीं है, बल्कि एक महिला के साथ मारपीट का मुद्दा है। आखिरकार मारपीट करने का हक किसने दिया। घटना मुख्यमंत्री के आवास में हुई, इसलिए उन्हें इसका जवाब देना ही पड़ेगा। उन्होंने नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर किसी घर की बेटी के साथ मारपीट की घटना होती तो क्या चुप रहते। आप लोग जानते हैं कि यह घटना क्यों हुई, क्योंकि आप राज्यसभा की सीट उस वकील को देना चाहते हैं जो इनका केस लड़ रहे हैं।

**सियासत 30S**

## ‘कार्यकर्ता एकजुट होकर वोट करें’

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि कांग्रेस और आप के कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर वोट करें। इस बार अगर आप चूक गए और भाजपा की सरकार आ गई तो ये लोग संविधान बदल लेंगे। लोकतंत्र को खत्म कर देंगे। उन्होंने यह बाते इंडिया गठबंधन के लिए आयोजित चुनाव सभी में कही। उन्होंने कहा कि जब लोकतंत्र नहीं होगा तो दिल्ली में चुनाव भी खत्म कर देंगे। इसलिए सारे गिले शिकवे छोड़कर एक हो जाओ। लाखों लोगों की कुर्बानियों के बाद हमें संविधान और लोकतंत्र मिला है, आज चूके तो आपकी पीढ़ियां इस तानाशाही के लिए आपको जिम्मेदार मानेगी।

## दिल्ली में हुए काम को याद कर लेना : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को विकासपुरी में चुनावी सभा करके आम आदमी पार्टी के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा इस बार वोट देते समय दिल्ली में हुए कामों को याद रखना अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बिजली पानी मुफ्त किया है। महिलाओं का बस की यात्रा मुफ्त किया है। बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराया है। वहीं भाजपा के पास बीते 10 सालों में अपना एक भी काम गिनाने के लिए नहीं है। इस बार दिल्ली वालों को भाजपा की जमानत जब्त कराना है। संजय सिंह ने यहां चुनावी सभा में अपने भाषण को भोजपुरी में दिया इस पर लोगों ने जमकर तालियां बजाई। बताते चले इस इलाके में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले हैं।

## उम्मीदवारों को समस्याओं पर ज्ञापन देंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुंडका क्षेत्र में रविवार को दिल्ली के गांवों में महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण क्षेत्र और उसके साथ जुड़ी हुई कॉलोनियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। लोगों ने बताया कि क्षेत्र की कई समस्याओं का कई वर्षों से समाधान नहीं हो पाया है। महापंचायत में फैसला लिया गया कि क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्रत्याशियों को सौंपा जाएगा। उत्तर-पश्चिमी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज महापंचायत में पहुंचे थे। मास्टर आजाद सिंह, राम कुमार सोलंकी आदि ने अपने विचार रखे।

## उदित राज ने रोड शो कर समर्थन मांगा

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज ने रविवार को कई इलाकों में रोड शो निकाला। इस दौरान उन्होंने इंडिया गतबंधन की सरकार बनाने के लिए लोगों से मतदान की अपील की। उदित राज ने इंडिया गठबंधन के समर्थकों से आग्रह किया कि वह 25 मई को हाथ के चिह्न को दबाकर समर्थन दें। यह वोट सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि आपके और आपके बच्चों के भविष्य के लिए एक निर्णायक कदम है।

## न्यायपत्र के लिए 58 हजार कॉल-मैसेज मिले

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कन्हैया कुमार की ओर से न्यायपत्र के लिए लोगों से सुझाव मांगे गए थे। दो मई को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के लिए 'न्याय पत्र' बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसमें अभी तक लोकसभा के 58 हजार से ज़्यादा लोगों ने कॉल, व्हाट्सऐप या बैठक के माध्यम से सुझाव दिए हैं। इन सभी लोगों ने अपनी समस्याएं साझा की हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए इस लोकसभा क्षेत्र का न्याय पत्र तैयार किया गया है।

## पटेल नगर में सोमनाथ भारती का रोड शो

**नई दिल्ली।** पटेल नगर विधानसभा में रविवार को सोमनाथ भारती की ओर से रोड शो निकाला गया। इस रोड शो में दिल्ली की मेयर शैली ओबरॉय, पटेल नगर के पार्षद अंकुश नारंग सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भारती ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पटेल नगर में जब भी कोई कार्यक्रम हुआ यहां के सम्मानित लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भरपूर स्नेह दिया। इस स्नेह और आशीर्वाद के लिए आप सभी का हृदय से आभार है।

# वोटिंग करने के लिए युवा आगे आएं : पी कृष्णमूर्ति

**संदेश**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए राजा गार्डन स्थित शिवाजी कॉलेज के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 'एक शाम मतदान के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि लोकतंत्र में आपका मतदान कितना जरूरी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. कृष्णमूर्ति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में कम मतदान की प्रवृत्ति रही। दिल्ली का मतदान प्रतिशत 2014 में 65 से घटकर 2019 में 60 हो गया। इससे पता चलता है कि शहरी क्षेत्र के मतदाता वोट करने के लिए कम संख्या में निकलते हैं। इसलिए आने वाली 25 मई को सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए सामने आना चाहिए।

उन्होंने बताया कि इस बार करीब 2.5 लाख युवा पहली मतदाता बने हैं, जिन्हें कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों के माध्यम से मतदाता सूची में शामिल करने में मदद मिली। युवा इस देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें मतदान के लिए आगे आना चाहिए। अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट दें, जिससे कि आपकी पसंद से लोकतंत्र का निर्माण हो। मतदान न केवल एक अधिकार है, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है, जो भारत के एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में पहचान के लिए आवश्यक है। इस मौके पर उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। दिव्यांगों और बुजुर्गों को बड़ी सुविधाएं दी जा रही हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण निजामी ब्रदर्स की ओर से सूफी गायन, इंडियाज गॉट टैलेंट की टीमों की ओर से नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में पश्चिमी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के सभी क्षेत्रों से कैंपस राजदूतों, सोशल मीडिया प्रभावितों, छात्रों और पहली बार मतदाताओं ने भाग लिया।

## निगम ने मैराथन के जरिए जागरूक किया

**नई दिल्ली, व.सं.।** दिल्ली नगर निगम ने रविवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 'लोकतंत्र के लिए मतदान करें' पहल के साथ पांच किलोमीटर की मैराथन का आयोजन किया। नजफगढ़ जोन के द्वारका स्थित एक मॉल के पास आयोजित कार्यक्रम में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मैराथन में महिला वर्ग में सारिका यादव और पुरुष वर्ग में शेखर को विजेता घोषित किया गया। मतदान फीसदी बढ़ाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नजफगढ़ जोन के उपायुक्त बादल कुमार, उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिकेट सिरोही, नजफगढ़ जोन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमित शाह और योगी की आज दिल्ली में जनसभाएं

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** उत्तरी पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर रविवार को दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, कांग्रेस से भाजपा में आए अरविंदर सिंह लवली और राजकुमार चौहान ने जनसभा को संबोधित किया।

सचदेवा ने कहा कि भाजपा हर सीट पर प्रचार कर रही है। रविवार को मेगा चुनाव प्रचार अभियान चलाया गया है। सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह एक जनसभा को संबोधित करेंगे। संगम विहार में उनकी जनसभा होगा। जेपी नड्डा भी नई दिल्ली के मालवीय नगर क्षेत्र में रोड शो करेंगे। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्वी दिल्ली में जनसभा करेंगे। इसके साथ ही 22 मई को प्रधानमंत्री मोदी पश्चिमी दिल्ली में जनसभा को संबोधित करेंगे।

अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि जिस पार्टी ने कांग्रेस के खिलाफ तमाम आंदोलन किए और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। आज उसी पार्टी के साथ कांग्रेस ने गठबंधन किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने कन्हैया कुमार को टिकट दिए जाने पर भी सवाल उठाए। सचदेवा ने कहा कि भाजपा हर सीट पर प्रचार कर रही है।

# चांदनी चौक को हेरिटेज हब बनाएंगे : अग्रवाल

**घोषणापत्र**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** चांदनी चौक से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी अग्रवाल ने रविवार को अपनी लोकसभा के लिए चुनाव घोषणापत्र जारी किया। किनारी बाजार में आयोजित कार्यक्रम में अग्रवाल ने कहा कि चांदनी चौक केवल चुनाव क्षेत्र नहीं है, बल्कि एक ऐतिहासिक विरासत है। इसमें दिल्ली और देश का इतिहास बसता है। इसलिए चांदनी चौक को हैरिटेज हब बनाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

अग्रवाल ने अपने घोषणापत्र में चांदनी चौक की अलग-अलग समस्याओं को लेकर वादे किए हैं। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक में हर साल ग्लोबल फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटक चांदनी चौक के विश्व प्रसिद्ध खान-पान का आनंद उठा सकें। अग्रवाल ने करीब छह माह से बंद पड़े सौ साल पुराने रोशनारा क्लब को भी फिर से खुलवाने का वादा किया है। इसके साथ ही यमुना के घाटों को विकसित करने, चांदनी चौक में यातायात प्रबंधन, पुराने बाजारों को सुव्यवस्थित करने, मल्टीलेवल पार्किंग बनवाने के वादे भी घोषणापत्र में किए हैं। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र में मोनो रेल या इसी तरह की अन्य परिवहन व्यवस्था लाई जाएगी, ताकि जाम की समस्या का समाधान हो सके। सौ वर्ग गज तक के मकानों को गृह कर से मुक्त करने, केशव पुरम में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने, प्रदूषण से मुक्ति के लिए योजना लाने की भी बात कही। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता चतर सिंह और जितेन्द्र कुमार कोचर भी मौजूद रहे।



नई दिल्ली में रविवार को चांदनी चौक से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी अग्रवाल (बांए) अपने लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव घोषणापत्र जारी करते हुए। ● एजेंसी

# 35 हजार जवान चुनाव व्यवस्था संभालेंगे

**सुरक्षा**

■ **अमित झा**

**नई दिल्ली।** राजधानी में शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने हैं। ऐसे में मतदान केंद्रों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने भी पूरी तैयारी कर ली है। दिल्ली पुलिस के साथ ही अर्धसैनिक बलों की 46 कंपनियां, होम गार्ड, ड्रोन टीम, सीसीटीवी सर्विलांस टीमें तैनात रहेंगी।

खासतौर से संवेदनशील बूथों के पास विशेष बंदोबस्त किए जाएंगे। हाल ही में तैयारियों को लेकर पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक भी ली है। राजधानी में गुरुवार शाम को चुनाव प्रचार थम जाएगा और शनिवार को मतदान होगा। इसके लिए दिल्ली में 2600 से ज्यादा मदतान केंद्र बनाए जा रहे हैं, जहां 13 हजार से ज्यादा बूथों पर मतदान होगा। 7 से 12 बूथ वाले मतदान केन्द्रों की सुरक्षा जिम्मेदारी इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी के पास होगी, जबकि इससे ज्यादा बूथ वाले मतदान केन्द्र पर सुरक्षा का जिम्मा एसीपी के पास होगा। प्रत्येक जिले के सभी बूथों की सुरक्षा जिम्मेदारी डीसीपी के पास होगी। वह खुद इन बूथों का जायजा लेंगे।

**दिल्ली के बाजारों में सुरक्षाकर्मी तैनात :** एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हाल ही में पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक भी की है। इसमें बताया गया कि चुनाव में दिल्ली पुलिस के 25 हजार से ज्यादा जवान तैनात रहेंगे। पांच हजार होम गार्ड, जबकि अर्धसैनिक बलों की कुल 46 कंपनियां तैनात रहेंगी। बीते शनिवार से अर्धसैनिक बलों के लगभग 3500 जवान सुरक्षा में जगह-जगह तैनात हो गए हैं। फिलहाल इन सुरक्षाकर्मियों को दिल्ली के बाजारों, पिकेट और संवेदनशील इलाकों में लगाया गया है।

**सात मतगणना केंद्र बनेंगे :** 23 मई तक से इन जवानों को सभी बूथ पर तैनात कर दिया जाएगा। मतदान के बाद 28 कंपनियों को लौटा दिया जाएगा। वहीं, 18 कंपनियों को मतदान गणना केन्द्रों पर तैनात किया जाएगा।

## सीसीटीवी और ड्रोन के जरिये निगरानी होगी

पुलिस द्वारा संवेदनशील बूथों के पास 46 ड्रोन तैनात किए जाएंगे। यह ड्रोन न केवल मतदान केन्द्र, बल्कि आसपास के घरों पर भी नजर रखेंगे ताकि किसी प्रकार का अवैध सामान छतों पर न रखा हो। सीसीटीवी के जरिये भी कई जगहों पर पुलिस निगरानी करेगी। इसके लिए कंट्रोल रूम भी बनाए गए हैं।

# अभिभावकों ने संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए

■ जागरुकता अभियान के तहत स्कूली बच्चे सक्रिय भूमिका निभा रहे

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** 25 मई को मतदान करने के लिए दिल्ली के करीब 16 लाख अभिभावकों ने संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर करके जमा कराए हैं।

चुनाव में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से संकल्प पत्र पहल नाम से अभियान चलाया गया, जिसमें दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) समेत दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के माध्यम से उनके माता-पिता से संकल्प पत्रों पर हस्ताक्षर कराए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. कृष्णमूर्ति का कहना है कि इस अभियान के माध्यम से हमारी कोशिश है कि बच्चों के माता-पिता व अन्य परिजन लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लें और अनिवार्य रूप से मतदान करें। अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने सक्रिय भूमिका निभाई है, जिन्होंने मतदान करने के लिए अपने परिजनों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

**सुविधा** | 85 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग और दिव्यांगों को मतदान केंद्र तक आने और जाने की सुविधा मिलेगी, नोडल अधिकारी नियुक्त किए

# दिव्यांगजनों की मदद के लिए सात कंट्रोल रूम बनाए

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** छठे चरण के तहत 25 मई को दिल्ली में होने वाले मतदान के बीच सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। दिल्ली में सात लोकसभा सीटों पर दिव्यांगजनों और 85 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। इसके साथ ही नोडल ऑफिसर की तैनाती की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की निर्देश पर सातों लोकसभाओं में दिव्यांगजनों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए तैनात नोडल अधिकारियों और कंट्रोल रूम के नंबर जारी किए गए हैं। कंट्रोल रूम के दिए गए नंबर पर कॉल कर दिव्यांग और बुजुर्ग इस सेवा का लाभ ले सकते हैं।

**पुलिस कर्मियों विशेष प्रशिक्षण दिया :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय का कहना है कि चुनाव आयोग के सभी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। 25 मई को सुबह सात बजे से शाम के सात बजे तक मतदान होगा। इस दौरान दिव्यांग मतदाताओं और बुजुर्गों को को पिक और ड्रॉप की सुविधा दी जाएगी। पुलिस कर्मियों और मतदान कर्मियों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

**मतदान केंद्र पर रैंप बनाए :** दिव्यांगजनों के लिए सभी मतदान केंद्र पर रैंप बनाए गए हैं। इसके साथ ही व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई है। अगर कोई व्यक्ति अपनी दिव्यांगता के चलते मतदान नहीं कर सकता है तो ऐसे में पीठासीन अधिकारी मतदाता को उसकी इच्छानुसार रिश्तेदार या साथी को मतदान खंड तक जाने की अनुमति देंगे, लेकिन रिश्तेदार या परिजन की आयु 18 वर्ष से कम न हो। वरिष्ठ अधिकारियों और चुनाव आयोग की तरफ से पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिलावाया गया है। उन्हें बताया गया है कि चुनाव केंद्रों पर किस तरह से सुरक्षा का ध्यान रखना है।



**सहायता के लिए इन अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं**

■ चांदनी चौक : कपिल कोहली
8368079252, 011-20872028
■ उत्तरी पूर्वी दिल्ली सुरेश चंद
9868282971, 011-22132054
■ पूर्वी दिल्ली : सुनील कुमार
9968854545, 1800-11-1406 व 011-22010004
■ नई दिल्ली : रश्मि मनचंदा
9911325330, 011-23075139
■ उत्तरी पश्चिमी दिल्ली : राकेश दहिया
9868810716, 1800-11-1401 व 011-20896360
■ पश्चिमी दिल्ली सौरभ कुमार
8982595027, 011-25107440
■ दक्षिणी दिल्ली पीयूष कुमार मुदगल
9887624255, 011-20860811

# 'ओबीसी समाज नजरअंदाज किया'

**आरोप**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भाजपा पर ओबीसी समाज को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। गांव चौबीसा सर्व समाज द्वारा बाबा श्याम गिरी मंदिर में आयोजित महापंचायत में उन्होंने कहा कि जिस ओबीसी समाज का समर्थन लेकर भाजपा नेता सांसद बने आज उसी समाज को नजरअंदाज कर रहे हैं।

सचिन पायलट ने कहा कि उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में हिस्सेदारी न्याय की सबसे ज्यादा जरूरत है। क्योंकि, सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति और वर्ग की गिनती जरूरी है। महापंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार का समर्थन जताया गया। इस मौके पर कन्हैया कुमार ने कहा कि महापंचायत में समर्थन मिलना मेरे लिए चुनाव जीतने के बराबर है। गंगा के किनारे पैदा हुए इस युवक को यमुना पार का सहारा मिला है। उन्होंने दावा किया कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि जो लोग संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। जनता उन्हें इस बार करारा जवाब देगी। इस बार चुनाव नेता नहीं जनता लड़ रही है।

## 'ध्यान भटकाने और भ्रमित करने में लगे भाजपा नेता'

दिल्ली कांग्रेस कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने रविवार को भाजपा और उसके नेताओं पर जनता से जुड़े मुद्दों से बचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों का ध्यान भटकाने और भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। भारद्वाज ने रविवार को बयान जारी करके कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, कानून व्यवस्था, पर्यावरण, प्रदूषण की स्थिति जैसे ज्वलंत मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी लगातार जनता की आवाज बनकर भाजपा सरकार से जवाब मांग रही है, लेकिन भाजपा और उसके नेता इन सवालों से बचने की कोशिश कर रहे हैं। अनिल चौधरी ने कहा कि जो लोग संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। जनता उन्हें इस बार करारा जवाब देगी।

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
20 मई 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण



रोहित ने आईपीएल के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाया

P-14

देश में सबसे गर्म रहा नजफगढ़, राजधानी में अगले दो दिनों के लिए लू-गर्मी का रेड अलर्ट

# दिल्ली गर्म हवा के थपेड़ों से बेहाल

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्लीवासियों को गर्म हवा के थपेड़ों (लू) ने रविवार को बेहाल कर दिया। नजफगढ़ इलाका देशभर में सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। साथ ही रविवार सीजन का सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए भी राजधानी में लू और गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है।

राजधानी में बीते पांच दिनों से सूरज के तेवर तीखे हो गए हैं। रविवार को भी चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों के कारण दिन में लोगों का घरों से निकलना भी मुहाल हो गया। खासतौर पर दोपहिया वाहन चालकों और खुले में मेहनत का काम करने वालों को इससे सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन में हवा की गति 25 किलोमीटर प्रति घंटा तक रही।

दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में रविवार को अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी खासी बढ़ोतरी हुई है। सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है।

**सामान्य से सात डिग्री तक ज्यादा रहा तापमान:** दिल्ली के कुछ इलाकों में तो गर्मी और लू के थपेड़ों ने लोगों का पसीना सूखने ही नहीं दिया। रविवार को पीतमपुरा, मुंगेशपुर और नजफगढ़ का अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री ज्यादा रहा। वहीं, राजघाट क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि राजधानी में सबसे ज्यादा है।

**दो दिन के लिए रेड अलर्ट:** दिल्ली के लोगों को अभी गर्मी से राहत मिलती नहीं दिख रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को भी दिल्ली के कई इलाकों में लू की स्थिति बनी रहेगी। इस दौरान हवा की गति 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रहेगी। इसके चलते लू के थपेड़ों का अहसास और भी ज्यादा होगा। मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बुधवार और गुरुवार के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**गाजियाबाद में स्कूल 25 मई तक बंद :** बढ़ते तापमान को देखते हुए गाजियाबाद में आठवीं तक के स्कूल 25 मई तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। ➤ संबंधित खबर P05



हुमायूं का मकबरा में रविवार को गर्मी और लू के थपेड़ों से बचने का प्रयास करती महिलाएं। ● सलमान अली

### निकोबार में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दस्तक दी

दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार को देश के दक्षिणी छोर निकोबार द्वीप पर दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यहां यह जानकारी दी।

### उत्तराखंड से लेकर बिहार तक तपिश ने पसीने छुड़ाए

- उत्तर प्रदेश में रविवार को सर्वाधिक तापमान आगरा में 47 .7 डिग्री सेल्सियस रहा
- बिहार में सबसे अधिक तापमान बक्सर में 44 .9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया
- उत्तराखंड में सबसे अधिक रुड़की में 41 डिग्री और देहरादून 40 .5 डिग्री सेल्सियस रहा।
- झारखंड में सबसे अधिक तापमान पलामू में 43 .2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया

### पांच दिन में चार डिग्री चढ़ा राजधानी का पारा




### यहां प्रचंड गर्मी रही

| | | |
|---|---|---|
| नजफगढ | : | 47.8 |
| मुंगेशपुर | : | 47.7 |
| पीतमपुरा | : | 47.0 |

### एनसीआर का हाल

| | | |
|---|---|---|
| फरीदाबाद | : | 46 |
| नोएडा | : | 45.9 |
| गुरुग्राम | : | 45.1 |
| गाजियाबाद | : | 44.4 |

(नोट : तापमान डिग्री सेल्सियस में )

### केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग ने तमिलनाडु, केरल में अगले 24 घंटे में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसे देखते हुए कई क्षेत्रों की यात्रा न करने की सलाह दी गई है।

# ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलीकॉप्टर क्रैश

दुबई, एजेंसी। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलीकॉप्टर रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उनके साथ विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन भी सवार थे। ईरान के स्टेट मीडिया के मुताबिक, हेलीकॉप्टर अभी पहाड़ों में लापता है। घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिंता जताई है।

हादसा अजरबैजान सीमा पर स्थित जुल्फा शहर के निकट हुआ। ईरान के गृह मंत्री ने बताया कि 63 वर्षीय राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से अब तक संपर्क नहीं हो सका है। हम अभी भी आशान्वित हैं, लेकिन दुर्घटना से जो जानकारी आ रही है, वह चिंताजनक है। उधर, खराब मौसम की वजह से रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच पा रही है। दरअसल, ईरान में कोहरे और ठंड की वजह से हेलीकॉप्टर के जरिए रेस्क्यू ऑपरेशन बहुत कठिन है। ईरानी मीडिया के अनुसार, रईसी 19 मई की सुबह अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने गए थे।



राष्ट्रपति के साथ विदेश मंत्री होसैन भी हेलीकॉप्टर में सवार थे

राष्ट्रपति के साथ तीन हेलीकॉप्टर थे। इनमें से दो सुरक्षित अपने गंतव्य पर उतर चुके हैं। रईसी का हेलीकॉप्टर जहां दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, वह जंगली इलाका है और वहां कोहरा है। इस कारण रेस्क्यू टीम को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

➤ कोहरा बना बाधा P15

# राहुल-अखिलेश की सभा में समर्थकों ने बैरिकेड तोड़े

- फूलपुर में प्रचार के लिए पहुंचे थे दोनों शीर्ष नेता
- बेकाबू समर्थकों के कारण बिना भाषण दिए लौटे

प्रयागराज, प्रमुख संवाददाता। फूलपुर में रविवार को अखिलेश यादव और राहुल गांधी की रैली में भगदड़ की स्थिति बन गई। अतिउत्साह में सैकड़ों समर्थक बैरिकेडिंग तोड़कर मंच पर चढ़ गए, जिससे अफरातफरी मच गई। अखिलेश हालात बेकाबू होता देख राहुल गांधी के साथ सभा को संबोधित किए बगैर यमुनापार के करछना में आयोजित दूसरी जनसभा में चले गए।

पड़िला में फूलपुर सीट से सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य के समर्थन में रविवार को जनसभा थी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी संबोधन से पहले मंच से भीड़ का अभिवादन कर रहे थे। इसी बीच बेकाबू भीड़ ने मंच के सामने बनी डी की बैरिकेडिंग तोड़ दी और दर्जनों लोग नारेबाजी करते हुए मंच पर चढ़ गए, जिससे वहां भगदड़ मच गई।

अचानक हुई भगदड़ में मीडियाकर्मी समेत दर्जनों लोग घायल हो गए। कई के कैमरे टूट गए। यह नजारा देखकर अखिलेश भड़क गए और राहुल गांधी के साथ बिना भाषण दिए मंच से उतर गए। दोनों नेता हेलीकॉप्टर से वहां से रवाना हो गए। सपा नेताओं ने प्रशासन पर जनसभा में पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया।

➤ योजना खत्म होगी P09

## प्रमुख पांच

### कैप्टन गोपीचंद ने अंतरिक्ष की उड़ान भरी

1 जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन ने रविवार को छह यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा। इनमें कैप्टन गोपी थोटाकुरा भी शामिल थे। P16

### स्वास्थ्य बीमा लेते समय प्रस्ताव फॉर्म खुद भरें

2 स्वास्थ्य बीमा लेते समय प्रस्ताव फॉर्म खुद भरें वरना आपका दावा रद्द कर दिया जाएगा। P13

### उत्तराखंड में बाहरी लोगों की जांच होगी

3 उत्तराखंड जनसांख्यिकीय ढांचे की पड़ताल के तहत बाहर से आकर रह रहे लोगों की जांच शुरू करेगा। P06

### जलवायु संकट से 91 फीसदी लोग चिंतित

4 एक अध्ययन में दावा किया गया है कि देश के 91 फीसदी लोग जलवायु संकट को लेकर चिंतित हैं। P16

### सही और फर्जी के बीच मिटता फर्क

5 जिसे हम आज 'फेक न्यूज' कहते हैं, वह कोई नई अवधारणा नहीं है। गंदी राजनीति हमेशा से ही अफवाहों और फर्जी खबरों के जरिये चुनावों का खेल बिगाड़ती रही है।



हरजिंदर P10

## अंदर



दिल्ली के हौजखास में रविवार को डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस आग में जलकर खाक हो गई।........P04



कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दावा निपटान के नियमों में बड़ा बदलाव किया........P13



दिल्ली में 25 मई को होने वाले मतदान के दौरान दिव्यांगजनों की मदद के लिए सात कंट्रोल रूम बनाए........P02









## काम की खबरें

**1**
### दाखिले के लिए 31 को कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ होगा
शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए निजी स्कूलों की नर्सरी से लेकर पहली कक्षा की आरक्षित आर्थिक पिछड़ा वर्ग/ वंचित वग और दिव्यांग श्रेणी की सीटों पर दाखिले को लेकर कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ का 31 मई को दोपहर एक बजे होगा।

**2**
### ट्रैफिक पुलिस चलाएगी ग्रीष्मकालीन कैंप
दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से छात्रों के लिए 10 से 28 जून तक सड़क सुरक्षा जागरुकता ग्रीष्मकालीन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें हिस्सा लेने के लिए छात्र 31 मई तक **https://forms.gle/Upz6iZQjfdpqKepD7** पर पंजीकरण कर सकते हैं।

**3**
### दिल्ली से पटना के लिए तीन विशेष ट्रेनें चलेंगी
दिल्ली के अलग-अलग स्टेशनों से सोमवार को 17 विशेष ट्रेनें चलेंगी। तीन गाड़ियां पटना के लिए, जबकि एक दानापुर के लिए चलेगी। आनंद विहार से पटना के लिए सुबह 8:20 बजे गाड़ी संख्या 02352 चलेगी। रात 11:55 बजे गाड़ी संख्या 04078 आनंद विहार से पटना जाएगी।

**4**
### आईपीयू में बीटेक काउंसलिंग 22 मई से
गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में बीटेक की काउंसलिंग 22 मई से शुरू होगी। आवेदक 5 जून तक भागीदारी शुल्क जमा करा सकते हैं। काउंसलिंग जेईई के अंकों के आधार पर होगी। **https://ipu.admissions.nic.in** पर जानकारी उपलब्ध है।

**5**
### संपत्तिकर भरने में आ रही समस्या के लिए कॉल करें
संपत्तिकर भरने में समस्या आ रही तो दिल्ली नगर निगम प्रशासन को सूचना दे सकते हैं। ऐप 311 और हेल्पलाइन नंबर 155305 पर लोग कॉल कर सकते हैं। साथ ही नए करदाता भी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करते हुए संपत्तिकर का भुगतान कर सकते हैं।

## आज का मौसम

44.0° अधिकतम | 28.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 05:28। सूर्यास्त : 19:07

**अनुमान**
मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी में गर्म हवा चलने की संभावना है।

## शहर 30s

### चार माह में 125 लोगों को खोजा
**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने चार माह में लापता 125 लोगों की तलाश कर उनके परिजनों को सौंपा है। इनमें कई ऐसे भी थे, जिनकी तलाश के लिए हजारों का इनाम रखा गया था। जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि मानव तस्करी को रोकने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने उत्तर-प्रदेश से 11, हरियाणा, बिहार, तेलंगाना, झारखंड, जम्मू कश्मीर, राजस्थान से एक-एक और दिल्ली-एनसीआर से 108 लोगों को खोजा है।

### जून तक 40 ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित होंगे
**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की तरफ से जून माह तक 40 ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। निगम प्रशासन ने अब तक 280 से अधिक ई-चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की है। इसमें पार्किंग की जगहों पर, सड़क के पास और ढलावों पर यह बनाए गए हैं। निगम ने 570 से अधिक ई-वाहन स्टेशनों को बनाने की योजना तैयार की है। इसके लिए संबंधित विभागों से अनुमति प्राप्त हो चुकी है। आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक हो रही है।

### कर्मियों के आश्रितों को 30 लाख मुआवजा
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने वर्ष 2017 में मारे गए तीन सफाई कर्मचारियों के परिवारों को 30-30 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। परिजनों ने याचिका में कहा कि अगस्त 2017 में लाजपत नगर में नाले की सफाई के दौरान तीन कर्मचारियों की मौत हो गई थी। परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया था। उनकी प्रार्थना थी कि मुआवजा राशि 30 लाख रुपये की जाए।

### भगोड़ा घोषित दंपती को बंगाल से पकड़ा
**नई दिल्ली।** पालम थाना पुलिस ने भगोड़ा घोषित हो चुके दंपती को 14 मई को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। दंपती पर एनआईएक्ट केस दर्ज है और वे पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए लंबे समय से फरार थे। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 2018 में गौतम चक्रवर्ती और उसकी पत्नी पिंकी चक्रवर्ती के खिलाफ एनआई एक्ट में केस दर्ज हुआ था, जिसके बाद उन्हें जमानत मिली और वे पुलिस से बचने के लिए फरार हो गए।

### महंगे पार्सल लेकर फरार हो जाते थे, तीन धरे
**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस की वाहन चोरी निरोधक दस्ता टीम ने 17 मई को तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी फर्जी दस्तावेजों के सहारे ई-कॉमर्स कंपनियों में डिलीवरी ब्वाय की नौकरी लेते थे। उसके बाद महंगे सामान को लेकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने आरोपियों निखिल राठौड़, योगेन्द्र उर्फ योगी और चंदन कुमार मिश्रा के पास से नौ मोबाइल फोन, दो ईयरफोन आदि सामान बरामद किया। एक की तलाश में छापेमारी जारी है।

### ट्रैफिक पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान
**नई दिल्ली।** ट्रैफिक पुलिस की ओर से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने जीटीके डीटीसी बस डिपो में वाहन चालकों को यातायात नियम, लेन ड्राइविंग, महिला सुरक्षा और राहगीर सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। इसके अलावा मुकरबा चौक पर भी ऑटो चालकों को ट्रैफिक पुलिस ने जागरूक किया।

### 37 आपराधिक मामलों में शामिल बदमाश पकड़ा
**नई दिल्ली।** कृष्णानगर पुलिस ने 37 से ज्यादा आपराधिक मामलों में शामिल एक बदमाश को दबोचा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 17 मई रात करीब 9.30 बजे थाने की पेट्रोलिंग टीम गश्त पर थी। इस दौरान सूचना मिली कि कांति नगर एक्सटेंशन में एक बदमाश लूट को अंजाम देने के इरादे से चाकू के साथ घूम रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान शेर खान के रूप में हुई।

इलेक्ट्रिक बस के एसी में खराबी से हुआ हादसा, ड्राइवर ने समस्या आते ही यात्रियों को आईआईटी गेट पर उतार दिया था

# हौजखास में राख हुई बस, यात्री सुरक्षित

**हादसा**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** गुरुग्राम के पास कुंडली-मानेसर एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात एक बस में लगी आग में नौ लोगों की जान चली गई थी। दिल्ली के हौजखास में भी रविवार को डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस में इस तरह की आग लग गई, जिसमें बस जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि घटना से पहले ही सभी यात्रियों को उतारा जा चुका था, वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, बुराड़ी डिपो की यह बस सुबह करीब 11 बजे रूट नंबर 502 पर जा रही थी। महरौली से यह बस जब हौजखास के पद्मिनी एंक्लेव के पास मुख्य मार्ग पर पहुंची तो एसी ने काम करना बंद कर दिया। इस वजह से ड्राइवर ने आईआईटी गेट पर यात्रियों को बस से उतार दिया और एसी खराब होने की शिकायत डिपो में दर्ज कराई। आईआईटी गेट से कुछ ही दूर स्टॉप के पास पहुंचते ही बस में धुआं उठने लगा। चालक जब तक कुछ समझ पाता बस से आग की लपटें निकलने लगीं और इसने विकराल रूप ले लिया।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी मिल सकेगी।



नई दिल्ली के हौजखास इलाके में रविवार को डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस आग लगने के बाद जलकर राख हो गई। • हिन्दुस्तान

### बीते साल शामिल हुई थी, गुणवत्ता पर सवाल उठे
डीटीसी की इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति बीते साल सर्दियों में हुई थी। उनका संचालन शुरू होने के बाद गर्मी का यह पहला सीजन है। डीटीसी कर्मचारी यूनियन ने बसों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। संविदा कर्मचारी नेता मनोज शर्मा ने आरोप लगाया कि बसों की मेंटेनेंस समय पर नहीं की जा रही है और इनमें नकली कलपुर्जे डाले जा रहे हैं।

### कार में आग लगने से यातायात प्रभावित
दक्षिणी दिल्ली के मोदी मिल फ्लाईओवर के समीप रविवार शाम एक कार में आग लग गई। इसके चलते आश्रम से बदरपुर जाने की दिशा में वाहनों के लिए निकलना मुश्किल हो गया। दमकल विभाग द्वारा आग बुझाने तक यहां से वाहनों को निकलने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसकी वजह से लगभग आधा घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

**विशेषज्ञ की राय**



**प्रो चंदन घोष,** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (सेवानिवृत्त)

### ठंडा रखने वाले रंगों का पेंट करने से 12% तक गिर सकता है तापमान
बसों में आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए महत्वपूर्ण है कि सफेद व ठंडा रखने वाले रंगों से बसों पर पेंट किया जाए। यह बेहद भारी रंगों जैसे काले व अन्यों की तुलना में तापमान को 10 से 12 डिग्री तक कम कर देते हैं। इससे सूरज की किरणें बसों के ढांचे में समाहित नहीं होती है।

यह किरणें बसों के ढांचे से टकराकर वापस चली जाती है। इससे बसों के ढांचे को बेहद ज्यादा गर्मी में ठंडा रखा जा सकता है। अभी गर्मी बढ़ने से बसों के विभिन्न उपकरण भी गर्म हो जाते हैं। जिस वजह से किसी शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों से ई-बसें, सीएनजी बसों में आग लगने की घटना सामने आ रही हैं। इनकी रोकथाम के लिए सबसे कारगर उपाय ये है कि बसों में सफेद व ठंडा रखने वाले रंगों का पेंट किया जाए। साथ ही गर्मियों में बसों के संचालन से पहले नियमित रूप से उसके उपकरण व अन्य चीजों की ठीक तरह से निरीक्षण भी किया जाए। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि किसी भी तरीके की यदि तकनीकी खराबी है तो उसे तुरंत बस को सड़क पर चलाने से पहले उसे ठीक कर लिया जाए।

**लगातार खराब हो रहीं**
- 18 मई, बदरपुर फ्लाईओवर और द्वारका सेक्टर-1 के नीचे डीटीसी की बसें खराब हुईं
- 17 मई, मथुरा रोड पर सरिता विहार से बदरपुर जाने की दिशा में जैतपुर मोड़ के पास
- 16 मई, महरौली-बदरपुर रोड पर संगम विहार में बस खराब होने से लगा जाम
- 16 मई, हल्दीराम और एनएच48 पर डीटीसी बसों के खराब होने से यातायात प्रभावित हुआ

### इनके कारण आए दिन सड़कों पर जाम लग रहा
राजधानी में बसों की खराबी एक बड़ी समस्या बनकर सामने आ रही है। दिल्ली में लगातार सड़कों पर बसों के खराब होने से जाम की समस्या रहती है। इसका एक बड़ा कारण डीटीसी एवं क्लस्टर के बेड़े में पुरानी बसों का होना है। इनमें से काफी बसें अपनी आयु पुरी कर चुकी हैं। इन बसों को जल्दी से सड़क किनारे भी नहीं किया जा सकता। बसों को मौके से हटाने या ठीक करने में कई बार एक घंटे तक का समय लग जाता है।

### इस तरह के सुरक्षा से जुड़े इंतजाम जरूर करें
- सार्वजनिक बसों व टैक्सियों में आग बुझाने वाले यंत्रों का लगा होना अनिवार्य है। विभाग इसकी लगातार निगरानी भी करें।
- ई-बस, सीएनजी बसों में पांच से अधिक आग बुझाने वाले यंत्रों को लगाया जाना चाहिए। बसों में मौजूद कर्मचारियों को इन्हें इस्तेमाल करने के लिए नियमित प्रशिक्षण देना आवश्यक है।
- गर्मियों के दौरान वाहनों को छांव और शेड के नीचे ही खड़ा करें, जिससे सूरज की किरणों से वाहन ज्यादा गर्म न हों।
- आग बुझाने वाले यंत्रों का नागरिकों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन करें।

# रोडरेज में नाबालिगों ने युवक को चाकू से गोदा

**सनसनीखेज**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** आदर्श नगर इलाके में शुक्रवार देर रात रोडरेज के दौरान नाबालिगों ने युवक को चाकू गोदकर मार डाला। पुलिस ने वारदात में शामिल तीनों नाबालिगों को शनिवार दोपहर तक दबोच लिया। तीनों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार 29 वर्षीय विकास मंडान परिवार सहित महेंद्र एन्क्लेव इलाके में रहते थे। विकास बोतल में पेयजल भरकर दुकानों और घरों में आपूर्ति करते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह शुक्रवार देर रात लाल बाग इलाके में ठेले पर पानी लेकर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क के किनारे खड़े एक नाबालिग से वह टकरा गया। इसी बात पर नाबालिगों ने अपशब्द कहना शुरू किया तो विकास ने विरोध किया। बताया जाता है कि नाबालिगों ने चाकू से युवक पर एक दर्जन से अधिक वार किया और फरार हो गये। इसी दौरान कांस्टेबल वरुण गश्त करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को देखकर पीसीआर काल की। फिर युवक को बीजेआरएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने डीडी इंट्री के आधार पर हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर संजीव कुमार की टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की। टीम ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच शुरू की तो तीन नाबालिग वारदात के बाद भागते हुए नजर आए। पुलिस ने तीनों को लाल बाग इलाके से दबोच लिया। इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू एवं खून से सने कपड़े आदि बरामद कर लिए गए। एक आरोपी 17 साल और बाकी 14 साल के हैं।

### कुत्ते को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला किया
**नई दिल्ली।** अंबेडकर नगर में पालतू कुत्ते को घुमाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने के बाद एक युवक पर दो दोस्तों ने चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि घायल जॉनसन अपने परिवार के साथ दक्षिणपुरी में रहते हैं। वह रोज रात को 20 ब्लॉक खिड़की पार्क में अपने कुत्ते को घुमाने ले जाते हैं। 11 मई को भी वह अपने कुत्ते को घुमा कर वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में उन्हें तुषार और ऋषभ ने रोक लिया और कुत्ते को वहां घुमाने के लिए मना करने लगा। इस पर विवाद होने लगा। तभी दोनों ने उस पर हमला कर दिया। वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

# चोरी करने के शक में पीट-पीटकर मार डाला

**शर्मनाक**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** उत्तम नगर इलाके में चोरी करने के शक में युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उसके जख्मों पर नमक लगाया और उसके ऊपर तेज रफ्तार बाइक चढ़ाकर कुचलने की कोशिश भी की।

सूचना पर पहुंची उत्तम नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। पुलिस ने हत्या की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने एक नाबालिग, महिला सहित तीन आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि उत्तम नगर निवासी करण इलाके का घोषित अपराधी था और उस पर गंभीर धारा में कई मामले दर्ज हैं। 18 मई की रात पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक की कुछ लोगों ने पीट पीटकर हत्या कर दी।

पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो पता चला कि वारदात को घोषित अपराधी रोहित और उसके साथियों ने अंजाम दिया है। पुलिस ने रोहित और उसके साथियों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू की। 19 मई को 30 वर्षीय रोहित, 27 वर्षीय मैनी देवी और एक नाबालिग को दबोच लिया। पुलिस फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

**छह माह से चल रहा था आरोपियों के बीच झगड़ा :** आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि करण और रोहित के बीच दिसंबर 2023 से झगड़ा चल रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रोहित के घर दिसंबर में चोरी की वारदात हुई थी। रोहित को शक था कि वारदात को करण ने अंजाम दिया है। दोनों के बीच इस बात को लेकर झगड़ा भी हुआ था। करण ने लिखित में माफी मांगी थी, लेकिन उसके बाद से करण ने रोहित के इलाके में आना जाना बंद कर दिया था।

### आरोपियों ने दरिंदगी की सारी हदें पार कीं
आरोपियों ने करण को तड़पाने के लिए दरिंदगी की सभी हदें पार कर दी। उन्होंने पीड़ित को पहले लाठी डंडे से पीटा। जब वह घायल होकर गिर गया तो उसके जख्मों पर नमक लगाया। पीड़ित चिल्लाता रहा, लेकिन आरोपी नहीं माने। इसके बाद घायल पड़े करण के ऊपर से तेज रफ्तार में कई बार बाइक गुजारी। सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने उसके निजी अंग को भी कुचल दिया।

# साइड न देने पर तीन दोस्तों ने कार सवार युवक को धुना

**नई दिल्ली, व. सं.।** दिल्ली-गुरुग्राम हाईवे पर साइड न देने पर तीन दोस्तों ने एक कार सवार युवक को जमकर पीटा। आरोपी पीड़ित को बेहोश हो जाने तक पीटते रहे। होश आने पर उसने राहगीरों की मदद से मामले की सूचना पुलिस को दी।

वसंत कुंज थाना पुलिस ने पीड़ित को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया और उसके बयान पर 15 मई को केस दर्ज किया था। पीड़ित संदीपन राय ने बताया कि वह डाबड़ी इलाके में रहते हैं। पीड़ित गूगल में नौकरी करते हैं। 13 मई की सुबह वह ऑफिस जाने के लिए गाड़ी से निकले थे। महिपालपुर इलाके में दिल्ली-गुरुग्राम हाईवे पर उनके पीछे एक तेज रफ्तार कार आ रही थी। लंबे समय से वह उनके पीछे थे। इसके बाद ओवरटेक कर गाड़ी के आगे लगा दी। आरोपियों ने जबरन गाड़ी से बाहर निकाल कर बीच सड़क पर पिटाई शुरू कर दी। सिर पर वार करने से वह बेहोश हो गए। आरोपी सोने की चेन तोड़कर फरार हो गए।

## आठ साल से फरार सगे भाई गिरफ्तार
**नई दिल्ली, व.सं.।** क्राइम ब्रांच ने भलस्वा डेरी इलाके में युवक की हत्या कर आठ साल से फरार दो सगे भाइयों को जयपुर से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को रोहिणी कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया था।

डीसीपी राकेश परवरिया ने बताया कि वर्ष 2016 दिसंबर में महिला के सामने बेटे की चाकू से वार कर नृशंस हत्या हुई थी। वारदात को दो सगे भाई विक्रम एवं शिवा ने दोस्तों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। दोनों भाई वारदात के बाद फरार चल रहे थे। पुलिस इनकी तलाश कर रही थी।

# 'द कॉमेडी ऑफ एरर्स' देख दर्शकों ने ठहाके लगाए

**रंगमंच**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** अंग्रेजी के महान साहित्यकार शेक्सपीयर की सबसे छोटी और हास्य से परिपूर्ण कृति द कॉमेडी ऑफ एरर्स पर आधारित नाटक टू बाई टू का मंचन मंडी हाउस स्थित श्रीराम सेंटर सभागार में देख दर्शकों ने जमकर ठहाके लगाए। इस नाटक में गलत पहचान की घटनाएं ही हास्य का आधार है।

शेक्सपीयर के इस अंग्रेजी नाटक का हिंदी रुपांतरण प्रसिद्ध गीतकार, लेखक व फिल्म निर्माता निर्देशक गुलजार ने किया है, जबकि इसका निर्देशन सलीम आरिफ ने किया है। इस नाटक के आधार पर कई हिंदी फिल्में भी बनी हैं।

श्रीराम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स रिपर्टरी के कलाकारों द्वारा मंचित इस नाटक को खूब सराहा गया। यह नाटक जुड़वा भाइयों और उनके जुड़वा सेवादार की कहानी है। परिस्थितिवश बिछड़ने पर एक जोड़ा एक परिवार और दूसरा जोड़ा दूसरा परिवार पालता है। दिलचस्प मोड़ तब आता है, जब चारों एक ही शहर में आ जाते हैं। एक-दूसरे से अनभिज्ञ दोनों जोड़े किन रोचक परिस्थितियों का सामना करते हैं, कहानी इसी पर केंद्रित है।



नई दिल्ली के श्रीराम सेंटर सभागार में रविवार को शेक्सपीयर की कृति द कॉमेडी ऑफ एरर्स के हिंदी रुपांतरण का मंचन करते कलाकार। • हिन्दुस्तान

## हत्या में नाबालिग समेत चार पकड़े
**नई दिल्ली, का. सं.।** सीलमपुर इलाके में 20 वर्षीय इकबाल की हत्या में पुलिस ने रविवार को दो नाबालिगों समेत कुल चार लोगों को पकड़ा है।

आरोपियों ने कुछ दिनों पहले हुए झगड़े का बदला लेने के लिए शुक्रवार रात को इकबाल की चाकू से गोदकर हत्या की थी। इकबाल करीब दो माह पूर्व बिहार से दिल्ली आया था। आरोपी उसे बाहरी कहकर तंग करते थे। इसी के चलते उनका झगड़ा हुआ था। आरोपियों की पहचान न्यू सीलमपुर के गौतमपुरी निवासी मोहम्मद आदिल अंसारी, फैजल के रूप में हुई।

**स्वास्थ्य** | दिल्ली एम्स में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में 100 से अधिक कैंसर सर्वाइवर बच्चों ने हिस्सा लेकर अपने अनुभव साझा किए

# समय पर इलाज बच्चों में आंखों का कैंसर रोक देगा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** पांच साल से कम उम्र के बच्चों में होने वाले आंखों के कैंसर में सबसे अधिक मामले रेटिनोब्लास्टोमा के होते हैं। इससे पीड़ित 95 फीसदी बच्चे समय पर इलाज मिलने से ठीक हो जाते हैं।

यह जानकारी एम्स में रविवार को आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में दी गई। एम्स के आरपी सेंटर की प्रोफेसर और नेत्र कैंसर विशेषज्ञ डॉ. भावना चावला ने बताया कि देश में हर साल दो हजार बच्चे आंखों के कैंसर का शिकार हो रहे हैं। धुंधला दिखना, आंखों की पुतली पर सफेदी आना, तिरछापन या रोशनी कम होना, आंखें लाल होना, सूजन, दर्द आदि लक्षण दिखने पर परिजनों को तत्काल अलर्ट हो जाना चाहिए। शुरुआती दौर में ही बीमारी की पहचान कर ली जाए तो आंखों की रोशनी बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में कैंसर सर्वाइवर 100 से अधिक बच्चों ने अभिभावकों के साथ हिस्सा लिया और अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान नृत्य, गायन और पेंटिंग, चित्रकला का भी आयोजन हुआ।

**18 साल पहले हुआ था अब बेहतर जिंदगी जी रहे :** दिल्ली के लक्ष्मी नगर से आए अतुल को 18 साल पहले आंखों का कैंसर रेटिनोब्लास्टोमा हुआ था। उस समय वह सिर्फ दो साल के थे। इसका पता चलने पर परिजन उसे एम्स लेकर आए। इलाज के कुछ महीने बाद ही वे कैंसर मुक्त हो गए। अब अतुल की उम्र 22 साल है। अतुल ने बताया कि डॉक्टरों और अभिभावकों के सहयोग के चलते उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अब वे दूसरे कैंसर पीड़ितों को अपना अनुभव साझा कर हिम्मत बढ़ाते हैं।



**05** साल से कम उम्र में रेटिनोब्लास्टोमा के सबसे ज्यादा मामले

**02** हजार मासूम हर साल इस बीमारी से पीड़ित होते हैं देश में

### वॉकथॉन का आयोजन
पेट के कैंसर के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए रविवार को राजधानी के लोदी गार्डन में तीन किलोमीटर के वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि पेट के कैंसर में 100 मरीजों में से केवल 20 ही ठीक हो पाते हैं। इसके लक्षणों में अस्पष्टीकृत वजन घटना, काला मल या खून की उल्टी होना, खाने के बाद पेट फूलना या गैस जैसा महसूस होना, थोड़ा भोजन या नाश्ता करने के बाद ही पेट भरा हुआ महसूस होना आदि हैं। आयोजन एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट की ओर से कराया गया। इसमें दिल्ली अवेयरनेस वॉक के एंबेसडर इमरोज खान और डॉ. मुकेश कुमार मौजूद रहे।

## जारवाल की सजा पर बहस जुलाई में
**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** संगम विहार में रहने वाले एक डॉक्टर को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी प्रकाश जारवाल की सजा पर अदालत नौ जुलाई को बहस सुनेगी।

शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में तीनों आरोपियों की तरफ से आर्थिक स्थिति पर हलफनामा दाखिल किया गया। इस मामले में दो अन्य आरोपियों हरीश जारवाल और कपिल नागर ने पहले ही अपनी आर्थिक स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर दी थी। बचाव पक्ष के वकील रवि दराल ने बताया कि अदालत ने डीएसएलएसए को पीड़ित प्रभाव रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश अदालत द्वारा दिए गए हैं। इस मामले में सजा के आदेश के बाद हाई कोर्ट में अपील की जाएगी। 26 फरवरी को जारवाल को दोषी करार दिया था।

# सुकेश की अर्जी पर दिल्ली सरकार को नोटिस जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की उस याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है, जिसमें अधिकारियों को उसे मंडोली जेल से पंजाब और दिल्ली की जेलों को छोड़कर किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की खंडपीठ ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, रिट याचिका में लगाए गए आरोपों के मद्देनजर प्रतिवादी को नोटिस जारी किया जाए, जिस पर 19 जुलाई, 2024 को जवाब दिया जाए। चंद्रशेखर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता परमजीत सिंह पटवालिया ने कहा कि शिकायतें वापस लेने का दबाव बनाने के लिए याचिकाकर्ता को दो कैमरों से निगरानी में रखा गया है। वकील ने कोर्ट से कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने चंद्रशेखर की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच की सिफारिश की है। पटवालिया ने कहा, कृपया मुझे पंजाब और दिल्ली को छोड़कर देश में कहीं भी भेज दीजिए, जहां आम आदमी पार्टी नहीं है। इसके बाद अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया। चंद्रशेखर ने धनशोधन मामले में जेल में बंद जैन पर प्रोटेक्शन मनी के नाम पर उससे 10 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप लगाया था। उसने आप को 50 करोड़ रुपये का चंदा देने का दावा किया था।

# केजरीवाल गिरफ्तारी देने के लिए आधे घंटे खड़े रहे

**जद्दोजहद**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने निजी सचिव विभव कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को अपने सभी शीर्ष नेताओं के साथ पैदल मार्च निकालकर भाजपा मुख्यालय गिरफ्तारी देने के लिए पहुंचे।

पहले से तय समय के अनुसार वह 12 बजे पार्टी मुख्यालय पहुंचे, वहां नेताओं को संबोधित किया, फिर पैदल मार्च के लिए आगे बढ़े। मगर पुलिस ने उन्हें थोड़ी दूर पर बैरीकेड लगाकर रोक लिया। इसके बाद अरविंद केजरीवाल अपने नेताओं के साथ करीब आधे घंटे तक वहीं खड़े रहे। इस दौरान उनके साथ सांसद संजय सिंह, संदीप पाठक, राघव चड्ढा, कैबिनेट मंत्री आतिशी, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय के अलावा दिल्ली के आप विधायक मौजूद थे।

आप नेताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अपनी चुनौती के मुताबिक रविवार को दोपहर 12 बजे सभी नेताओं के साथ गिरफ्तारी देने पहुंचे, लेकिन उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस नहीं आई।

**चुनाव के बाद सीज होंगे आप के बैंक खाते :** पैदल मार्च के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आने वाले समय में आम आदमी पार्टी के बैंक अकाउंट्स को सीज किया जाएगा। ईडी के वकील भी बैंक खाते सीज करने की बात कह चुके हैं, लेकिन अभी सीज नहीं करेंगे, क्योंकि इन्हें लगता है कि अभी कार्रवाई की तो जनता से सहानुभूति मिलेगी। इसलिए ये चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी के बैंक अकाउंट सीज करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इन हथकंडों से डरने वाले नहीं हैं। हमने जनता के लिए काम किया है आगे भी लोगों की भलाई के लिए काम जारी रहेगा।


नई दिल्ली में रविवार को भाजपा मुख्यालय जाने से पहले आप दफ्तर पर मौजूद आप सांसद राघव चड्ढा, संजय सिंह और सीएम अरविंद केजरीवाल। • विपिन कुमार

### बोले, शराब घोटाला फर्जी

अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले पर भी बोले। उन्होंने कहा कि जब से सत्ता में आएं हैं, इन्होंने हमारे ऊपर बहुत आरोप लगाए। इन्होंने कहा कि केजरीवाल भ्रष्टाचारी है, केजरीवाल ने बसों में घोटाला कर दिया, पानी में घोटाला कर दिया, बिजली में घोटाला कर दिया। आज तक एक भी आरोप साबित नहीं कर पाए हैं। अब ये कह रहे हैं कि कोई शराब घोटाला हो गया है। देश की जनता पूछ रही है कि शराब घोटाला हुआ है तो पैसा कहां है, वो पैसा कहां गया।

## सीएम शाम को वोट मांगने उतरे

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार दोपहर विभव कुमार की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन के बाद शाम को आप उम्मीदवार के लिए कई चुनावी सभाएं कर वोट भी मांगे।

केजरीवाल ने दक्षिणी दिल्ली के आप उम्मीदवार सहीराम के लिए बदरपुर, तुगलकाबाद, संगम विहार, कालकाजी, अंबडेकर नगर और छतरपुर में कुल छह नुक्कड़ सभाएं कर जनता से वोट मांगा। उन्होंने कहा कि आप मुझे प्यार करते हो, जेल जाने से रोकना चाहते हो तो 25 मई को आम आदमी पार्टी के लिए वोट करें। उन्होंने कहा कि ये चुनाव देश बचाने के लिए है।






रविवार को दो घंटे सीएम आवास में पुलिस टीम ने की तफ्तीश, आप ने कहा-गलत खबरें फैलाकर पार्टी की छवि बिगाड़ी जा रही

# फुटेज गायब, फोन का डाटा भी हटाया : पुलिस

**जांच**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** स्वाति मालीवाल मामले में जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है वैसे ही नई जानकारी सामने आने लगी है। पुलिस के मुताबिक मामले में गिरफ्तार किए गए मुख्यमंत्री के पीए विभव ने मुंबई में शुक्रवार को अपने आईफोन को फार्मेट कर डाटा डिलीट कर दिया था। साथ ही सीएम आवास पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी डीवीआर से गायब है। ऐसे में पुलिस अब इस मामले में साक्ष्य मिटाने की धारा जोड़ने की तैयारी में है। पुलिस ने रविवार को डीवीआर कब्जे में ले लिया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विभव आईफोन एवं उसमें मौजूद ऐप का पासवर्ड साझा नहीं कर रहे हैं। इसलिए फोन को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा। शुक्रवार को जांच टीम ने सीसीटीवी कैमरे का रखरखाव करने वाले जेई से संपर्क साधा था। तब जेई ने बताया था कि डीवीआर उनकी निगरानी में नहीं है, लेकिन उन्होंने पेन ड्राइव में 13 मई की फुटेज पुलिस को सौंपी। जांच में पाया गया कि घटना के समय की फुटेज डिलीट कर दी गई है।

**बर्खास्त होने के बाद भी सीएम हाउस में थे विभव :** पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब नौ साल तक विभव सीएम के पीए के तौर पर कार्यरत थे, लेकिन अप्रैल में इन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद भी वह लगातार सीएम हाउस जैसे संवेदनशील जगह पर जमे हुए थे। साथ ही रोज के काम में दखल दे रहे थे। पुलिस विभव के सीएम हाउस में रहने के मामले की भी जांच करेगी। गौरतलब है कि विभव को शुक्रवार को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा गया था। तीस हजारी कोर्ट में देररात तक इस मामले पर बहस हुई। पुलिस ने बताया था कि विभव सहयोग नहीं कर रहे हैं।


सीएम आवास से रविवार को डीवीआर ले गई दिल्ली पुलिस। • एजेंसी

### मुंबई जाने की तैयारी

जांच टीम विभव को मुंबई लेकर जाएगी। सूत्र ने बताया कि फोन फार्मेट करने से पहले लोग डाटा किसी लैपटाप या डेस्कटाप में सुरक्षित रखते हैं। पुलिस का मानना है कि विभव ने भी मुंबई के किसी दोस्त के कम्प्यूटर में डाटा सुरक्षित रखा होगा। इसकी जांच के लिए जल्द ही टीम मुंबई रवाना होगी। साथ ही पुलिस अधिकारी विभव के बयानों को मोबाइल की लोकेशन के आधार पर जांच कर रहे हैं। इसमें विरोधाभास होने पर आगे की पूछताछ की जाएगी।

### पुलिसकर्मियों ने विभव की सूचना दी थी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सीएम आवास पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को विभव के आने की सूचना देने को कहा गया था। जब विभव शुक्रवार-शनिवार की रात सीएम आवास पर पहुंचे तो इसकी सूचना सिविल लाइंस पुलिस को दी गई। जब पुलिस सीएम आवास पर शनिवार को पहुंची तो विभव खुद बाहर आ गए थे। इसके तुरंत बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

# सीसीटीवी से छेड़छाड़ की बात झूठ, बदनाम कर रहे : सौरभ भारद्वाज

**जुबानी जंग**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली पुलिस की ओर से मुख्यमंत्री आवास के सीसीटीवी फुटेज गायब होने के आरोपों को आम आदमी पार्टी ने खारिज किया है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बदनाम करने के लिए दिल्ली पुलिस के जरिए भाजपा झूठ फैला रही है।

उन्होंने कहा कि 13 मई की घटना से संबंधित सभी सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर दिल्ली पुलिस ले जा चुकी है। रविवार को मुख्यमंत्री आवास के भीतर की सीसीटीवी फुटेज भी ले गई है।

पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 13 मई को स्वाति मालीवाल और विभव कुमार के बीच हुए विवाद में भाजपा और पुलिस एक पार्टी बनी हुई है। यह इसलिए क्योंकि पुलिस शुरुआत से ही इस मामले में खबरें लीक कर रही है। 112 नंबर पर ढेर सारी कॉल आती है, लेकिन स्वाति मालीवाल के कॉल की जानकारी मीडिया में तुरंत साझा कर दी गई। डीडी एंट्री तक की फोटोकॉपी दिल्ली पुलिस द्वारा मीडिया के साथ साझा की गई कउन्होंने कहा कि मैं मीडिया के माध्यम से एलजी और दिल्ली पुलिस से पूछना चाहता हूं कि डीडी एंट्री की कॉपी कैसे लीक हुई। 354 में दर्ज एफआईआर की कॉपी किसने लीक की।

भारद्वाज ने कहा कि सबको पता था कि विभव मुख्यमंत्री के साथ लखनऊ गए थे, लेकिन पुलिस ने खबर चलवाई की वह फरार चल रहे हैं। जबकि उन्होंने खुद ई-मेल करके जांच में सहयोग की बात कही थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस इस प्रकार की झूठी खबरें केवल और केवल इसलिए फैला रही है, क्योंकि इसमें भाजपा का राजनीतिक स्वार्थ छिपा हुआ है। चुनाव के दौरान यह आम आदमी पार्टी को बदनाम करने की साजिश है।

### आवास के अंदर की फुटेज क्यों ले गई पुलिस

सौरभ भारद्वाज ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास के अंदर यानि जहां उनका परिवार रहता है, डाइनिंग एरिया है, लॉन एरिया है या बेड रूम के आस-पास लगाए गए सीसीटीवी फुटेज दिल्ली पुलिस लेकर गई है, जबकि उसका इस घटना से कोई लेना देना नहीं है।



# मालीवाल ने पोस्ट कर निशाना साधा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में सड़क पर उतरे आप नेताओं को लेकर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि कभी निर्भया के लिए इंसाफ की लड़ाई लड़ने वाले लोग अब एक आरोपी को बचाने के लिए सड़क पर उतरे हैं। काश इतना जोर वह मनीष सिसोदिया के लिए लगाए होते। वो आज यहां हमारे साथ होते, शायद मेरे साथ इतना बुरा नहीं होता।

स्वाति केस दर्ज कराने के बाद से सोशल मीडिया पर बिना नाम लिए लगातार आप नेताओं पर हमलावर हैं। आम आदमी पार्टी के विरोध प्रदर्शन को लेकर स्वाति मालीवाल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि किसी दौर में हम सब निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क पर निकलते थे। आज 12 साल बाद सड़क पर निकले हैं, ऐसे आरोपी को बचाने के लिए, जिसने सीसीटीवी फुटेज गायब किया है और फोन फार्मेट कर दिया है। उनका इशारा विभव पर था। उन्होंने कहा कि पार्टी में यह दिन देखकर दुख हो रहा है।

**शहर 30s**

### रास्ता बंद होने पर निगम को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आईआईआईटीडी) ने नगर निगम आयुक्त को एक रास्ता निर्माण कार्य की वजह से बंद होने के संबंध में पत्र लिखा है। इसमें बताया कि संस्थान के गेट नंबर-3 के सड़क मार्ग पर एक अन्य संस्थान की तरफ से निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस वजह से यह रास्ता बंद हो गया है। इस पर संज्ञान लेते हुए अवरोध को खत्म किया जाए। संस्थान में चार हजार से अधिक छात्र, स्टाफ, शिक्षक आते हैं। ऐसे में आग लगने व अन्य किसी भी आपातकालीन स्थिति में इस रास्ते के बंद होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### छात्रों को स्टेशनरी वितरित की गई

**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता परिषद संस्था ने रविवार को राजधानी के गोल मार्केट स्थित जैन भवन में छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्टेशनरी वितरित की। अध्यक्ष विपिन आनंद प्रकाश जैन और उपाध्यक्ष नवीन आनंज प्रकाश जैन ने बताया कि यह संस्था 1965 में स्थापित की गई थी। शुरुआत में नई और पुरानी किताब इकट्ठा कर जरूरतमंद बच्चों को देना शुरू किया था। अब स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ बालिका विद्यालयों में हर माह सेनेटरी पैड वितरण भी किया जाता है। कार्यक्रम में आचार्य लोकेश मुनि, सत्य नारायण जाटिया, मनीका जैन और संजय जैन सहित कई सामाजिक और राजनीतिक नेताओं ने भाग लिया।

### डेंगू के खिलाफ अभियान तेज

**नई दिल्ली।** मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर नगर निगम प्रशासन ने अभियान को तेज करने की रणनीति बनाई है। इसके तहत अगले एक माह के दौरान 600 से अधिक बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इसमें आरडब्ल्यूए, बाजार संघ, एनजीओ व अन्य विभागों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।






# भाजपा मुख्यालय के पास प्रदर्शन से भीषण जाम लगा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** आम आदमी पार्टी की ओर से रविवार को दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। इसके चलते आईटीओ के आसपास लगभग तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

पुलिस ने सुबह 11 बजे ही दीन दयाल उपाध्याय मार्ग बेरिकेड लगाकर बंद कर दिया था। इसके चलते आईटीओ समेत आसपास के क्षेत्र में वाहनों का दबाव बढ़ गया, जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने भाजपा मुख्यालय की तरफ जाने वाले रास्ते को बेरिकेड लगाकर वाहनों के लिए बंद कर दिया गया।

**यहां पर हुई दिक्कत :** दीनदयाल उपाध्याय मार्ग बंद होने के चलते नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाने वाले लोगों को कनॉट प्लेस होते हुए या दिल्ली गेट के रास्ते कमला मार्केट होकर जाना पड़ा। इसी तरह मिंटो रोड और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से आईटीओ जाने के लिए भी वाहन चालकों को तीन से चार किलोमीटर का अतिरिक्त सफर करना पड़ा। प्रदर्शन के चलते आईटीओ, मंडी हाउस, कनॉट प्लेस सर्कल, दिल्ली गेट, कमला मार्केट, दरियागंज आदि इलाकों में दोपहर लगभग दो बजे तक यातायात प्रभावित रहा। लोगों को वैकल्पिक मार्ग बताने के लिए ट्रैफिक पुलिस के जवान भी तैनात किए गए थे।

■ **पुलिस ने सुबह 11 बजे ही दीन दयाल उपाध्याय मार्ग बेरिकेड लगाकर बंद कर दिया था**

# सीएम ने चुप्पी क्यों साधी : भाजपा

**निशाना**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय पर रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री धरना-प्रदर्शन करें, हमें उससे कोई आपत्ति नहीं है। यह उनका लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन स्वाति मालीवाल के साथ उनके घर में जो कुछ हुआ है, उस पर उन्होंने कम से कम एक शब्द तो बोलना चाहिए।

सचेदवा ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार मीडिया के सामने बोल रहे हैं, लेकिन एक महिला के साथ उनके आवास पर मारपीट हुई, उसके सम्मान में कुछ नहीं बोल रहे हैं।

सचदेवा ने आरोप लगाया कि दिल्ली के सीएम अपने पीए विभव कुमार को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष जिस महिला ने आपके साथ मित्र के नाते काम किया। आम आदमी पार्टी को आगे बढ़ाने में साथ रही और आप उसे झांसी की रानी बताते रहे। उस बहन स्वाति मालीवाल के लिए एक शब्द भी आपकी तरफ से नहीं बोला गया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आपको जितना भाषण देना है या जितना प्रधानमंत्री के बारे में अपशब्द बोलना है, बोल लीजिए, लेकिन जिस निर्भया कांड में आप मशाल लेकर घूमते थे, आज उसकी अग्नि आपकी तरफ है। हमें बताए कि मालीवाल के साथ घटना हुई है, उसके जिम्मेदार आप हैं या नहीं। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता बोल रहीं थी कि इसमें भाजपा का हाथ है। मैं उनसे एक ही सवाल पूछना चाहता हूं कि मालीवाल कौन सी पार्टी की सांसद हैं। वह पार्टी के मुखिया के घर गईं और उनके साथ किस पार्टी के व्यक्ति ने मारपीट की।

सचदेवा ने कहा कि आप के सांसद संजय सिंह ने खुद प्रेस वार्ता करके घटना की पुष्टि की थी। आप सांसद ने कहा था कि विभव ने मालीवाल के साथ बदसुलूकी की है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इस मामले में कार्रवाई करने को कहा है। अब वे चुप क्यों हैं?

### 'एक वकील को राज्यसभा में लाने की मंशा'

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बिना नाम लिए आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की मंशा है कि किसी भी तरह से दिल्ली सरकार के केस लड़ रहे वकील को राज्यसभा में ले आएं। उसी मंशा के लिए यह सब हो रहा है। यह उनकी पार्टी का आंतरिक मामला है, वो किसे राज्यसभा में लेकर आएं, इससे हमें कोई मतलब नहीं है, लेकिन महिला के सम्मान में कम से कम एक शब्द तो बोलते।

## आरोप पत्र पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली, व.सं.।** कथित आबकारी घोटाला मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी के आरोप पत्र पर विशेष अदालत आज संज्ञान ले सकती है। अदालत ने शनिवार को 20 मई की तारीख तय की थी। इसके अलावा कोर्ट ने के. कविता के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र पर भी 20 मई को ही विचार के लिए सूचीबद्ध किया।

अदालत ने कविता की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 20 मई तक बढ़ा दी थी। वहीं, केजरीवाल और सिसोदिया की भी न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ाई गई थी। केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत मिल चुकी है जबकि सिसोदिया को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया जा सकता है।






**आफत** दूसरे स्थान पर आगरा और तीसरे पर मध्य प्रदेश का दतिया इलाका रहा, आने वाले कुछ दिनों में राजधानी को अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं

# दिल्ली की गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ा, नजफगढ़ देश में सबसे गर्म

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली का नजफगढ़ क्षेत्र रविवार को देश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। रविवार को यहां पर अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो कि देश भर में सबसे ज्यादा है। दिल्ली का मुंगेशपुर और उत्तर प्रदेश का आगरा ताज मौसम केंद्र दूसरे स्थान पर रहा।

दिल्ली के लोगों को झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर दिल्ली की हरियाणा से लगती हुई सीमा वाले इलाकों में सबसे ज्यादा गर्मी लोगों को झेलनी पड़ रही है। रविवार को नजफगढ़ का अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो कि आज के दिन देश का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान है। यह तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इसके बाद आगरा ताज मौसम केंद्र का नंबर है। यहां पर अधिकतम तापमान 47.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दिल्ली के मुंगेशपुर केन्द्र में भी अधिकतम तापमान 47.7 डिग्री सेल्सियस रहा। यानी दूसरे स्थान पर यह दोनों ही मौसम केंद्र मौजूद रहे हैं। जबकि, मध्य प्रदेश का दतिया इलाका तीसरे स्थान पर रहा है। यहां का अधिकतम तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

मौसम निगरानी संस्था स्काईमेट के विज्ञानी महेश पालावत बताते हैं कि दिल्ली में इन दिनों थार मरुस्थल की ओर से हवा आ रही है। यह हवा अपने साथ रेगिस्तान की गर्मी ला रही है। अगले दो-तीन दिनों के बीच भी स्थिति लगभग ऐसी ही रहने की संभावना है। इसलिए दिल्ली के लोगों को अभी झुलसाने वाली गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। वहीं, मौसम विभाग ने लोगों के लिए जारी रेड अलर्ट में गर्मी से बचने और शरीर में पानी कमी होने से बचने की सलाह दी है। डॉक्टर दिन भर में आठ से नौ ग्लास पानी पीने की सलाह दे रहे हैं।


नई दिल्ली में रविवार को हुमायूं के मकबरे पर पहुंचे पर्यटक भीषण गर्मी से परेशान नजर आए। • सलमान अली

### पिकनिक स्थानों पर घट गए पर्यटक

तेज झुलसाने वाली गर्मी का असर रविवार को राजधानी के पिकनिक स्पॉट पर भी दिखाई दिया। इंडिया गेट , कुतुब मीनार और विभिन्न मकबरों पर पर कम लोग ही पहुंचे। जो स्मारक पर्यटकों के दीदार की पहली पसंद होते हैं, उनके पत्थर सूरज की किरणों से तप रहे हैं। पर्यटक ज्यादातर सुबह और शाम को ही पहुंच रहे हैं। दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके की रहने वाली लता कुतुब मीनार आईं। उन्होंने कहा कि रविवार का दिन था इसलिए घूमने के लिए कुतुब मीनार आए हैं लेकिन तेज गर्मी की वजह से तुरंत लौटने का मन बना लिया।




# साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक ट्रायल नवंबर में शुरू होगा

नमो भारत ट्रेन

**गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने साहिबाबाद से दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन का ट्रायल कराने के लिए निर्माण कार्य तेज कर दिया है। एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि नवंबर में ट्रायल शुरू होगा।

दिसंबर या जनवरी में ट्रेन यात्रियों के लिए शुरू हो जाएगी। रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर खंड के एक लाइन (डाउन लाइन) का ट्रैक तैयार हो गया। दूसरी लाइन पर ट्रैक बिछाने की गति तेज कर दी गई है। इसके साथ ही साहिबाबाद, आनंद विहार और न्यू अशोक नगर स्टेशन से जुड़ जाएगा।

दिल्ली में आरआरटीएस कॉरिडोर की 14 किलोमीटर की लंबाई है। इसमें से नौ किलोमीटर का हिस्सा एलिवेटेड और पांच किलोमीटर का हिस्सा भूमिगत है। दोनों खंड लगभग तैयार हो गए। दिल्ली खंड में सराय काले खां, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार (भूमिगत) तीन स्टेशन हैं। मौजूदा समय में इनका कार्य अंतिम चरण में है। न्यू अशोक नगर स्टेशन से साहिबाबाद के बीच इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन और सिग्नलिंग के कार्यों के साथ ट्रैक बिछाने काम शुरू करा दिया है।



### यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा

यात्रियों की सुविधा के लिए सराय काले खां स्टेशन को आईएसबीटी, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन और दिल्ली मेट्रो पिंक लाइन जैसे परिवहन साधनों के साथ एकीकरण करने के लिए डिजाइन किया है। आरआरटीएस स्टेशन को हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से जोड़ने के लिए 280 मीटर लंबे एफओबी का निर्माण करवाया रहा है। न्यू अशोक नगर स्टेशन का अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के साथ इंटीग्रेशन हो रहा है। मेट्रो स्टेशन को 90 मीटर लंबे एफओबी से जोड़ा जाएगा। अन्य दो एफओबी का निर्माण भी किया जा रहा है। इसमें एक चिल्ला गांव और मयूर विहार एक्सटेंशन के आसपास के क्षेत्र को जोड़ेगा। दूसरे एफओबी से न्यू अशोक नगर में शिव मंदिर के पास के यात्रियों को सुविधा मिलेगी।




### संशोधित डीपीआर के लेआउट को लेकर इसी हफ्ते बैठक होगी

# वेव सिटी के खरीदारों को भूखंड पर कब्जा मिलेगा

अच्छी खबर

**गाजियाबाद, कार्यालय संवाददाता।** वेव सिटी के चार हजार खरीदारों को भूखंड की रजिस्ट्री कराकर कब्जा देने की तैयारी की जा रही है। इसकी संशोधित डीपीआर के लेआउट को लेकर इस हफ्ते प्राधिकरण में बैठक होगी, जिसके बाद आगे की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी।

उत्पल चड्ढा हाईटेक डेवलपर्स प्रा. लि. गाजियाबाद (वेव सिटी) परियोजना में 20 हजार से अधिक परिवार रहते हैं। कई निवेशक यहां निवेश भी कर रहे हैं। भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क के 401 करोड़ रुपये के एवज में इतनी कीमत की जमीन बैंक गारंटी के रूप में बंधक रखकर वेव सिटी की संशोधित डीपीआर 3786.79 एकड़ जमीन पर स्वीकृत की गई है। अब संशोधित डीपीआर के अनुसार लेआउट को मंजूरी देने की तैयारी है। इस संबंध में इस हफ्ते जीडीए सचिव ने बैठक भी बुलाई है, जिसमें लेआउट की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। प्राधिकरण से लेआउट को मंजूरी मिलने से खरीदारों को फायदा होगा। बता दें कि वेव सिटी के संशोधित ले-आउट के परीक्षण के लिए जीडीए ने एक कमेटी बनाई है। जीडीए सचिव की अध्यक्षता में बनी सात सदस्य कमेटी इस ले आउट का अध्ययन कर आगे की कार्रवाई करेगी। उम्मीद है कि तीन महीने में यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### जॉगिंग ट्रैक के साथ 50 से अधिक पार्क भी बनेंगे

संशोधित लेआउट के अनुसार वेव सिटी में सेंट्रल पार्क समेत 50 से अधिक पार्क होंगे। इसमें 6.5 एकड़ का सेंट्रल पार्क विकसित किया जा चुका है। साथ ही चार किलोमीटर लंबा जॉगिंग ट्रैक भी विकसित किया गया है। नहर के पास विकसित इन पार्क में हरियाली का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इनमें व्यायाम, पैदल सैर और विभिन्न खेलों के लिए स्थान चिह्नित किया जाएगा। इसके अलावा यहां स्मार्ट डस्टबिन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

### टाउनशिप में सभी सुविधाएं होंगी

लेआउट में इस टाउनशिप में आवासीय क्षेत्र के साथ ही हरियाली पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे प्रदूषण कम होगा और चिलचिलाती गर्मी में छाया भी मिलेगी। सौर ऊर्जा, वर्षाजल संचयन, स्मार्ट बिन, ग्रीन बिल्डिंग प्रैक्टिस, ऊर्जा कुशल उपकरण और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को अमल में लाया जाएगा। टाउनशिप में स्मार्ट होम्स निर्माण में सस्टेनेबल सामग्री इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि यहां रहने वाले लोगों को इसका फायदा मिले।

> वेव सिटी के संशोधित ले-आउट के परीक्षण करने के लिए कमेटी बनाई गई है। आगे की प्रक्रिया पूरी करने के लिए इस हफ्ते बैठक बुलाई गई है। –**राजेश कुमार सिंह**, सचिव, जीडीए

## रवि के करीबियों की मुश्किलें बढ़ेंगी

**ग्रेटर नोएडा।** सामूहिक दुष्कर्म और गैंगस्टर एक्ट के आरोपी स्क्रैप माफिया रवि काना के साथ ही उसके करीबियों और मददगारों की मुश्किलें भी बढ़ने वाली हैं। स्क्रैप माफिया से पूछताछ के आधार पर पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार कर रही है।

रवि काना ने पूछताछ में कई ऐसी चीज बताई है, जिसकी पुलिस ने गोपनीय तरीके से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस अब इस रिपोर्ट को लखनऊ में बैठे अधिकारियों को भेजने की तैयारी में है। इसके बाद बड़ी कार्रवाई होने का अनुमान है।

## अस्पतालों में भर्ती तीन यात्रियों की हालत गंभीर

बस में आग

**नूंह, संवाददाता।** कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर धुलावट गांव के पास शुक्रवार की रात बस में आग लगने से झुलसे 24 श्रद्धालुओं में से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। दो घायलों का दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल और एक का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

गौरतलब है कि केएमपी पर धुलावट के पास यूपी के मथुरा-वृंदावन से आ रही एक टूरिस्ट बस में आग लग गई थी। बस में करीब 60 श्रद्धालु सवार थे। उनमें से नौ श्रद्धालुओं की जलकर मौत हो गई थी, जबकि 24 झुलसने से घायल हो गए थे। दूसरी ओर, मधुबन से आई फॉरेंसिक टीम जली बस से सैंपल आदि लेकर जांच में जुटी है। पुलिस भी तफ्तीश कर रही है।

## जाम लगने पर गिझौड़ चौराहा फिर बंद

ट्रैफिक अपडेट

- एलिवेटेड रोड की मरम्मत का काम चल रहा
- शॉप्रिक्स मॉल से सेक्टर-18 की ओर जा रहे वाहन

**नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** जाम लगने की वजह से सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे को एक बार फिर बंद कर दिया गया। अब वाहन सेक्टर-61 शॉप्रिक्स मॉल से सीधे सेक्टर-18 की ओर आ-जा रहा है।

एलिवेटेड रोड की मरम्मत का काम चल रहा है। दस दिन पहले तक सेक्टर-61 से 18 की तरफ एलिवेटेड रोड का हिस्सा बंद था। ऐसे में वाहन चालक एलिवेटेड रोड के नीचे से जा रहे थे। जाम से बचाने को यातायात पुलिस ने सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे को बीचों-बीच बंद कर दिया था। इसके अलावा सेक्टर-31-25 चौराहे पर भी सीधे सेक्टर-18 की तरफ जाने वाला रास्ता खोल दिया था। दस दिन पहले काम समाप्त होने पर एलिवेटेड रोड से ट्रैफिक निकलने लगा था। ऐसे में सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे और 31-25 चौराहे पर पहले जैसी व्यवस्था लागू कर दी गई। इन जगह लाल बत्ती का सिस्टम शुरू हो गया। इस वजह से नीचे की सड़कों पर जाम लग रहा था।

डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव का कहना है कि गिझौड़ चौराहे को फिर बीचों-बीच बंद कर दिया गया है। ऐसे में सेक्टर-54 पुलिस चौकी और सेक्टर-51 होशियारपुर की तरफ से आने वाले वाहनों को यू-टर्न लेकर आना-जाना होगा। एलिवेटेड रोड का काम पूरा होने पर इन जगह पहले जैसी व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।

## एनसीआर 30s

### नोएडा के अंडरपास में कैमरे लगेंगे

**नोएडा।** शहर के सभी 19 अंडरपास सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगे। कैमरे लग जाने पर अंडरपास में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो जाएगी। जाम लगने पर पुलिस को तुरंत पता चल जाएगा। जल्द जाम खुलने पर लोगों को राहत मिलेगी। अंडरपास में कैमरे लगवाने के लिए यातायात पुलिस ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखा है। उम्मीद है कि अगले महीने से इसकी प्रक्रिया पर काम शुरू हो जाएगा।

### गाजियाबाद में आठवीं तक के स्कूल 25 तक बंद

**गाजियाबाद।** लगातार बढ़ते तापमान और लू से बचाव के कारण जनपद के सभी आठवीं तक के स्कूल 25 मई तक बंद कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि हीट स्ट्रोक के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। छोटे बच्चों की छुट्टी दोपहर के समय होती है। इसको ध्यान में रखते हुए प्री-नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाएं 25 मई तक के लिए स्थगित रहेंगी।

### दिल्ली के दो युवक लूटपाट के आरोप में गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सेक्टर-58 स्थित औद्योगिक क्षेत्र में रात के समय लूटपाट करने के फिराक में घूम रहे दिल्ली के जहांगीरपुर निवासी शुभम और संजय को क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली से लूटपाट करने चोरी की पिकअप लेकर आते थे। साथ ही सड़क पर पत्थर रखकर वाहन चालकों के साथ वारदात को अंजाम देते थे।


दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर रविवार को डिवाइडर से टकराकर मिनी बस पलट गई। हादसे में बस में सवार 16 लोग घायल हो गए। • हिन्दुस्तान

### एक्सप्रेसवे पर मिनी बस पलटने से 16 घायल

**ट्रांस हिंडन।** गोद भराई के लिए गुरुग्राम से हापुड़ के गालंद जा रही मिनी बस दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। छिजारसी के पास छोटे मालवाहक वाहन के चालक ने ओवरटेक का प्रयास किया तो बस के चालक ने नियंत्रण खो दिया। हादसे में बस में सवार 16 लोग घायल हो गए। एक बुजुर्ग के अलावा बाकी सभी को नोएडा के अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### पुलिस को देख छत से कूदा अपराधी, जान गई

**सोहना।** चेक बाउंस के एक मामले में भगौड़ा घोषित जावेद कॉलोनी निवासी नजर मोहम्मद ने पुलिस से बचने के लिए दो मंजिला मकान की छत से छलांग लगा दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है।

### नहर में नहा रहे तीन युवक डूबे, दो को बचाया

**मुरादनगर।** गंगनहर में रविवार शाम नहाते समय तीन युवक डूब गए। दिल्ली के करवलनगर निवासी प्रशांत, अंकित को बचा लिया गया, लेकिन विजय पानी के तेज बहाव में बह गया। पीएसी के गोताखोर युवक की तलाश कर रहे हैं। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने पिछले दिनों गंगनहर में नहाने पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया था। रविवार को एक बार फिर नहर में नहाने की शुरुआत हो गई थी।

## अपना देश

# ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण शुरू

चारधाम यात्रा

**ऋषिकेश, संवाददाता।** चारधाम यात्रा के लिए ऋषिकेश और हरिद्वार में रविवार से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन एक बार फिर शुरू हो गए। रविवार को ऋषिकेश में तीन हजार जबकि हरिद्वार में 1775 श्रद्धालुओं का ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। मालूम हो कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर प्रशासन ने 13 मई को ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पर रोक लगा दी थी।

अपर आयुक्त गढ़वाल नरेंद्र सिंह क्वीरियाल ने बताया कि 14 मई के बाद पहुंचने वाले यात्रियों का सोमवार से दूसरे चरण में पंजीकरण कराया जाएगा। चारधाम यात्रा के लिए जून तक ऑनलाइन पंजीकरण पहले ही फुल हो चुके हैं। ऑफलाइन पंजीकरण भी 13 मई से बंद थे। ऐसे में ऋषिकेश में यात्री परेशान थे। प्रशासन ने ठहरे यात्रियों को चिह्नित कर उनकी सूची तैयार की। इसके बाद सिलसिलेवार पंजीकरण काउंटर पर उन्हें लाइन में लगाकर फार्म भरवाए गए।


रविवार को बदरीनाथ दर्शन के लिए अपनी बारी के इंतजार में खड़े देशभर से आए श्रद्धालु। • हिन्दुस्तान

### बदरीनाथ में दर्शन को तीन किलोमीटर लंबी लाइन

**बदरीनाथ।** बदरीनाथ में रविवार को दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की तीन किलोमीटर लंबी लाइन नजर आई। रविवार को सिंहद्वार से लेकर दर्शन पथ पर यात्रियों की कतार रही। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पहली बार तीन किमी लंबी लाइन यात्रियों की देखने को मिली। बारिश में भी श्रद्धालु बरसाती ओढ़े दर्शन के लिए कतार में खड़े दिखे।

### केदारनाथ धाम पहुंच रहे सबसे ज्यादा श्रद्धालु

**देहरादून।** चारधाम यात्रा में केदारनाथ धाम की यात्रा पर ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। 10 मई से शुरू यात्रा में अब तक आए श्रद्धालुओं में करीब 50% केदारनाथ आए हैं। बाकी 50% फीसदी श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ धाम, गंगोत्री, यमुनोत्री मंदिर के दर्शन किए हैं। शनिवार देर शाम तक चारधाम में 5.55 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे।

### यमुनोत्री की यात्रा पर आए दो श्रद्धालुओं की मौत

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री मंदिर की यात्रा पर आए दो श्रद्धालुओं की शनिवार देर रात मौत हो गई। मरने वालों की पहचान गुजरात की 53 वर्षीय कमलेशभाई पटेल और दूसरी महाराष्ट्र की 54 वर्षीय रोहिणी किशन दल्वी के रूप में हुई है। गंगोत्री यमुनोत्री की यात्रा के दौरान अब तक 14 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।

## हेमकुंड गुरुद्वारे से 50 मीटर के दायरे में रील बनाने पर रोक

**जोशीमठ, संवाददाता।** सिखों के पवित्र तीर्थ हेमकुंड साहब में कपाट खुलने के बाद रोज साढ़े तीन हजार तीर्थयात्री ही दर्शन कर सकेंगे। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया है। हेमकुंड गुरुद्वारे से 50 मीटर तक वीडियो और ब्लॉग बनाने पर भी पाबंदी लगाई गई है।

हेमकुंड यात्रा का आगाज 22 मई को ऋषिकेश गुरुद्वारे से होगा। जहां पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) पंच प्यारों की अगुवाई में पहले जत्थे को हेमकुंड के लिए रवाना करेंगे। अटलाकोटी से हेमकुंड तक अब भी छह फीट तक बर्फ है। हालांकि सेना ने पूरे यात्रा मार्ग को आवाजाही के लिए सुचारु कर दिया है। गोविन्दघाट गुरुद्वारे के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया, हेमकुंड गुरुद्वारे की सजावट सोमवार से शुरू होगी। सेना-सेवादारों की टीम ने रविवार सुबह करीब 11 बजे हेमकुंड में निशान साहब का चोला बदला। प्रतिवर्ष यात्रा शुरू होने से पहले निशान साहब का चोला बदला जाता है।

## पंचायत में रेप की 50 हजार कीमत लगाई

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र की किशोरी के साथ रिश्तों को शर्मसार करने की वारदात सामने आई है। मामा ने नाबालिग भांजी को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसकी अस्मत को रौंद दिया। मामला खुला तो लोकलाज का हवाला देकर आरोपी पक्ष के लोगों ने पंचायत बुला ली।

यहां आरोपी मामा ने अस्मत की कीमत 50 हजार लगा दी। पीड़ित पक्ष ने समझौते से इनकार कर दिया और थाने में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि लिसाड़ीगेट थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित किशोरी की मां की मृत्यु हो चुकी है और पिता जेल में है। वह दादा के साथ रहती है।

# आयकर छापे में ₹54 करोड़ बरामद

कलंक के खिलाफ

- तीन जूता कारोबारियों के यहां 36 घंटे चली कार्रवाई
- सौ से अधिक अफसर दस्तावेज खंगालने में जुटे

**आगरा, वरिष्ठ संवाददाता।** आयकर विभाग के सौ से अधिक अधिकारियों की टीमों के छापे में तीन जूता कारोबारियों के यहां से करीब 54 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई है। शनिवार दोपहर से रविवार रात करीब 12 बजे तक 14 ठिकानों पर जारी छापामार कार्रवाई में मिली नोटों की गड्डियों को गिनने में टीमों को 36 घंटे से अधिक लगे।

नोटों की गिनती पूरी करने के बाद आयकर टीमें जूता कारोबारियों के यहां दस्तावेज खंगालने में जुटी थीं। आयकर विभाग की इंवेस्टीगेशन शाखा के जूता कारोबारियों के यहां छापे में हरमिलाप ट्रेडर्स के यहां सबसे ज्यादा नकदी मिली। उसके यहां से 52 करोड़ रुपये के 500-500 के नोट बरामद हुए। वहीं मंशु फुटवियर कंपनी के संचालकों के यहां दो करोड़ रुपये की नकदी प्राप्त हुई। इस तरह कुल 54 करोड़ रुपये की नगदी को गिना जा सका है। यह नकदी सोमवार को सरकारी अभिरक्षा में बैंक में जमा की जाएगी। विभागीय टीम में आगरा एवं दूसरे जनपदों के अधिकारी एवं निरीक्षक शामिल रहे।

नोटों की गिनती शुरुआत में काफी धीमी रही। उसके बाद स्टेट बैंक से अतिरिक्त मशीन व स्टाफ बुलाया गया। तब गिनती में तेजी आई। आयकर छापा रविवार को देर रात भी जारी रहा। टीमों का नेतृत्व संयुक्त निदेशक जांच डॉ. अमरजोत कर रहे हैं। बताया गया कि आय से अधिक संपत्तियों के अलावा बैनामी संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। टीमों को टैक्स में हेराफेरी के दस्तावेज भी हाथ लगे हैं, कई दस्तावेजों में ब्याज का हिसाब भी दर्ज मिला है।

## चोरी की आशंका में दो युवकों को खम्भे से बांधकर पीटा, एक मरा

- पुलिस ने दो आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, घायल युवक की हालत नाजुक

**अयोध्या संवाददाता।** चोरी की आशंका में गोसाईंगंज से दिनदहाड़े स्कार्पियो सवार दबंगों ने दो युवकों को अगवाकर घर ले जाकर खंभे से बांधकर जमकर पिटाई की जिसमें एक युवक रेहान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा बेहोश हो गया। उसके बाद दोनों को नहर किनारे फेंक दिया। घायल युवक की हालत नाजुक है, वह जिला अस्पताल में भर्ती है।

पुलिस ने घायल युवक के भाई की तहरीर पर दो नामजद सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपी होमगार्ड दिलीप यादव को गिरफ्तार कर लिया। महराजगंज थाना क्षेत्र के समंथा मजरे मड़ियवा निवासी अनुज यादव के यहां कुछ दिन पूर्व चोरी हुई थी। इसी गांव का निवासी दिलीप यादव गोसाईंगंज थाने में होमगार्ड है। वह कई दिनों से तेलियागढ़ निवासी रेहान के घर जाकर उसे धमकी देता था। घायल युवक आशुतोष सिंह ने बताया कि रविवार सुबह गोसाईंगंज के रेलवे क्रासिंग से स्कार्पियो सवार अनुज यादव व उसके चार साथी उसे अगवा कर मड़ियवा ले गए। जहां पहले से रेहान व एक अन्य को बांधकर कई लोग पीट रहे थे। पिटाई करने में होमगार्ड दिलीप यादव भी शामिल था। पिटाई से रेहान की मौत हो गई।

## जौनपुर में बैंककर्मी को जमकर पीटा, रातभर पेड़ से बांधे रखा

**जौनपुर।** मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के जमालपुर गांव में शनिवार रात एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए बैंककर्मी को ग्रामीणों ने जमकर पीटा और रातभर पेड़ से बांधकर रखा। रविवार की सुबह पुलिस को बुलाकर उसे सौंप दिया गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां उसका उपचार चल रहा है।

शनिवार रात बैंक कर्मचारी एक समूह से जुड़ी महिला के घर पहुंच गया। बताया जाता है कि महिला से उसका पहले से सम्बंध था। दोनों मिल रहे थे तभी परिवार के लोग देख लिए और पकड़कर पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद घर के सामने स्थित एक पेड़ में रस्सी के सहारे बांध दिया। रात में गांव के सैकड़ों लोग जुटे रहे। किसी ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। सुबह पहुंची पुलिस बैंक कर्मचारी को पकड़कर ले गई।


## गुमशुदा की तलाश


फारूख चिश्ती

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **फारूख चिश्ती, पुत्रः मारूफ चिश्ती, पताः के–122/11, सौरभ विहार, जैतपुर, दिल्ली जोकि दिनांक 13.04.2024 को सुबह 11:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 55 A, dated 06.05.2024,** पुलिस थाना, जैतपुर, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:

**नामः फारूख चिश्ती, उम्रः 20 वर्ष, कदः 5'6'', रंगः गेहुँआ, शरीरः सामान्य, चेहराः गोल, पहनावाः नीले रंग की चेक शर्ट और नीले रंग की जींस पैंट।**

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया पुलिस थाना जैतपुर, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना जैतपुर, दिल्ली
फोनः 011-26666410, 8750871645

DP/5935/SE/2024


**फैसला** | इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) ने यूपी के बच्चों डॉक्टरों के लिए तय किया प्रोटोकॉल

# बच्चों को वायरल बुखार में नहीं देंगे एंटीबायोटिक

**मुरादाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** अब वायरल बुखार से पीड़ित बच्चों को एंटीबायोटिक दवा देने में डॉक्टर्स हाथ खीचेंगे। बच्चों को बुखार में एंटीबायोटिक दवा देने की जरूरत नहीं होने से जुड़े पहलुओं के बारे में उनके अभिभावकों को भी सजग करेंगे। यह फैसला इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) की ओर से लिया गया है। इस संबंध में आईएपी ने बच्चों के बुखार के इलाज का नया प्रोटोकॉल तय करके सभी चिकित्सकों के लिए फीवर मॉड्यूल जारी किया है।

मुरादाबाद में रविवार को आयोजित हुई आईएपी की कांफ्रेंस में चिकित्सकों को इसकी बारीकियों से अपडेट किया गया। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की कांफ्रेंस में पहुंचे विशेषज्ञों ने बताया कि प्रदेश भर में चाइल्ड स्पेशलिस्ट अब इसी मॉड्यूल के आधार पर बुखार से पीड़ित बच्चों का इलाज करेंगे।



### वायरल बुखार एक हफ्ते में होता है दुरुस्त

- विशेष फीवर मॉड्यूल जारी, मुरादाबाद में आयोजित कांफ्रेंस में चिकित्सकों को बताई गई इसकी बारीकियां, बुखार के अलावा अन्य समस्याएं भी देखें
- विशेषज्ञ बोले, बच्चों में बुखार वायरल संक्रमण की वजह से होने पर सामान्य तौर पर ठीक होने में लगता है एक हफ्ता
- एंटीबायोटिक दवा देने पर भी बुखार ठीक होने में इतना ही समय लेता, जबकि यह नहीं देने से बढ़ती है बच्चों के शरीर की कुदरती रोग प्रतिरोधक क्षमता

अपोलो अस्पताल, नोएडा से पहुंचे डॉ. अरविंद गर्ग ने बताया कि वायरल संक्रमण से होने वाले बुखार में बच्चों को एंटीबायोटिक दवा देने की कतई जरूरत नहीं है। इस बुखार को ठीक होने में एक हफ्ते का समय लगता है। एंटीबायोटिक देने पर भी बुखार एक हफ्ते में ही ठीक होता है और दवा नहीं देने पर बच्चों के शरीर में वायरल संक्रमण से लड़ने की क्षमता विकसित होती है।






PARVEEN LATA SUD
17.08.1935 - 20.05.2021

It's 3 years, the world changes from year to year, our lives from day to day, but the love and memories of you shall never pass away. Missed by: **Rahul, Poonam, Jigisha, Ambar. 9312017891, 9555888696.**


Late Hem Chand Rai Jain (Advocate)
02.03.1892 - 20.05.1982

Your inspiration and guidance will remain our source of life forever. We fondly remember your caring and loving nature. **Remember by Jain family Lotus Espacia Boulevard Tower 38/1401, Sector-100, Noida, # 9810840100 & 9313625754, Email: ravi_jain56@rediffmail.com**



भाजपा ने दुमका से सीता सोरेन को मैदान में उतारा, झामुमो ने पहली बार सोरेन परिवार से बाहर के नलिन को प्रत्याशी बनाया

# शिबू सोरेन के शिष्य और बहू में सियासी संग्राम

वीआईपी सीट
दुमका

■ राजकुमार कुशवाहा

**दुमका।** झारखंड की उप राजधानी दुमका पर कब्जे को लेकर इस बार रोचक जंग संभव है। भाजपा के सामने दुमका सीट बरकरार रखने तो झामुमो के लिए अपने गढ़ को फिर से हासिल करने की चुनौती है। इस संसदीय सीट पर पहली बार भाजपा के टिकट पर झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन (गुरुजी) की बहू सीता सोरेन मैदान में उतरी हैं। वहीं झामुमो ने शिकारीपाड़ा के सात बार के विधायक और गुरुजी के शिष्य नलिन सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। झामुमो ने इस सीट पर पहली बार सोरेन परिवार से बाहर का प्रत्याशी बनाया है।

शिबू सोरेन की इस परंपरागत सीट को कुल तीन बार जीत दर्ज कर भाजपा ने संकेत दे दिया है कि दुमका अब केवल झामुमो का गढ़ नहीं रह गया है। दूसरी तरफ आठ बार दुमका का प्रतिनिधित्व कर शिबू सोरेन जता चुके हैं कि उप राजधानी पर झामुमो का मजबूत दखल है। इस बार झारखंड की उप राजधानी की बिसात कुछ अलग है। मोहरे नए हैं। उपराजधानी की लोकसभा सीट को लेकर एक राजनीतिक संयोग भी चर्चा में है। पहली बार शिबू परिवार का कोई सदस्य भाजपा के टिकट पर दुमका से मैदान में है। वहीं पहली बार शिबू सोरेन परिवार से बाहर के लेकिन भरोसेमंद नलिन सोरेन को झामुमो ने टिकट दिया है।

**शिबू सोरेन का गढ़ रहा :** शिबू सोरेन 1980 के चुनाव में यहां से निर्दलीय चुनाव लड़कर सासंद बने। फिर वह 1989 से लगातार तीन बार 1996 तक यहां से चुनाव जीतते रहे। इसके बाद झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन ने 2002 से लगातार 2014 तक जीत दर्ज की। 2014 में मोदी लहर में भी शिबू सोरेन जीते लेकिन 2019 में भाजपा के सुनील सोरेन से हार गए। अब भाजपा ने पिछली बार लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने वाले सुनील सोरेन का टिकट काट सीता सोरेन को टिकट दिया है।

**संथाल राजनीति की धुरी :** दुमका संसदीय सीट संथाल राजनीति की धुरी है। यही वजह है कि भाजपा ने शिबू सोरेन परिवार में सेंधमारी कर उनकी बड़ी बहू सीता सोरेन को टिकट दिया है। इसका उद्देश्य शिबू परिवार के प्रति समर्पित संथाल वोटरों में बंटवारा है।

### सीट पर मतदाता




कुल मतदाता 15,70,323

पुरुष मतदाता 7,89,603 | महिला मतदाता 7,80,716 | थर्ड जेंडर 07

1 जून को मतदान होगा

| वर्ष | प्रत्याशी | दल | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 2019 | सुनील सोरेन | भाजपा | 4,84,923 | 47.26% |
| | शिबू सोरेन | झामुमो | 4,37,333 | 42.63% |
| 2014 | शिबू सोरेन | झामुमो | 3,35,815 | 37.19% |
| | सुनील सोरेन | भाजपा | 2,96,785 | 32.86% |

**08** बार शिबू सोरेन इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके

**07** बार के विधायक नलिन सोरेन को झामुमो ने टिकट दिया

### कब कौन जीता

| वर्ष | निर्वाचित | दल |
|---|---|---|
| 1952 | लाल हेम्ब्रम और रामराज जजवाड़े | कांग्रेस |
| 1957 | देबी सोरेन और सुरेश चंद्र चौधरी | झारखंड पार्टी |
| 1962 | सत्य चरण बेसरा | कांग्रेस |
| 1967 | सत्य चरण बेसरा | कांग्रेस |
| 1971 | सत्य चरण बेसरा | कांग्रेस |
| 1977 | बटेश्वर हेम्ब्रम | बीएलडी |
| 1980 | शिबू सोरेन | निर्दलीय |
| 1984 | पृथ्वीचन्द्र किस्कू | कांग्रेस |
| 1989 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 1991 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 1996 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 1998 | बाबूलाल मरांडी | भाजपा |
| 1999 | बाबूलाल मरांडी | भाजपा |
| 2002 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 2004 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 2009 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 2014 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 2019 | सुनील सोरेन | भाजपा |

### पहले एक सीट से दो सांसद चुनने की परंपरा थी

पहले दुमका हजारीबाग-संताल परगना लोकसभा क्षेत्र में आता था। उस वक्त एक सीट से दो सांसद चुने जाते थे। अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित दुमका सीट से कांग्रेस के लाल हेम्ब्रम और सामान्य सीट से रामराज रजवाड़े सबसे पहले निर्वाचित हुए थे। 1957 में स्वतंत्र अस्तित्व में आने के बाद दुमका संसदीय क्षेत्र से झापा प्रत्याशी सुरेश चंद्र चौधरी और देबी सोरेन विजयी हुए।

### सीता सोरेन पर टिकी भाजपा की उम्मीद



सीता सोरेन झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के बड़े पुत्र स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद पति की सीट जामा से 2009 में चुनाव लड़ी थीं। 2009 से 2019 तक वह झामुमो के टिकट पर जीतती रही हैं। अब भाजपा के टिकट पर दुमका लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं।

### नलिन की होगी अग्निपरीक्षा



नलिन सोरेन दुमका लोकसभा के अधीन शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट से विधायक हैं। नलिन वर्ष 2000 से झारखंड विधान सभा के सदस्य हैं। वह शिकारीपाड़ा (एसटी सीट) से पांच बार चुने गए हैं। इस बार के आम चुनाव में उनकी अग्निपरीक्षा है। उन्हें शिबू सोरेन का करीबी भी माना जाता है।

Live हिन्दुस्तान.com चुनावी चतुर QUIZ
रोज खेलें, रोज जीतें!
हर दिन ₹3000 तक के Amazon वाउचर
MEGA PRIZE
अंत में एक iPhone15 जीतने का मौका
*नियम और शर्तें लागू
आज का पहला सवाल?
लोकसभा के मौजूदा स्पीकर कौन हैं।
A. हरिवंश सिंह
B. जगदीप धनखड़
पूरी Quiz के लिए QR कोड स्कैन करें

वे दिन | किस्सा : 1977 का

## कर्पूरी ठाकुर ने प्रदूषण के मुद्दे पर रात में की थी जनसभा

**गोरखपुर।** अब प्रदूषण पर न कोई पार्टी बात करती है न प्रत्याशी। जबकि पांच दशक पहले बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में चुनाव का मुद्दा प्रदूषण बन गया था। आपातकाल के बाद 1977 में चुनाव में प्रदूषण का मुद्दा इतना गरमाया था कि संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष कर्पूरी ठाकुर रात में जनसभा करने सड़क मार्ग से सरदारनगर पहुंच गए थे।

उस चुनाव में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और जनता पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी रहे फिरंगी प्रसाद बताते हैं कि सिर्फ एक दिन पहले सूचना मिलने के बावजूद सभा में भारी भीड़ उमड़ी थी। इसके बाद पूरा माहौल बदल गया था। फिरंगी प्रसाद बताते हैं कि 1977 के चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा आपातकाल का अत्याचार था, लेकिन बांसगांव क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर सरदारनगर चीनी मिल का प्रदूषण बड़ा मुद्दा था। लाखों किसान, ग्रामीण इससे प्रभावित थे। गांव-गांव इस मुद्दे को उठाया तो लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला।

पूर्व सांसद बताते हैं कि चुनाव प्रचार के दौरान अचानक एक दिन सूचना मिली की कर्पूरी ठाकुर बिहार से सड़क मार्ग से सोनबरसा पहुंच रहे हैं। कर्पूरी ठाकुर पार्टी के अध्यक्ष थे। जनसभा के 30 घंटे पहले मिली सूचना से पूर्व उनसे न तो मेरी कभी बात हुई थी और न मुलाकात। मिलते ही उन्होंने प्रदूषण के मुद्दे पर जानकारी ली। जनसभा में इमरजेंसी के साथ लोगों से चीनी मिल के प्रदूषण को लेकर वोट की अपील की। उन्होंने कहा था कि उद्योग रोजगार के लिए जरूरी है, लेकिन लोगों की जिंदगी की कीमत पर नहीं। उनकी अपील का असर हुआ। कर्पूरी ठाकुर की सहजता और मुद्दे पर उनकी ललकार से ऐसा माहौल बना कि 75% वोट हासिल कर बड़ी जीत दर्ज की।

# यूपी में चुनाव लड़ने वालों की तादाद घटती जा रही

■ संतोष वाल्मीकि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने वालों की तादाद पिछले चुनावों के मुकाबले कम हो गयी है। देश भर में सबसे अधिक 80 लोकसभा सीटों वाले इस राज्य में इस बार कुल 851 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें से 774 पुरुष और 77 महिलाएं हैं।

इस बार सबसे अधिक 26 उम्मीदवार सिर्फ प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर हैं जहां हर मतदान केन्द्र के हर पोलिंग बूथ पर दो-दो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनें लगेंगी। बताते चलें कि एक ईवीएम में अधिकतम 15 प्रत्याशी और एक नोटा का बटन होता है।

इससे पहले के तीन लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या पर गौर करें तो 2019 के चुनाव में प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर कुल 979 उम्मीदवार चुनाव लड़े थे जिनमें से 870 पुरुष, 106 महिला और तीन थर्ड जेण्डर प्रत्याशी थे। 2014 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो प्रदेश की 80 सीटों पर कुल 1288 उम्मीदवार चुनाव लड़े थे जिनमें 1159 पुरुष और 126 महिला उम्मीदवार थीं। तीन थर्ड जेण्डर भी लड़े थे।

2009 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की इन 80 सीटों पर कुल 1368 उम्मीदवार चुनाव लड़े थे जिनमें से 1268 पुरुष और 100 महिला उम्मीदवार थीं।

### चार चुनाव की स्थिति

| वर्ष | उम्मीदवार |
|---|---|
| 2024 | 851 |
| 2019 | 979 |
| 2014 | 1288 |
| 2009 | 1368 |

# गोरखपुर के रण में दूसरी बड़ी जीत की तलाश

मैदान के महारथी
रवि किशन शुक्ला

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गोरक्षपीठ की प्रतिष्ठित सीट गोरखपुर से फिल्म अभिनेता रवीन्द्र श्याम नारायण उर्फ रवि किशन शुक्ला एक बार फिर भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं। उनका मुख्य मुकाबला सपा की काजल निषाद से है। पिछले चुनाव में रवि किशन ने सपा के राम भुआल निषाद को बड़े अंतर से हराया था।

रवि किशन चुनाव प्रचार के लिए दो महीने के अंदर 450 से अधिक नुक्कड़ सभाएं कर चुके हैं। महिलाओं से लेकर युवाओं तक अपने खास अंदाज के लिए लोकप्रिय रवि किशन अपनी सभाओं में हर-हर महादेव का जयघोष कराना नहीं भूलते। वह अक्सर भीड़ के बीच बड़े धैर्य से हर किसी की सेल्फी का हिस्सा बनते नजर आते हैं। संबोधन भोजपुरी और खड़ी बोली दोनों में होता है। बीच-बीच में कई बार वह भक्ति गीत भी गाने लगते हैं। रविकिशन हर मंच पर कहते हैं कि ई मंदिर कऽ सीट ह। हम खड़ाऊं रखि के सेवा करतऽ हईं।

**प्रदर्शन दोहराने की चुनौती :** लग्जरी कारों के शौकीन रवि किशन के सामने पिछले बार के प्रदर्शन को दोहराने की चुनौती है। उनके सामने मैदान में उतरीं सपा की काजल निषाद भी भोजपुरी के साथ हिन्दी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र को गोरक्षपीठ का गढ़ माना जाता है। 2019 के चुनाव में पहली बार गोरखपुर सीट से मैदान में उतरे रवि किशन ने सपा के राम भुआल निषाद को 3,01,664 वोटों से हराया था।

रवि किशन ने सियासी पारी की शुरुआत कांग्रेस के साथ की थी। हालांकि 2014 में कांग्रेस के टिकट पर उन्हें जौनपुर सीट से हार का मुंह देखना पड़ा। 2017 के विधानसभा चुनाव के पहले उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया था।

**योगी भी कर चुके आह्वान :** रवि किशन के पर्चा दाखिल करने के बाद 10 मई को हुई सभा में मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी यह बताने के लिए काफी है कि इस सीट की उनके लिए क्या अहमियत है। पांच बार इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके योगी खुद इस बार जीत का अंतर बढ़ाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से कर चुके हैं।



**सोशल मीडिया फॉलोवर्स**
एक्स 5.67 लाख | फेसबुक 6.27 लाख

**परिचय**
जन्म स्थान : मुंबई
आयु : 54 वर्ष
शिक्षा : इंटरमीडिएट
पत्नी : प्रीति शुक्ला

### अभिनय में भी सक्रिय

सिनेमा से सियासत में आए रविकिशन ने सांसद बनने के बाद भी अभिनय जारी रखा है। संसद में सवाल उठाने से लेकर फिल्मों की शूटिंग तक उनकी सक्रियता दिखती है। लोकसभा सचिवालय ने पिछले साल 'टॉप टेन' सक्रिय सांसदों की सूची जारी की थी, जिसमें रवि किशन का भी नाम था। रवि किशन ने संसद की कार्यवाही के दौरान 81 प्रमुख विषयों पर बहस में सहभागिता के साथ जनहित से जुड़े 482 सवाल भी पूछे।

सियासत 30 s

### बीजद विधायक ने भाजपा का दामन थामा

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल के निमापारा से विधायक समीर रंजन दाश रविवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल, पार्टी के ओडिशा प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर और अन्य नेताओं ने पार्टी मुख्यालय में दाश का स्वागत किया। दाश ने सुबह क्षेत्रीय दल से इस्तीफा दे दिया था।

### सीपीआई-एम ने चुनाव आयोग से शिकायत की

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी ने रविवार को चुनाव आयोग को पत्र लिखकर भाजपा नेताओं पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा है कि भाजपा के ज्यादातर नेता मुस्लिम विरोधी हैं और लोगों को भड़का रहे हैं। येचुरी ने एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग को अपनी शिकायत की प्रति साझा की है।

www.livehindustan.com
चुनावी खबरें
चुनाव से जुड़ी खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

आज का फोटो | इन्होंने कर्तव्य निभाया, अब आपकी बारी



लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। इस चरण में 695 उम्मीदवार मैदान में हैं जिसमें 613 पुरुष और 82 महिला उम्मीदवार हैं। चुनाव आयोग ने मतदान संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी तैयारियां कर ली हैं। रविवार को हावड़ा जिले के बेलूर में एक वितरण केंद्र में भीषण गर्मी के बीच एक श्रमिक चुनाव सामग्री लेकर बूथ की ओर ले जाता नजर आया। • प्रेट्र

आयाराम-गयाराम

### भाजपा सांसद हेम्ब्रम टीएमसी में शामिल

**कोलकाता, एजेंसी।** झारग्राम से भाजपा सांसद कुंअर हेम्ब्रम रविवार को एक चुनावी रैली में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए।

पश्चिम बंगाल के झारग्राम में टीएमसी में शामिल होने के बाद हेम्ब्रम ने कहा कि वह टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में राज्य के विकास के लिए काम करेंगे। टीएमसी प्रवक्ता ने कहा, जिस दिन नरेंद्र मोदी बंगाल में सभा कर रहे हैं, उस दिन भाजपा सांसद हेम्ब्रम टीएमसी में शामिल हुए। भाजपा के राज्य प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने हेम्ब्रम के पार्टी छोड़ने पर कहा कि उनके जाने से पार्टी पर असर नहीं पड़ेगा। हम उन लोगों का स्वागत करते हैं, जो टिकट नहीं, जनता के लिए काम करते हैं।

# आठ राज्यों में भाजपा का विजय रथ रोकने पर जोर

विश्लेषण

■ मदन जैड़ा

**नई दिल्ली।** इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए वह आठ राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश बेहद महत्वपूर्ण हैं जहां पिछले चुनाव में उसने शत-प्रतिशत सीटें जीतने में सफलता हासिल की थी। वहीं, विपक्ष ने गठबंधन के जरिये इन राज्यों में अपनी स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की है ताकि भाजपा को फिर से सभी 80 सीटें जीतने से रोका जा सके।

इनमें से कई राज्यों में चुनाव संपन्न हो चुके हैं और मतदाताओं ने अपना फैसला दे दिया है जबकि कुछ राज्यों में चुनाव अभियान चरम पर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा और चंडीगढ़ की कुल 80 सीटें अपने नाम की थीं और विपक्ष लाख कोशिशों के बावजूद एक भी सीट नहीं जीत पाया था। इतना ही नहीं, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल जैसे राज्य तो ऐसे हैं जहां वर्ष 2014 में भी भाजपा ने ये सभी लोकसभा सीटें जीत ली थीं। वास्तव में वह वर्ष 2024 में सभी सीटें जीतने की हैट्रिक बनाने की तैयारी में हैं।

गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड जैसे राज्यों में सीधे मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के बीच होता है। दिल्ली में इस बार कांग्रेस और आप गठबंधन में लड़ रहे हैं। हरियाणा की एक और चंडीगढ सीट पर भी कांग्रेस-आप गठबंधन कार्य कर रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि विपक्ष ने भाजपा को पिछला प्रदर्शन दोहराने से रोकने के लिए पूरी ताकत लगाई है।

**लक्ष्य पर पड़ सकता असर :** राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यदि भाजपा तीसरी बार भी इन राज्यों में अपने प्रदर्शन को दोहराने में कामयाब रही तो विपक्ष के लिए मुश्किल होगी। यदि विपक्ष इसमें सेंध लगाने में सफल रहता है तो इससे भाजपा के 370 सीटें जीतने के लक्ष्य पर असर पड़ना तय है। जानकार मानते हैं कि बार-बार बेहतरीन प्रदर्शन दोहरा पाना किसी भी राजनीतिक दल के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसलिए आशंका है कि इनमें से कई राज्यों में हैट्रिक लगाने में शायद ही भाजपा कामयाब हो पाए।

**80** सीट हैं इन राज्यों में जहां भाजपा ने सारी सीट जीती थी

**370** सीट जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा चुनाव में अपने दम पर

### 2019 में भाजपा ने इन राज्यों में जीतीं सभी सीटें

| राज्य | सीटें |
|---|---|
| गुजरात | 26 |
| राजस्थान | 25 |
| हरियाणा | 10 |
| दिल्ली | 07 |
| उत्तराखंड | 05 |
| हिमाचल प्रदेश | 04 |
| त्रिपुरा | 02 |
| चंडीगढ़ | 01 |

### कई राज्यों में सीधा मुकाबला

जानकारों की माने तो राजस्थान में तीन से चार सीटों पर भाजपा को विपक्ष से चुनौती मिल रही है। हरियाणा में करीब-करीब सभी सीटों पर आमने-सामने की टक्कर होगी। दिल्ली में भी कुछ सीटों पर रोचक मुकाबला होने के आसार हैं। हिमाचल प्रदेश में अभी चुनाव नहीं हुआ तथा कांग्रेस को मंडी सीट को लेकर बहुत आशाएं हैं। माना जा रहा है कि गुजरात में सभी सीटें जीतने की हैट्रिक भाजपा लगा सकती है। कुछ ऐसे ही कयास उत्तराखंड को लेकर हैं। चंडीगढ़ सीट पर कांग्रेस और आप मिलकर लड़ रहे हैं, इसलिए यहां भाजपा के लिए चुनौती हो सकती है।

विश्लेषण | राष्ट्रीय दलों ने भी बड़ी संख्या में करोड़पति और आपराधिक छवि वाले नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा, एडीआर ने छठे चरण तक के उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा कराए गए हलफनामों का विश्लेषण किया

# चुनाव में करोड़पति और बाहुबली उम्मीदवारों को जीत की गारंटी मान रहे क्षेत्रीय दल

■ प्रभात कुमार

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में हो रहे चुनाव में धन और बाहुबल का इस कदर प्रभाव है कि राजनीतिक दल, खासकर क्षेत्रीय दल करोड़पति और आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों को जीत की गारंटी मान रहे हैं। इस आम चुनाव में राष्ट्रीय दलों की तुलना में क्षेत्रीय दलों ने अधिक करोड़पति और आपराधिक छवि वाले नेताओं टिकट देकर उनपर भरोसा जताया है। राष्ट्रीय दलों ने भी बड़ी संख्या में ऐसे नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। इसका खुलासा एडीआर द्वारा उम्मीदवारों को लेकर तैयार रिपोर्ट से हुआ है। एडीआर ने छठे चरण तक के उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा कराए गए हलफनामे का विश्लेषण किया है।

करोड़पति / आपराधिक छवि वाले (आंकड़े प्रतिशत में)

**पहला चरण**

| दल | | करोड़पति | आपराधिक छवि वाले |
|---|---|---|---|
| राजद | क्षेत्रीय दल | 100 | 100 |
| एआईडीएमके | क्षेत्रीय दल | 97 | 36 |
| डीएमके | क्षेत्रीय दल | 96 | 59 |
| टीएमसी | क्षेत्रीय दल | 80 | 40 |
| सपा | क्षेत्रीय दल | -- | 43 |
| भाजपा | राष्ट्रीय दल | 69 | 36 |
| कांग्रेस | राष्ट्रीय दल | 49 | 34 |
| बीएसपी | राष्ट्रीय दल | 21 | 13 |

**दूसरा चरण**

| दल | | करोड़पति | आपराधिक छवि वाले |
|---|---|---|---|
| टीएमसी | क्षेत्रीय दल | 100 | -- |
| सपा | क्षेत्रीय दल | 100 | 100 |
| जदयू | क्षेत्रीय दल | 100 | 40 |
| शिवसेना | क्षेत्रीय दल | 100 | 67 |
| शिवसेना (उद्धवगुट) | क्षेत्रीय दल | 100 | 50 |
| भाजपा | राष्ट्रीय दल | 93 | 45 |
| कांग्रेस | राष्ट्रीय दल | 91 | 51 |

**तीसरा चरण**

| दल | | करोड़पति | आपराधिक छवि वाले |
|---|---|---|---|
| राजद | क्षेत्रीय दल | 100 | 100 |
| सपा | क्षेत्रीय दल | 90 | 50 |
| जदयू | क्षेत्रीय दल | 100 | 33 |
| शिवसेना | क्षेत्रीय दल | 100 | -- |
| शिवसेना(यूबीटी) | क्षेत्रीय दल | 100 | 80 |
| एनसीपी(एसपी) | क्षेत्रीय दल | 100 | 67 |
| भाजपा | राष्ट्रीय दल | 94 | 27 |
| कांग्रेस | राष्ट्रीय दल | 88 | 38 |

**चौथा चरण**

| दल | | करोड़पति | आपराधिक छवि वाले |
|---|---|---|---|
| राजद | क्षेत्रीय दल | 100 | 50 |
| सपा | क्षेत्रीय दल | 58 | 37 |
| जदयू | क्षेत्रीय दल | 100 | -- |
| शिवसेना | क्षेत्रीय दल | 100 | 67 |
| शिवसेना(यूबीटी) | क्षेत्रीय दल | 100 | 50 |
| एनसीपी(एसपी) | क्षेत्रीय दल | 100 | -- |
| टीडीपी | क्षेत्रीय दल | 100 | 53 |
| बीजेडी | क्षेत्रीय दल | 100 | 50 |
| बीआरएस | क्षेत्रीय दल | 100 | 59 |
| वाईएसआरपी | क्षेत्रीय दल | 100 | 48 |
| टीएमसी | क्षेत्रीय दल | 88 | 38 |
| भाजपा | राष्ट्रीय दल | 92 | 57 |
| कांग्रेस | राष्ट्रीय दल | 93 | 57 |

**पांचवां चरण**

| दल | | करोड़पति | आपराधिक छवि वाले |
|---|---|---|---|
| राजद | क्षेत्रीय दल | 100 | 25 |
| सपा | क्षेत्रीय दल | 100 | 50 |
| जदयू | क्षेत्रीय दल | 100 | -- |
| शिवसेना | क्षेत्रीय दल | 100 | 50 |
| शिवसेना(यूबीटी) | क्षेत्रीय दल | 88 | 38 |
| एनसीपी(एसपी) | क्षेत्रीय दल | 100 | -- |
| टीएमसी | क्षेत्रीय दल | 86 | 43 |
| बीजेडी | क्षेत्रीय दल | 80 | 20 |
| भाजपा | राष्ट्रीय दल | 90 | 48 |
| कांग्रेस | राष्ट्रीय दल | 83 | 44 |

**छठा चरण**

| दल | | करोड़पति | आपराधिक छवि वाले |
|---|---|---|---|
| राजद | क्षेत्रीय दल | 100 | 100 |
| सपा | क्षेत्रीय दल | 92 | 75 |
| जदयू | क्षेत्रीय दल | 100 | -- |
| आप | क्षेत्रीय दल | 80 | 100 |
| टीएमसी | क्षेत्रीय दल | 78 | 44 |
| बीजेडी | क्षेत्रीय दल | 100 | 33 |
| भाजपा | राष्ट्रीय दल | 94 | 55 |
| कांग्रेस | राष्ट्रीय दल | 80 | 32 |

**100** फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं अधिकांश क्षेत्रीय दलों के

**06** चरण तक के प्रत्याशियों के हलफनामों का विश्लेषण किया गया

### करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या में काफी बढ़ोतरी

अधिकांश क्षेत्रीय दलों के 100 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इन दलों के अधिकांश उम्मीदवार आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं। रिपोर्ट से साफ है कि लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के बाद न सिर्फ क्षेत्रीय बल्कि राष्ट्रीय दलों ने भी करोड़पति उम्मीदवार ज्यादा भरोसा जताया। चुनाव के चौथे से लेकर छठे चरण के लिए करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है।


अपनी Skin को दीजिये आयुर्वेदिक देखभाल

सिर्फ हल्दी, चंदन ही नहीं "रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम" में है एलोवेरा, द्राक्षा, तुलसी और मुलेठी जैसे अन्य 12 जड़ी-बूटियों का अद्वितीय संतुलित मिश्रण, जो आपके चेहरे की त्वचा को भीतर से निखारने एवं चमकदार बनाने में अति सहायक है।

Clinically Tested* *For efficacy and safety.

24x7 Helpline: 87259 66666 • www.roopmantra.com

New Dr. Juneja's Roop Mantra®
Ayurvedic Face Cream & Face Washes


प्रधानमंत्री का झामुमो और राजद पर भी हमला, कहा- निवेशकों से मांगी जा रही रंगदारी

# गरीब का पैसा नहीं लूटने देंगे: मोदी

**प्रहार**

**रांची/कोलकाता, कार्यालय संवाददाता/ एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल और झारखंड की चुनावी रैलियों में कांग्रेस समेत विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधा। झारखड़ के जमशेदपुर में उन्होंने कांग्रेस के साथ झामुमो और राजद पर भी हमला बोला। कहा कि अब गरीब का पैसा नहीं लूटने देंगे।

मोदी ने कहा, कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। उन्होंने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे नक्सलियों और माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं। नक्सलियों की तरह उद्योगपतियों और निवेशकों से रंगदारी मांग रहे हैं। इसका परिणाम यह है कि इंडिया गठबंधन या कांग्रेस शासित प्रदेशों में निवेशक नहीं आना चाहते। झारखंड भी उनमें से एक है। यहां के मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक ने गरीबों के पैसे लूटे हैं। मोदी सरकार अब ऐसा नहीं होने देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद गरीबों से नौकरी के बदले जमीन लेता है। झामुमो भी इन दोनों से भ्रष्टाचार के गुर सीख झारखंड को लूट रहा है। झामुमो आदिवासियों के विकास की जगह उनकी जमीन छीन रहा है।



जमशेदपुर में रविवार को आयोजित जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एएनआई

### जनता की जगह कह रहे मेरी मम्मी की सीट है

पीएम बोले, पिछले 50 सालों में गांधी परिवार रायबरेली में एक कार्यकर्ता तक खड़ा नहीं कर सका। अपने रिटायरमेंट के बाद सोनिया रायबरेली की जनता से कह रही हैं कि मैं अपना बेटा आपको सौंप रही हूं। शहजादे कह रहे हैं कि यह मेरी मम्मी की सीट है। लोकतंत्र में सीट मम्मी या बेटे की नहीं, जनता की होती है।

### भ्रष्टाचारियों की पूरी जिंदगी जेल में ही गुजरेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, बिष्णुपुर और मेदिनीपुर में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, यह मोदी की गारंटी है कि किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। चार जून को नई सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचारियों की जिंदगी जेल में गुजरेगी।

### महिलाओं का अब टीएमसी से विश्वास उठ गया

पीएम ने बिष्णुपुर की रैली में कहा कि मां, माटी और मानुष की रक्षा करने की बात कहकर सत्ता में आई टीएमसी, अब इन्हें निगल रही है। बंगाल की महिलाओं का टीएमसी पर से विश्वास उठ गया है। संदेशखाली में जो पाप हुआ है, उसने मजबूर किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले में युवा शिक्षकों का भविष्य बर्बाद हो गया।

# अग्निवीर स्कीम कूड़े में फेंकेंगे : राहुल

**वादा**

**प्रयागराज, वरिष्ठ संवाददाता।** करछना के मुंगारी में हुई सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संयुक्त जनसभा में दोनों नेताओं ने निशाने पर पीएम मोदी और उनकी पार्टी भाजपा रही। वहीं, दोनों नेताओं के केंद्र में युवा रहे इसलिए दोनों ने ही अपने संबोधन में अग्निवीर स्कीम का उल्लेख खास तौर से किया। अखिलेश ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो अग्निवीर को हमेशा के लिए खत्म कर देंगे तो वहीं राहुल ने इस मुद्दे पर और भी आक्रामक रुख दिखते हुए कहा कि सरकार बनने पर हम इस स्कीम को कूड़े में फेंक देंगे। सेना में नौकरी और सुविधाएं पहले की तरह मिलेंगी।

इलाहाबाद से इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के उम्मीदवार उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में हुई इस जनसभा में सबसे पहले अखिलेश बोले। उन्होंने कहा कि अब तक हुए चार चरणों के चुनाव में भाजपा चारो खाने चित हो गई है। हर चरण में जनता का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। सातवें चरण तक यह सातवें आसमान पर पहुंच जाएगा।

फिर बारी आई राहुल गांधी की तो उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि सुना है कि नरेंद्र मोदी और भाजपा यूपी में क्योटो की एक सीट ही जीत रही है। संबोधन का अंत भी उन्होंने लोगों से इस अपील के साथ किया कि मोदी को क्योटो पहुंचाना है।


फूलपुर में रविवार को आयोजित कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की सभा में बड़ी संख्या में उमड़े समर्थक। • एएनआई

### भाजपा ने एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया : अखिलेश

अखिलेश ने कहा कि भाजपा वैक्सीन लगाकर हमारी, आपकी जान तथा संविधान दोनों को समाप्त करना चाहती है। एक लाख किसानों की आत्महत्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज दबाई जा रही है। पेपर लीक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है। नौकरी के नाम पर धोखा देकर एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया है।

**सियासत 30s**

### नेकां जनता से जुड़े मुद्दे उठा रही : उमर

**बडगाम (कश्मीर)।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि लोग उनकी पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान खुद को उससे जोड़ कर देख रहे हैं क्योंकि यह उनके महत्वपूर्ण मुद्दों को उठा रही है। इन मुद्दों में पांच अगस्त 2019 को किया गया 'विश्वासघात' और 2018 से राज्य में एक चुनी हुई सरकार नहीं होने के चलते लंबित रहे अनसुलझे मुद्दे शामिल हैं।

### रैली में चाकू से हमले, तीन कार्यकर्ता घायल

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर में रविवार को एक चुनावी रैली में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के तीन कार्यकर्ताओं पर अज्ञात लोगों ने चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से नेकां उम्मीदवार मियां अल्ताफ के लिए आयोजित रैली में पार्टी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला भी उपस्थित थे।

### 'संविधान को छेड़ा तो गंभीर स्थिति होगी'

**टुंडी/निरसा/चंदनकियारी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार देश के संविधान को बदलने के प्रयास में लगी है। हिन्दू-मुस्लिम का भेदभाव व अफवाह के बल पर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि संविधान से छेड़छाड़ की गई तो झारखंड में मणिपुर से भी गंभीर स्थिति हो सकती है।

## नीतीश पलटे नहीं, हाईजैक हुए: तेजस्वी

**लौरिया (पश्चिम चंपारण)।** पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने रविवार को पश्चिम चंपारण के लौरिया के साहूजैन स्टेडियम में आयोजित सभा में तेजस्वी ने कहा कि चाचा नीतीश कुमार पलटे नहीं हैं। उन्हें बीजेपी वालों ने हाईजैक कर लिया है। मुझे पता है कि चाचा का शरीर वहां है और दिल यहां है।

तेजस्वी ने दावा किया कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। सरकार बनते ही राहुल गांधी एक करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे। रक्षाबंधन के दिन गरीब बहनों के खाते में एक लाख रुपये भेजे जाएंगे। प्रति परिवार दो सौ यूनिट फ्री बिजली और पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदू, मुस्लिम, जात-पात की बात कर रही है।

# केंद्र में सत्ता मिली तो पूर्वांचल राज्य बनाएंगे : मायावती

**मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ), हिसं।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को कहा कि पूर्वांचल क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा केवल सब्जबाग दिखाती रही। यहां के लिए कुछ नहीं किया है। यह क्षेत्र पिछड़ गया है। हम गरीबी, बेरोजगारी के साथ किसानों की समस्याओं को दूर करेंगे। अगर केंद्र में बसपा की सरकार बनी तो पूर्वांचल राज्य का गठन करेंगे। बसपा जो कहती है, उसे पूरा करने में विश्वास रखती है।

बसपा अध्यक्ष रविवार को मुहम्मदाबाद गोहना के खैराबाद में बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में सभा कर रही थीं। वह कांग्रेस, भाजपा और सपा पर खूब हमलावर रहीं। कहा कि


**कहा, कांग्रेस की राह पर चल रही बीजेपी, उसका भी होगा सफाया**

कांग्रेस अपनी गलत नीतियों के कारण सत्ता से बाहर हो गई। इसी के राह पर भाजपा भी चल रही है। इसका भी इस चुनाव के बाद सफाया हो जाएगा। सपा पर लक्ष्य करते हुए उन्होंने कहा कि यह वही पार्टी है, जिसने सरकार में रहते पदोन्नति में आरक्षण को समाप्त कर दिया था। मायावती ने कहा कि भाजपा अबकी सत्ता में नहीं आने वाली।

# पीओके हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे: शाह

**प्रयागराज, प्रमुख संवाददाता।** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) हमारा है, हमारा रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे। इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के मेजा की सोरांव ग्रामसभा में आयोजित जनसभा में गृहमंत्री ने अपनी बात सवाल के साथ शुरू की। जनता से पूछा 'भइयों-बहनों मुझे बताओ कश्मीर हमारा है या नहीं? इस पर पब्लिक से आवाज गूंजी, हमारा है।

अमित शाह ने कहा कि खड़गे कहते हैं राजस्थान और यूपी वालों को कश्मीर से क्या लेना-देना है, फिर बोले-अरे खड़गे महराज 80 पार कर गए, इस देश को नहीं समझ पाए अब तक।

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने आगे कहा कि मेरे इलाहाबाद का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार है। ये कांग्रेस पार्टी के नेता मणिशंकर अय्यर कहते हैं पाकिस्तान को सम्मान दो क्योंकि इसके पास एटम बम है, पीओके न मांगिए। मैं आज पूछने आया हूं कि पीओके ले लेना चाहिए या नहीं? राहुल बाबा आज प्रयागराज की पवित्र धरती पर मैं कहकर जाता हूं कि पीओके हमारा है, हमारा रहेगा और हम इसको लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है भारत को दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना।



### देश को दोबारा बांटना चाहती है कांग्रेस

**जौनपुर/बेतिया।** अमित शाह ने रविवार को जौनपुर में आयोजित जनसभा में कहा कि कांग्रेस के एक नेता कहते हैं कि इस देश को दो टुकड़ों में बांटना चाहिए। साउथ और नार्थ में। एक बार देश का बंटवारा कर कांग्रेस का पेट नहीं भरा, अब दूसरी बार चाहती है। भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। वहीं बेतिया में उन्होंने कहा कि चार चरणों के चुनाव में ही नरेंद्र मोदी 270 पार कर गए हैं, जबकि राहुल बाबा को 40 और लालू को चार सीटें भी नहीं आ रही हैं।

# भ्रष्टाचारियों की मंडली है विपक्षी गठबंधन : नड्डा

**चंडीगढ़।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि कांग्रेस एक परिवारवादी पार्टी बन गई है। वहीं, विपक्षी गठबंधन भ्रष्टाचारियों की मंडली बन गए हैं। नड्डा कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कैथल में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके कृत्य गंदे हैं और लोगों से चुनाव में पार्टी को सबक सिखाने को कहा। नड्डा ने आप पर यह निशाना ऐसे समय में साधा जब रविवार को दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि भाजपा ने आप को कुचलने के लिए ऑपरेशन झाड़ू शुरू किया है, क्योंकि भाजपा उसे एक चुनौती के तौर पर देखती है।

# 'देश में 25 करोड़ गरीबी से निकले'

**संबलपुर (ओडिशा), एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। राजनाथ सिंह ने संबलपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत रायराखोल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। संबलपुर सीट से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भाजपा के उम्मीदवार हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा, नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो इस देश में गरीब लोगों के दुखों को कम कर सके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत के गरीब लोगों को पक्का घर, मुफ्त खाद्यान्न, शौचालय और कई अन्य सुविधाएं प्रदान की हैं। रक्षा मंत्री ने रत्न भंडार (भगवान जगन्नाथ का खजाना) का मुद्दा भी उठाया। चाबियां गायब होने के लिए ओडिशा की बीजद सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, ओडिशा में सरकार बनने के बाद भाजपा पुरी मंदिर में भगवान जगन्नाथ का रत्न भंडार खोलेगी।

### पीओके में मानवाधिकारों के उल्लंघन का संज्ञान लें



राजनाथ सिंह ने खुर्दा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मानवाधिकारों के उल्लंघन का संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा, पीओके में मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एजेंसियों को इन घटनाओं का संज्ञान लेना चाहिए।

## कांग्रेस महालक्ष्मी योजना के प्रचार को पर्चे बांटेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने महालक्ष्मी योजना पर केंद्रित 40 लाख से अधिक पर्चे बांटने की योजना बनाई है। इसके तहत गरीब परिवार की महिला को हर साल एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

एक वीडियो संदेश में सोनिया गांधी ने पिछले सप्ताह कहा था कि देश की महिलाएं गंभीर संकट के बीच कठिन समय का सामना कर रही हैं। पार्टी की प्रस्तावित महालक्ष्मी योजना उनके जीवन को बदलने में मदद करेगी।

# फर्रुखाबाद सीट के बूथ की पोलिंग पार्टी सस्पेंड

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव के दौरान फर्रुखाबाद संसदीय सीट के एक बूथ पर 17 वर्षीय किशोर द्वारा कई बार वोट डालने का वीडियो वायरल होने पर पोलिंग पार्टी सस्पेंड कर दी गई।

वीडियो एटा की अलीगंज विधानसभा के बूथ संख्या-343 प्राथमिक पाठशाला, खिरिया पमारान का है। एटा निवासी किशोर ईवीएम पर वोट डालते समय रिकॉर्डिंग करता दिखा।

**पुनर्मतदान की संस्तुति :** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि अगर चुनाव आयोग को लगे कि यह गलत हुआ है तो वह कुछ कार्रवाई जरूर करे। वहीं, निर्वाचन अधिकारी ने बूथ की पोलिंग पार्टी को निलंबित करते हुए निर्वाचन आयोग से यहां पुनर्मतदान की संस्तुति की है। किशोर को पकड़कर अभिरक्षा दे दिया गया है।

# खड़गे की तस्वीरों पर पोती स्याही

**प. बंगाल**

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल कांग्रेस मुख्यालय के सामने रविवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कई पोस्टर और होर्डिंग्स पर स्याही पोत दी गई। राज्य कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी ने घटना की निंदा करते हुए मामले में मुकदमा दर्ज कराया है।

अधीर रंजन पिछले कई महीने से इंडिया गठबंधन के प्रति विश्वसनीयता को लेकर तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। खड़गे ने एक दिन पहले इसको लेकर अधीर की आलोचना की थी। चेतावनी भी दी थी कि आलाकमान के फैसले को नहीं मानने वाले के लिए बाहर का रास्ता खुला है।

**■ खड़गे द्वारा अधीर रंजन की आलोचना के अगले दिन हुई घटना**

इससे पहले ममता बनर्जी ने कहा था कि अगर इंडिया गठबंधन केंद्र में सरकार बनाती है तो वह उसे बाहर से समर्थन देगी। इस पर अधीर रंजन ने टिप्पणी की थी कि उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

अधीर रंजन ने खड़गे की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तृणमूल सुप्रीमो का जिक्र करते हुए कहा था, मैं किसी ऐसे व्यक्ति के पक्ष में नहीं बोल सकता जो बंगाल में मुझे और हमारी पार्टी को खत्म करना चाहता है।

**यह तृणमूल की करतूत :** कांग्रेस के एक नेता ने आरोप लगाया कि स्याही पोतने की घटना शायद शनिवार रात को हुई ( यह तृणमूल की करतूत है जो वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और अधीर रंजन के बीच मतभेद पैदा करना चाहती है।


**जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण**
(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)
INDIA'S BEST PERFORMING PORT

**लघु इ- निविदा सूचना**

**निविदा संख्या.: जेएनपीए/पीपीडी/भूमि/टी-07/2024 तारीख: 16.05.2024**

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जेएनपीए), नवी मुंबई ने **"जेएनपीए स्थित रिक्त भूखंडों का 30 साल के प्रदीर्घ अवधि के पट्टे पर आवंटन"** करने के लिए न्यूनतम योग्यता मानदंड (एमक्यूसी) की पूर्ती करनेवाले अनुभवी और नामांकित फर्मोसे तारीख 21.05.2024 से तारीख 18.06.2024 तक दो लिफाफा (तकनीकी और मूल्य बोली) और इ-निलामी पद्धतीसे एकल चरण में "ऑनलाइन" निविदा आमंत्रित की है। निविदा शुल्क रु. 23,600/- (ना-परतावा) है। निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना और निविदा दस्तावेज जेएनपीए के "www.jnport.gov.in या https://eprocure.gov.in/eprocure/aap" इस संकेतस्थल पर उपलब्ध है।

**मुख्य महा प्रबंधक**
**(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)**

**श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, नानपारा-बहराइच**

पत्रांक: 262 / पी0 / नि0सू0 / 2024–25 दिनांक 16.05.2024

**निविदा सूचना**

इस मिल समिति द्वारा विभिन्न मशीनरी / सामान के क्रय तथा मरम्मत कार्य हेतु ई–टेण्डर के माध्यम से निविदाएँ आमन्त्रित की जा रही हैं। निविदा प्रपत्र जिसमें पूर्ण विवरण, नियम व शर्तें हैं, बेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर दिनांक 20.05.2024 से देखी जा सकती है।

प्रधान प्रबन्धक

**REC Power Development and Consultancy Limited**
(Formerly Known as REC Power Distribution Company Limited
A wholly owned subsidiary of REC Limited, a "Maharatna CPSE'
under Ministry of Power Govt. of India)
REC Power Development

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**(घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली)**

निविदा संख्या:RECPDCL/UPNEDA/200MWSOLAR/EPC/FY25/001, दिनांक 17-05-2024

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल), आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी द्वारा बोलियां आमंत्रित करता है (आरईसी के ई-विज़ार्ड पोर्टल पर ई-टेंडरिंग के बाद ई-रिवर्स नीलामी के माध्यम से) "उत्तर प्रदेश के झाँसी में ग्रिड-कनेक्टेड 200 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड सोलर पीवी पावर प्लांट की स्थापना"

अधिक जानकारी www.recpdcl.in या rec.ewizard.in पर उपलब्ध है।
निविदा की पूर्व-बोली बैठक की तिथि 27.05.2024 को 12:00 बजे ऑनलाइन माध्यम से है
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 06.06.2024 को 17:00 बजे तक है।

**महाप्रबंधक (आरई एवं बीडी)**

**इंडस टावर्स लिमिटेड**
indus TOWERS
सी.आई.एन.: L64201HR2006PLC073821
**पंजी. कार्यालय:** बिल्डिंग नं. 10, टॉवर ए, चतुर्थ तल, डीएलएफ साइबर सिटी, गुरुग्राम-122002, हरियाणा
**दूरभाष:** +91-124-4296766, फैक्स: +91-124-4289333
**ई-मेल:** compliance.officer@industowers.com **वेबसाईट:** www.industowers.com

**सूचना**

**विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि ("आईईपीएफ") में इंडस टॉवर्स लिमिटेड के इक्विटी शेयरों का हस्तांतरण**

यह सूचना कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के साथ पठित विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदाय) नियम, 2016 ("नियम") के प्रावधानों के अनुपालन में प्रकाशित की गई है। अधिनियम व नियम के अनुसार उन इक्विटी शेयरों का आईईपीएफ में हस्तांतरण अनिवार्य है, जिनमें लाभांश लगातार सात साल या उससे अधिक की अवधि में भुगतान या चुकता नहीं किया गया है।

उपरोक्त आवश्यकताओं का पालन करते हुए, कंपनी ऐसे शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से शनिवार, मई 18, 2024 को नोटिस भेज चुकी है, जिनका लाभांश वित्तीय वर्ष 2016-2017 (अंतिम लाभांश 2016-2017) से शुरू होने वाले लगातार सात वर्षों तक बकाया हैं/दावा नहीं किया गया है। हम उनसे कंपनी द्वारा भेजे जा रहे पत्राचार में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए बुधवार, अगस्त 21, 2024 तक उसका दावा करने का अनुरोध करते हैं।

शेयरधारकों के हित में कंपनी ने, जिन शेयरधारकों के ई-मेल आईडी कंपनी के साथ पंजीकृत हैं, उन्हें ई-मेल भेजा है व जिन शेयरधारकों के ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं है, कृपया ध्यान दें कि प्रक्रिया सहित आईईपीएफ में हस्तांतरित होने योग्य इस तरह के शेयरों का अपेक्षित विवरण यहां वर्णित अनुसार कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। उक्त वर्णित समय सीमा के भीतर शेयरधारकों द्वारा वैध दावे की प्राप्ति के अभाव में, कंपनी उक्त शेयरों को आईईपीएफ में हस्तांतरित कर देगी।

इसके अलावा, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक और जिनके शेयर आईईपीएफ में हस्तांतरित होने योग्य हैं, कृपया ध्यान दें कि कंपनी अभौतिक रूप में हस्तांतरण के लिए उनके द्वारा रखे गए मूल प्रमाण पत्र के बदले में नए शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी और बाद में एनएसडीएल व सीडीएसएल के साथ प्राधिकृत आईईपीएफ द्वारा खोले गए डीमैट खातों में हस्तांतरित करेगी। ऐसे मामले में उनके नाम पर पंजीकृत मूल शेयर प्रमाणपत्र (ओं) स्वयं रद्द हो जाएंगे और गैर-परिवर्तनीय माने जाएंगे। डीमैट फॉर्म में शेयर रखने वाले ऐसे शेयरधारक, ऊपर वर्णित अनुसार आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में शेयरों का हस्तांतरण निगमित कार्यवाही द्वारा संबंधित डिपॉजिटरी के माध्यम कंपनी द्वारा प्रभावित किए जाएंगे।

शेयरधारक ध्यान दें कि कंपनी ने आईईपीएफ में हस्तांतरित करने योग्य इक्विटी शेयरों की अपडेटेड सूची www.industowers.com वेबसाइट पर अपलोड की है। इसके अतिरिक्त शेयरधारक ध्यान दें कि कंपनी द्वारा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए विवरण को नियमों के अनुपालन में, आईईपीएफ में शेयरों के हस्तांतरण के लिए कंपनी द्वारा डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र (ओं) जारी करने के संबंध में सूचना के रूप में माना जाये।

हस्तांतरित इक्विटी शेयरों के संबंध में अन्य लाभांश/लाभ, यदि कोई हो, तो भी आईईपीएफ में क्रेडिट किया जाएगा। आईईपीएफ में हस्तांतरित शेयरों के संबंध में कोई दावा और लाभांश कंपनी के विरुद्ध नहीं होगा। आईईपीएफ में लाभांश और शेयरों के हस्तांतरण पर, शेयरधारक नियमों के अनुसार, फॉर्म आईईपीएफ-5 में आईईपीएफ प्राधिकरण को एक आवेदन करके दावा कर सकते हैं। उक्त फॉर्म कंपनी की वेबसाइट और आईईपीएफ की वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है।

उपरोक्त के मद्देनजर, संबंधित शेयरधारकों से एक बार फिर से, इस सूचना की प्राप्ति पर अपने लाभांश पर बुधवार, अगस्त 21, 2024 तक दावा करने का अनुरोध है। उन्हें पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति, रद्द किए गए चेक की प्रति, पता प्रमाण की मूल प्रति और मूल गैर नकद लाभांश वारंट (यदि कोई हो) या विधिवत रूप से दायर क्षतिपूर्ति बॉंड (आरटीए और कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध) के सहित लिखित आवेदन जमा करना होगा। असफल होने पर कंपनी अधिनियम और नियमों की आवश्यकताओं के अनुपालन में उन शेयरों को बिना किसी अतिरिक्त सूचना के, आईईपीएफ में हस्तांतरित कर देगी।

किसी भी पूछताछ के मामले में, शेयरधारक कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, सेलिनियम बिल्डिंग, टॉवर बी प्लॉट 31-32, गच्चीबावली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद-50032, फोन नं. +91-40-67161736 टॉल फ्री नं. 1800-3094-001 ई-मेल आईडी: einward.ris@kfintech.com वेबसाइट www.kfintech.com पर संपर्क कर सकते हैं।

इंडस टॉवर्स लिमिटेड कृते
हस्ता./-
समृद्धि रोढ़े
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान: गुरूग्राम
दिनांक: मई 18, 2024



# टीके का दुष्प्रभाव

कोवैक्सीन पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के शोध पर चर्चा आसानी से शांत नहीं होने वाली है। वास्तव में दुनिया के अनेक इलाकों में कोरोना वैक्सीन के दुष्प्रभावों की जांच-पड़ताल चल रही है। दुष्प्रभावों की चर्चा करने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि वैक्सीन ने अधिकतम कारगरता के साथ कार्य किया है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों की जान बची है, पर यह भी खास पहलू है कि किसी भी दवा के दुष्प्रभाव लोगों का ध्यान ज्यादा खींचते हैं। वैसे जब वैक्सीन का आगमन हुआ था, तब भी यह स्पष्ट था कि इसके दुष्प्रभाव या साइड इफेक्ट हो सकते हैं। कोई भी टीका इतनी जल्दी नहीं बनता है, पर कोरोना महामारी ऐसी बड़ी आपदा थी कि आनन-फानन में टीकों का आविष्कार हुआ, उन्हें सतर्कता के साथ मंजूरी मिली। एक समय था, जब दुनिया में एक बड़ी आबादी टीके मांग रही थी और आज टीकों के दुष्प्रभाव जानने को उत्सुक है। इसी कड़ी में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के शोधकर्ताओं ने अपने एक साल के अध्ययन में पाया है कि टीका लेने वाले एक तिहाई लोगों को कुछ न कुछ समस्याएं हुई हैं। अब *स्प्रिंगर नेचर* जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन की चर्चा विश्व स्तर पर हो रही है, तो स्वाभाविक है।

ध्यान रहे, कोवैक्सीन की निर्माता भारत बायोटेक ने शोध को अपर्याप्त बताया है। वैसे ध्यान देने की बात है कि शोध में 926 लोग शामिल रहे हैं, क्या इतनी संख्या पर्याप्त है? क्या ज्यादा बड़े पैमाने पर शोध संभव है? क्या हमारे शिक्षा या शोध संस्थानों के पास इतने संसाधन हैं कि वे बड़े पैमाने पर शोध कर सकें? बेशक, ऐसे शोध के लिए योग्यता के साथ ही साहस की जरूरत होती है और बीएचयू ने यह साहस दिखाकर प्रशंसनीय कार्य किया है। बीएचयू से देश के दूसरे विश्वविद्यालयों को प्रेरणा लेनी चाहिए, इस प्रकार के न जाने कितने हजार कारगर व चर्चित शोधों की इस देश को जरूरत है। ऐसे शोध भारतीय शिक्षा संस्थानों की उपयोगिता में चार चांद लगा सकते हैं। खैर, आज के समय में सबसे बड़ी चिंता यह है कि वैक्सीन की वजह से स्ट्रोक की समस्या बढ़ी है, वैक्सीन ने हृदय को मुश्किल में डाल दिया है। बीएचयू के शोध में लगभग एक प्रतिशत लोगों ने स्ट्रोक और गुइलेन-बैरी सिंड्रोम सहित गंभीर दुष्प्रभावों की सूचना दी थी। टीका लेने के बाद किशोरों में त्वचा विकार, सामान्य विकार और तंत्रिका तंत्र विकार आम पाए गए हैं। गुइलेन-बैरी सिंड्रोम एक ऑटोइम्यून विकार है, जो हाथ और पैरों की नसों में कमजोरी का कारण बनता है। इस दिशा में ज्यादा पड़ताल जरूरी है।

**बीएचयू के शोधकर्ताओं ने पाया है कि टीका लेने वाले करीब एक तिहाई लोगों को कुछ न कुछ समस्याएं हुई हैं। इस पर आगे अध्ययन जरूरी है।**

कुल 635 किशोरों और 291 वयस्कों पर हुए शोध में सामने आई शिकायतें महत्वपूर्ण हैं, जिन पर आगे और अध्ययन होना चाहिए। मोटे तौर किशोरों में त्वचा संबंधी विकार (10.5 प्रतिशत), सामान्य विकार (10.2 प्रतिशत) और तंत्रिका तंत्र विकार (4.7 प्रतिशत) आम दुष्प्रभाव थे। किसी ठोस चिकित्सकीय निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए इन दुष्प्रभावों के ज्यादा गहरे अध्ययन की जरूरत है? क्या कोई ऐसी दवा है, जिसका कोई दुष्प्रभाव न होता हो? अध्ययन अपनी जगह है और लोगों के बीच सावधानी व जागरूकता का विस्तार बुनियादी जरूरत है। जहां तक वैक्सीन का सवाल है, तो आगे वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए कि क्या वाकई सिर्फ वैक्सीन की वजह से एक तिहाई लोगों के शरीर में कोई न कोई दुष्प्रभाव हुआ है? लगातार शोध जरूरी है, ताकि दवाएं और टीके दुष्प्रभाव रहित हो जाएं।

## हिन्दुस्तान | 75 साल पहले
20 मई, 1949

### इटली के उपनिवेश

इटली के भूतपूर्व उपनिवेशों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संघ की जनरल असेम्बली के सामने एक प्रस्ताव आया था। यह प्रस्ताव उस समझौते पर आधारित था, जो इंग्लैण्ड और इटली के विदेश मंत्रियों के बीच हुआ था। किंतु इस प्रस्ताव की एक धारा के पक्ष में दो तिहाई बहुमत प्राप्त नहीं हुआ, जिसमें लीबिया के एक हिस्से त्रिपोलीतानिया को आज से तीन वर्ष बाद सन् १९५२ में इटली के शासनादेश में सौंपने का निर्णय किया गया था। यद्यपि प्रस्ताव की अन्य धाराएं मंजूर कर ली गईं। किंतु उपरोक्त धारा को आवश्यक समर्थन न मिलने के कारण यह सारा ही प्रस्ताव अमल में नहीं आ सकता।

इटली का औपनिवेशिक शासन संबंधित प्रदेशों के लिए कभी भी संतोषजनक नहीं रहा। अन्य साम्राज्यवादी देशों की भांति इटली ने भी अपने उपनिवेशों का जी भरकर शोषण किया और लोगों को उत्पीड़ित करने में कोई कसर नहीं उठा रखी। मुसोलिनी के तानाशाही शासन में तो यह शोषण चरम सीमा को पहुंच गया था। उस सबकी याद इतनी ताजा है कि उसे भुलाया नहीं जा सकता। स्वभावतः त्रिपोलीतानिया के लोगों में पुनः इटली के शासन के अन्तर्गत जाने की कोई तीव्र उत्कण्ठा अथवा लालसा नहीं हो सकती। इसके विपरीत वे इटली के शासन को घृणा की दृष्टि से देखते हैं। किंतु जिन लोगों के हाथों में इटालियन उपनिवेशों का भाग्य-निर्णय है, उन्हें वहां के लोगों की इच्छा-अनिच्छा की कोई परवाह नहीं है। वे राजनीति का खेल खेलने में व्यस्त हैं। उन्हें इटली को खुश करना है, जिससे वे शक्ति संतुलन में इटली का अपने पक्ष में उपयोग कर सकें। इसीलिए वे लीबिया के एक भाग त्रिपोलीतानिया और इटालियन सोमालीलेण्ड को इटली की संरक्षता में रखने को सहमत हो गये हैं। हालांकि इटली युद्ध में पराजित हो जाने के फलस्वरूप अपने भूतपूर्व उपनिवेशों पर से अधिकार गंवा बैठा है। ब्रिटेन और इटली के विदेश मंत्रियों में जो समझौता हुआ है, उसमें तय पाया गया है कि लीबिया को तीन हिस्सों में बांटकर तीन राष्ट्रों ब्रिटेन, फ्रांस और इटली के हवाले कर दिया जाये। साइरेनायका ब्रिटेन के, फेजान फ्रांस के और त्रिपोलीतानिया इटली के संरक्षण में रहे। त्रिपोलीतानिया के लिए यह व्यवस्था सोची गई है फिलहाल तीन वर्ष तक वह ब्रिटिश संरक्षण में रहे और ब्रिटेन एक अन्तर्राष्ट्रीय सलाहकार कौंसिल की मदद से उसका शासन चलाये।

# सही और फर्जी के बीच मिटता फर्क



हरजिंदर | वरिष्ठ पत्रकार

**जिसे हम आज 'फेक न्यूज' कहते हैं, वह कोई नई अवधारणा नहीं है। गंदी राजनीति हमेशा से ही अफवाहों और फर्जी खबरों के जरिये चुनावों का खेल बिगाड़ती रही है।**




यह बात 1967 की है, जब भारत अपनी चौथी लोकसभा को चुन रहा था। उस आम चुनाव में कांग्रेस ने लखनऊ से देश के सबसे बड़े शराब कारोबारी कर्नल वेद रतन मोहन को टिकट दिया था। वह देश की सबसे बड़ी शराब बनाने वाली कंपनी मोहन मीकिन के चेयरमैन थे। राजनीति और कारोबार की दुनिया के वह काफी सम्मानित शख्स थे। उन्हें उस दौर के सबसे मशहूर ब्रांड ओल्ड मॉन्क जैसी रम और गोल्डन ईगल जैसी बीयर शुरू करने का श्रेय भी दिया जाता है।

कर्नल वीआर मोहन की जीत तकरीबन पक्की मानी जा रही थी। वह लगातार दो बार लखनऊ शहर के मेयर रह चुके थे और शहर की सबसे चर्चित शख्सीयतों में शुमार थे। उद्योगपति होने के कारण यह भी माना जा रहा था कि उनके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। लखनऊ की लोकसभा सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट थी और उस चुनाव में बेशक पहली बार कांग्रेस पूरे देश में थोड़ी कमजोर दिख रही थी, लेकिन लखनऊ सीट पर उस हवा का असर नहीं था।

उस चुनाव की एक और महत्वपूर्ण बात यह थी कि लखनऊ लोकसभा सीट से 1957 और 1962 में लगातार दो चुनाव हारने वाले भारतीय जनसंघ के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी इस बार वहां से चुनाव नहीं लड़ रहे थे। अपने लच्छेदार भाषणों से भारी भीड़ बटोरने वाले वाजपेयी का लखनऊ से चुनाव न लड़ना भी कांग्रेस को आश्वस्त कर रहा था। कर्नल मोहन के सामने एकमात्र मजबूत उम्मीदवार थे आनंद नारायण मुल्ला। वकील और विद्वान होने के साथ ही वह उर्दू शायर भी थे। वह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे थे और कांग्रेस की संगठनात्मक ताकत व कर्नल मोहन के निजी रुतबे के सामने कोई निर्दलीय उम्मीदवार टिक भी सकेगा, इसकी कोई उम्मीद नहीं थी। एक और चीज थी, जो आनंद नारायण मुल्ला के खिलाफ जाती थी।

दरअसल, लखनऊ से लगभग 25 किलोमीटर दूर काकोरी नाम के एक कस्बे के पास 9 अगस्त, 1925 को एक ट्रेन डकैती हुई थी। हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के क्रांतिकारियों ने इसको अंजाम दिया था। ट्रेन में ले जाए जा रहे सरकारी खजाने को लूटने की योजना राम प्रसाद बिस्मिल व अशफाक उल्ला खां ने बनाई थी और इस योजना को अंजाम देने में चंद्रशेखर आजाद और राजेंद्र लाहिड़ी जैसे कई क्रांतिकारियों ने भाग लिया था। क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उनके संगठन को पैसे की जरूरत थी और इसीलिए ट्रेन डकैती जैसे दुस्साहसी काम को करने का फैसला किया गया था। बाद में जब इस मामले में मुकदमा चला, तो सरकार ने अपना वकील बनाया आनंद नारायण मुल्ला के पिताजी जगत नारायण मुल्ला को। इस केस में आनंद नारायण मुल्ला अपने पिता के असिस्टेंट थे और दोनों को सरकार की ओर से अच्छी-खासी फीस मिली थी।

डर यह था कि काकोरी कांड को लेकर आनंद नारायण मुल्ला को चुनाव प्रचार के दौरान कठघरे में खड़ा किया जाएगा। मगर ऐन वक्त पर हवा बदल गई। प्रचार यह हुआ कि इस बार कांग्रेस ने लखनऊ से एक शराबी को टिकट दे दिया है। फिर इस तरह की बातें भी उड़ाई गईं कि कनर्ल वीआर मोहन जब प्रचार के लिए फलां मोहल्ले पहुंचे, तो नशे में एकदम धुत थे। कांग्रेस ने अपना सारा जोर लगा दिया, सारे संसाधन झोंक दिए गए, देश भर के तमाम बड़े नेताओं के दौरे हुए, उस समय के हिसाब से पैसा भी खूब बहाया गया, लेकिन अफवाहों से जो नैरेटिव तैयार हुआ, उसका जवाब नहीं मिल सका और आनंद नारायण मुल्ला बहुत आसानी से चुनाव जीत गए। यह पहला चुनाव था, जब लखनऊ लोकसभा सीट से कांग्रेस हारी और अगले चुनाव में कांग्रेस ने फिर से इस सीट को हासिल कर लिया।

लखनऊ का यह चुनाव इस बात का उदाहरण है कि जिसे हम आज 'फेक न्यूज' कहते हैं, वह कोई नई अवधारणा नहीं है। गंदी राजनीति हमेशा से ही अफवाहों और फर्जी खबरों के जरिये चुनावों का खेल बिगाड़ती रही है। विरोधियों का चरित्र हनन तब भी होता था, उन पर कीचड़ उछालने का चलन तब भी था। तब भी चुनाव लड़ने के लिए नैतिकता को दरकिनार कर दिया जाता था, लेकिन 21वीं सदी के दूसरे दशक में ये सारी स्थितियां पहले के मुकाबले बहुत आगे चली गईं।

अचानक ही हम एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गए, जहां इस गंदी राजनीति की मुलाकात 'पोस्ट ट्रुथ एरा', यानी सत्योत्तर काल और मोबाइल तकनीक द्वारा उपलब्ध कराई गई चमत्कारिक रूप से तेज प्रसारण तकनीक से हुई। इस मुलाकात ने राजनीति के स्वरूप को ही एकदम से बदल दिया। पहले अफवाहों, फेक न्यूज और चरित्र हनन की जो राजनीति स्थानीय स्तर पर छिटपुट ढंग से होती थी, अब उसे बड़े पैमाने पर समन्वित और संगठित ढंग से किया जा सकता है। अभी तक जो महज एक राजनीतिक बीमारी थी, उसने एकाएक एक महामारी का रूप ले लिया था।

समाज भी जैसे इसके लिए तैयार था। हम ऐसे दौर में पहुंच चुके हैं, जहां तथ्यों से ज्यादा महत्वपूर्ण भावनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने अपनी धारणाएं सच और यथार्थ के बजाय भावनात्मक अपील से बनानी शुरू कर दी हैं। उदारवादी लोकतांत्रिक राजनीति के मुहावरों से ऊबकर लोग विकल्प तलाशने लगे हैं। विभिन्न कारणों से लोकतंत्र की बहुत सी मूल संस्थाओं पर लोगों का भरोसा कम होने लगा है। इससे जो खालीपन बना है, उसने अनुदारवादी व पुनरोत्थानवादी ताकतों को पैर जमाने की जगह दे दी है। ये ताकतें बरसों से समाज में जिस ध्रुवीकरण के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही थीं, अब उसकी जमीन तैयार हो चुकी है।

राजनीति में लगे नेताओं ने भी इस धारणा को बनाने में अपना पूरा योगदान दिया है। जब कोई खबर उनके अनुकूल नहीं होती, तो उसे वे बड़ी आसानी से फेक कह देते हैं। भले ही ये राजनीतिज्ञ अपना बचाव कर रहे होते हैं, लेकिन इसी के साथ वे मुख्यधारा के मीडिया की लगातार घट रही साख में अपना योगदान भी दे देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिन्हें हम आज फेक न्यूज कहते हैं, उसका सबसे ज्यादा फायदा भी इन्हीं राजनीतिज्ञों ने उठाया है। पिछले कुछ समय में फेक न्यूज अलग-अलग तरह से और अलग-अलग स्वार्थ के हिसाब से इस्तेमाल होने लगा है कि इसका अर्थ ही खत्म होता जा रहा है। न्यूज और फेक न्यूज का फर्क बताना भी अब मुश्किल हो जाता है।

(लेखक की हाल ही में प्रकाशित पुस्तक *चुनाव से छल-प्रपंच* का एक अंश)

# ताकि सड़क हादसों में अब किसी की जान न जाए



राघव चंद्रा | पूर्व सचिव, भारत सरकार

उत्तराखंड के सिलक्यारा में हिमालयी सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए 17 दिनों तक चले बचाव अभियान ने पूरे देश का ध्यान खींचा था। विदेश से आए विशेषज्ञों, उच्च तकनीक वाले बोरिंग उपकरण और 41 एंबुलेंस की तैनाती इस बात का सुबूत थी कि भारत मानव जीवन को खासा अहमियत देता है। मगर यह आश्चर्य की बात है कि भारतीय सड़कों पर प्रतिदिन इससे दस गुना अधिक लोगों की मौत पर हम जरूरी तत्परता नहीं दिखा रहे।

बेशक, 1998 में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम शुरू किए जाने के बाद से सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने को लेकर प्रतिबद्धता दिखाई जाती रही है और कुछ मंत्रिगण इसकी समय-सीमा भी बताते रहे हैं, लेकिन जमीन पर यह समय-सीमा आगे ही बढ़ाई जाती रही। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट कहती है कि 2022 में सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या 1,68,000 हो गई, जबकि 2021 में यह करीब 1,50,000 थी। जून, 2022 में जारी विश्व बैंक की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, सड़क हादसों और मौतों से भारत को अपनी जीडीपी का पांच फीसदी से अधिक का नुकसान होता है। ऐसे हादसों के शिकार 80 फीसदी से अधिक लोग उत्पादक आयु-वर्ग के होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विश्व की केवल एक फीसदी गाड़ियां होने के बावजूद सड़क हादसों में दम तोड़ने वालों में भारत की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत है। यहां हर चार मिनट पर सड़क हादसे में जान जाती है।

**सड़क हादसों की आशंकाएं गहराती जाएंगी। हादसों को कम करने के बजाय हमें मौत रोकने के उपायों पर अधिक जोर देना चाहिए।**

एक आम गलतफहमी यह है कि खराब सड़कों के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। मगर गुणवत्ता व लंबाई के मामले में एक्सप्रेस-वे और राजमार्गों का उल्लेखनीय विकास हमने भारत में देखा है। असल में, सड़कें जितनी अच्छी होती हैं, गाड़ियां उतनी तेजी से फर्राटे मारती हैं, जिसके कारण लापरवाही हो सकती है। नतीजतन, हमारे राजमार्गों पर प्रतिदिन करीब 500 लोग दम तोड़ते हैं। सरकार ने यातायात उल्लंघन करने वालों के लिए कठोर दंड और जेल की सजा जैसे उपाय किए हैं, लेकिन जैसे-जैसे गाड़ियों की संख्या बढ़ती जाएगी, सड़क हादसों की आशंकाएं भी गहराती जाएंगी। ऐसे में, हादसों को कम करने के बजाय हमें मौत को रोकने के उपायों पर अधिक जोर देना चाहिए। मसलन, अभी घायलों को एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल में ले जाते हैं। मगर रिपोर्ट बताती है कि मरने वाले लोगों में से आधे ने इसलिए दम तोड़ा, क्योंकि उनको जरूरी समय पर पर्याप्त मेडिकल सेवाएं नहीं मिल सकीं। ट्रॉमा केयर आपात सेवाएं अमूमन राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपलब्ध नहीं होतीं और यही चूक कई घायलों की जान पर भारी पड़ जाती है।

अमेरिका के कुछ राज्यों में पुलिस चिकित्सा सुविधाओं के लिए हेलीकॉप्टर का उपयोग करती है, जिसमें जरूरी चिकित्सा उपकरण और दवा आदि होते हैं। पायलटों को बचाव विशेषज्ञ के रूप में प्रशिक्षित किया जाता है और सहायक चिकित्सकों को दुर्घटना की आशंका वाले क्षेत्रों के अनुसार रिजर्व रखा जाता है। साल 2012 में जॉन्स होपकिन्स अध्ययन का निष्कर्ष था कि चोट की गंभीरता, चोट के प्रकार और मरीज की उम्र को यदि दरकिनार कर दें, तो जमीनी मार्ग की तुलना में हवाई मार्ग से दुर्घटना-पीड़ितों को ले जाने से उनके बचने की संभावना अधिक होती है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों में रक्तस्राव रोकने में देरी मौत की मुख्य वजह है। इसे रोकने के लिए सहायक चिकित्सकों को दुर्घटनास्थल पर पहुंचाना आवश्यक होगा। इसी तरह, क्रिटिकल केयर सुपर-स्पेशियलिटी वाले ट्रॉमा सेंटरों की पहचान की जानी चाहिए और वहां हेलीकॉप्टर उतारने की उपयुक्त व्यवस्था होनी चाहिए।

मध्य प्रदेश सरकार ने ऐसी आपात सेवा शुरू की है। केंद्र सरकार को भी देश भर के लिए व्यवस्थित उपाय करने चाहिए। नवोन्मेषी बीमा उत्पादों के माध्यम से हम ऐसी सेवाओं की लागत वसूलने का रास्ता भी निकाल सकते हैं। जो लोग बीमा लेने में सक्षम नहीं हैं, उनके लिए आयुष्मान भारत या अन्य योजनाओं में इसके प्रावधान किए जा सकते हैं। सड़क दुर्घटनाओं की कीमत न केवल पीड़ित व उनके परिवार, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था चुकाती है। अभी इस वित्तीय वर्ष का बजट नहीं आया है। हमें इन मौतों को थामने के लिए बजट का कुछ हिस्सा इस मद में भी देना चाहिए। यह एक अनिवार्य मसला है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा
# भीतर का कटोरा खाली

हम सब एक गलती के शिकार हैं। हम सब सोचते हैं कि हमें सुखी या आनंदित होना हो, तो वह सुख कहीं बाहर से आएगा। कोई चीज या कोई घटना हमें सुखी करेगी। मानो सुख भी कोई वस्तु है, जिसे हम बाहर से खरीदकर ला सकते हैं, इसलिए हम दुनिया भर में ढूंढ़ते रहते हैं कि शायद धन में, पद या प्रतिष्ठा में या सफलता में हमें आनंद मिले। यह सब तो मिल जाता है और बाद में पता चलता है कि आनंद तो मिला ही नहीं। भीतर का कटोरा तो खाली का खाली है!

ओशो के पास इसका उपाय है। वह कहते हैं कि सुख या दुख भाव हैं, जो आपके भीतर बसते हैं। उन्हीं का प्रक्षेपण आप बाहर करते हैं। तीन तरह के भावों का ख्याल रखें। एक, जगत के प्रति मैत्री भाव। चाहे उसे अहिंसा भाव कहें, चाहे उसे प्रेम भाव कहें, इससे कोई अंतर नहीं पड़ता। लोग कुछ भी करें, आपके भीतर की मैत्री कायम रहे, तो आप कभी दुखी नहीं होंगे। दूसरों के व्यवहार पर आपका प्रेम निर्भर न हो। वह तो आपका अंतःस्थ झरना है, जो अखंड बह रहा है।

दूसरा, आप जो कुछ भी कर रहे हैं, उसके प्रति आनंद भाव। छोटे-छोटे कामों में आनंद लेना सीखें। परिणामों की अपेक्षा छोड़ दें, क्योंकि अपेक्षा ही दुख लाती है। आप साफ-सफाई कर रहे हैं या चाय बना रहे हैं, रास्ते पर चल रहे हैं, क्या यह आपको आनंदित नहीं कर सकता? आनंद तो हृदय में उमगता है, उसका बाहर से कोई संबंध नहीं है। काम करने से जो आनंद मिलता है, वही उसका फल है। इससे ज्यादा भला और क्या चाहिए?

और तीसरा, स्वयं के भीतर सुख-दुख की संवेदनाओं के प्रति सम भाव। यह थोड़ा महीन है और आपको मुश्किल भी मालूम होगा। आम तौर पर सुख और दुख की धूप-छांव हमें आंदोलित करती रहती है। इसलिए इससे बचने का बस एक ही उपाय है कि दोनों से दूर हट जाएं। अपना नजरिया बदल डालें। सुख-दुख के भाव आवारा बादल की तरह होते हैं, भटकते ही रहते हैं और आनंद है स्थिर आसमान। आनंद इन दोनों के पार है। आपके मन में अगर आनंद की पूंजी हो, तो आप इन भावों से बहुत प्रभावित नहीं होंगे।

**आनंद तो हृदय में उमगता है, उसका बाहर से कोई संबंध नहीं है। काम करने से जो आनंद मिलता है, वही उसका फल है। इससे ज्यादा और क्या चाहिए?**

इसे स्मरण रखें कि ध्यान की उपलब्धि का रास्ता बिल्कुल वैसा ही है, जैसे बगीचे में माली बीज बोता है, उसको सम्हालता है, खाद देता है, पानी देता है, सूरज की रोशनी की व्यवस्था करता है, सुरक्षा करता है और उन पर बागुड़ लगा देता है। फिर रोज-रोज यह प्रतीक्षा करता है कि वे अंकुरित हों और आगे की ओर बढ़ें। एक धैर्यपूर्ण लंबी प्रतीक्षा के बाद उनमें फूल आते हैं। जीवन जीना भी बगीचे में फूल खिलाने से भिन्न नहीं है।

अमृत साधना

एंटोनियो गुटेरस | संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**न हमास के 7 अक्तूबर के हमले को जायज कहा जा सकता है और न फलस्तीनियों को मिल रही सामूहिक सजा को उचित ठहराया जा सकता है। यह समय तत्काल युद्धविराम, सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई और पूरे गाजा में अबाधित मानवीय मदद पहुंचाने का है।**

## अनुलोम-विलोम
### वैकल्पिक राजनीति



# आज वैकल्पिक राजनीति की अधिक जरूरत

पिछले दशक के शुरुआती वर्षों में जब अन्ना हजारे और स्वामी रामदेव का आंदोलन शुरू हुआ था, तब यह धारणा बनी थी कि देश को वैकल्पिक राजनीति की दरकार है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जमी-जमाई पार्टियां लोकतांत्रिक राजनीति की कुछ गड़बड़ियों की शिकार हो गई थीं। इन गड़बड़ियों में भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा था और माना जा रहा था कि सरकार की जन-हितकारी योजनाएं इसीलिए जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहीं, क्योंकि बिचौलिए उसे बीच रास्ते डकार जाते हैं। हालांकि, कभी राजीव गांधी ने भी कहा था कि सरकार का एक रुपया लाभार्थी तक रिसते-रिसते 15 पैसों में सिमट जाता है। आज की स्थिति भी इन सबसे अलग नहीं है।

आज चाहे बात सत्ता पक्ष की हो या विपक्ष की, कोई पार्टी ऐसी नहीं दिखती, जो भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, दागी राजनेताओं जैसे आरोपों से अछूती हो। सत्तारूढ़ दल जरूर सबसे अलग दिख रहा था, लेकिन उस पर भी चुनावी बॉन्ड का दाग लग गया है, हालांकि यह अभी दावे के साथ नहीं कहा जा सकता कि यह दाग कितना गहरा है। फिर भी, मन में संदेह जरूर पैदा हो गया है। कुछ इसी तरह की बात उस दल के बारे में भी कही जा सकती है, जिसने कभी वैकल्पिक राजनीति का झंडा उठाया था। वह पार्टी भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से ही खड़ी हुई है, लेकिन उस पर कथित शराब घोटाले का ऐसा आरोप लगा कि उसके कई मंत्रियों के साथ-साथ खुद मुख्यमंत्री को जेल की हवा खानी पड़ी। फिलहाल, मामला अदालत में है, जहां सच और झूठ का फैसला हो जाएगा, लेकिन आम जनमानस में इस पार्टी की छवि जरूर धूमिल हुई है।

इस सूरतेहाल में वैकल्पिक राजनीति की तलाश के लिए हमें किसी अंधेरे में लालटेन लेकर जाने की जरूरत नहीं है। सदाचारी राजनीति की जो तलाश देश भर में हो रही है, वह हमारे आस-पास ही है। बस हमें उसे खोजना और आगे बढ़ाना है। वास्तव में, कई दल और संगठन जमीनी स्तर पर आज भी शिद्दत से काम कर रहे हैं और वैकल्पिक राजनीति के लिए जरूरी ऊर्जा देश भर में फैला रहे हैं। ऐसे संगठनों की मजबूती के लिए जरूरी है कि जिन मुद्दों पर वे आंदोलन कर रहे हैं, उनसे जुड़ा जाए और उनको जोश-जुनून के साथ आगे बढ़ाया जाए। मीडिया की जिम्मेदारी भी यहां नहीं भूलनी होगी। उसे ऐसे कार्यकर्ताओं और नेताओं को ज्यादा तवज्जो देनी चाहिए, जो जमीनी स्तर पर कुछ अलग करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसा करने से ही देश में बहुप्रतीक्षित नई राजनीतिक बयार बह सकती है।

प्रेम कुमार, टिप्पणीकार

# जमी-जमाई पार्टियां ही देश चलाने में सक्षम

राष्ट्रीय फलक पर उभरने के लिए बेचैन कुछ राजनीतिक पार्टियां अजीब-अजीब किस्म के नारे गढ़ती हैं। उसे वे इस तरह प्रचारित करती हैं, जैसे वह कोई नवीन सिद्धांत या उत्प्रेरक महान विचार हो। मानो उससे राष्ट्र की दशा-दिशा सब एक क्षण में बदल जाएगी और चारों तरफ क्रांति दिखने लगेगी। जबकि, असलियत में उसमें कोई दम नहीं होता। वैकल्पिक राजनीति भी इसी तरह का एक नारा है। आखिर यह वैकल्पिक राजनीति है क्या? किसका विकल्प बनने के लिए ये दल उतावले हैं? दावा किया जाता है कि देश की आम जनता कांग्रेस, भाजपा जैसी पुरानी पार्टियों से ऊब गई है और मजबूरी में ही इन दलों को अपना वोट दे रही है। अब वह इनसे अलग कोई विचारधारा तलाश रही है, इसलिए वे उनका विकल्प बनकर आए हैं। अब यह भी कोई बात हुई? न विचार का पता, न पूर्व में किए गए कार्य या योगदान की चर्चा। मात्र विकल्प शब्द खोजकर रख दिया गया और प्रारंभ हो गया, विकल्प का प्रचार।

वैसे, भारतीय राजनीति में तीसरे दल के रूप में कई समूह अवसर का लाभ उठाकर उभरे हैं, जिनको जनता ने राज करने का मौका भी दिया। इनमें प्रमुख हैं, जनता पार्टी, जनता दल। मगर इनके पद-लोलुप नेताओं की महत्वाकांक्षाओं ने अच्छी सरकारों की असमय बलि ले ली। जनता की दृष्टि में इनका हश्र तो ऐसा हुआ कि वह विकल्प बनने वाले विचार को ही झांसा मानकर निराश हो गई। काले धन और भ्रष्टाचार के खिलाफ किए गए आंदोलन से उपजी एक पार्टी ने तो ऐसे-ऐसे कारनामे कर दिखाए कि उसके नेताओं अलावा सब शर्मसार हैं। क्या उसके चारित्रिक पतन को, राजनीति में सब चलता है, कहकर खारिज किया जा सकता है? बड़े लोग तो अनुकरणीय होते हैं, उनका चरित्र जनता के लिए मानदंड स्थापित करता है। उनके व्यक्तिगत जीवन को भला कैसे छोड़ा जा सकता है?

अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में द्विदलीय राजनीतिक व्यवस्था उत्कर्ष पर है। वहां की राजनीतिक स्थिति आज भी काफी कुछ अनुकरणीय है, इसलिए द्विदलीय राजनीति के विरोध में दी गई दलीलें सतही और हास्यास्पद लगती हैं। जब दलों के प्रमुख नेता गरिमाहीन, अयोग्य और भ्रष्ट हो जाते हैं, तब दल और उसकी विचारधारा भी मूल्य खो देती है। मगर इसका यह अर्थ नहीं कि राजनीति में विकल्प की जरूरत है। लोकतंत्र में मामूली संसाधनों के साथ भी विपक्ष ने उच्च आदर्श पेश किए हैं। इसलिए यही कहना सही होगा- *ये मिट्टी सोंधी जरूर है, मगर थकाती बहुत है/ आसमान से न देख तू जमीन, जम्हूरियत के परिंदे।*

दिनेश सिंह, चिकित्सक

# बंगाल में 30, ओडिशा में 17 सीटें जीतेंगे

## ■ कश्मीर में अलगाववादी नेता भी डाल रहे वोट ■ 'इंडिया' गठबंधन के मतदाताओं में निराशा

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मानते हैं कि देश की जनता बेहद परिपक्व है और वह सोच-समझकर वोट देती है। यही वजह है कि विपक्ष का कोई नैरेटिव-आम आदमी के दिल में नहीं उतर पा रहा। उनका कहना है कि मतदान प्रतिशत में कमी की एक वजह यह भी है कि लोगों ने मान लिया है कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार तीसरी बार आने वाली है। अपनी बात को पुख्ता करने के लिए वे कांग्रेस शासित राज्यों का उदाहरण देते हैं, जहां मत प्रतिशत पिछली दो बार से कम रहा है। नई दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास पर गृहमंत्री ने शशि शेखर और आर. सुकुमार से विभिन्न मुद्दों पर लंबी बात की। पेश हैं, प्रमुख अंश-**





सभी फोटो : संचित खन्ना

**■ गृहमंत्रीजी, हिंदी पट्टी आपकी ताकत रही है। शुरुआती चार चरणों में इस क्षेत्र में शेष देश के मुकाबले वोट प्रतिशत कम रहा है। इसको लेकर आपके मन में कोई आशंका होती है?**

पहले चरण में तो मुझे भी चिंता हो रही थी परंतु जब तीसरे चरण का मतदान हुआ तो मुझे पता चला कि विपक्ष के वोटर निकल नहीं रहे हैं। वे घोर निराशा में हैं कि परिणाम मोदी के पक्ष में ही है, बैठे रहो धूप में क्यों निकलना! ये डेमोक्रेसी के लिए ठीक नहीं है। वोट तो उनके भी पड़ने चाहिए, लेकिन इंडी गठबंधन के मतदाताओं में घोर निराशा के कारण मतदान में गिरावट आई है। जिन राज्यों में आपको ज्यादा मतदान प्रतिशत दिखता है- जैसे पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा तो वहां भी मत-प्रतिशत गिरा है। जहां कांग्रेस का वोट प्रतिशत ज्यादा है, वहां वोटिंग में ज्यादा गिरावट दिखी है।

**■ पहले लग रहा था कि आप लोग आसानी से जीत रहे हैं पर विदेशी सर्वेक्षण एजेंसियों को अपने सर्वे में लग रहा है कि उतनी सीटें नहीं आ रही हैं। उन्होंने अपने शेयर स्टॉक मार्केट में बेचने शुरू कर दिए हैं। इस पर आपकी क्या राय है?**

विदेशी एजेंसियां देश का सर्वे कर ही नहीं सकतीं। स्टॉक मार्केट ऊपर-नीचे होने के कई कारण हैं। हम तो जमीनी स्तर पर चुनाव को देख रहे हैं, लड़ रहे हैं। मेरी कोई ऐसी सभा नहीं होती, जिसके बाद मैं लोकसभा क्षेत्र के 40-50 कार्यकर्ताओं के साथ नहीं बैठता हूं। उनका जो फीड-बैक आ रहा है, उसके अनुसार हमारे लिए चिंता की कोई बात नहीं है।

**■ विपक्षी इस चुनाव को मोदीजी के लिए जनमत संग्रह मानते हैं। आप क्या मानते हैं?**

ये तो शब्दों का खेल है। दोनों ओर प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी तय हैं।

> मेरी कोई ऐसी सभा नहीं होती, जिसके बाद मैं लोकसभा क्षेत्र के 40-50 कार्यकर्ताओं के साथ नहीं बैठता हूं। उनका जो फीड-बैक आ रहा है, उसके अनुसार हमारे लिए चिंता की कोई बात नहीं है।

**■ दूसरी तरफ कौन हैं?**

राहुलजी को ही प्रोजेक्ट किया हुआ है, खड़गेजी के लिए कभी नहीं बोला। हम तो मोदीजी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं और मोदीजी ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

**■ वर्ष 2014 और 2019 के चुनावों में आपने जातीय बंधन तोड़ दिए थे। इस बार लगता है कि जातीय गोलबंदियां लौट आई हैं। आपको क्या लगता है?**

मुझे ऐसा नहीं लगता। जाति से ऊपर उठकर भी वोटिंग हो रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव भी हमें वोट दे रहे हैं।

**■ जातियों को ध्यान में रखकर ही तो आपने आरएलडी और नीतीश कुमार को अपने साथ लिया?**

नीतीशजी हमारे पुराने साथी हैं। उनको दूसरी तरफ कुछ लोग गलतफहमी के कारण ले गए थे। आरएलडी को भी जाति के कारण हम साथ नहीं लाए। हम किसानों के एक महत्वपूर्ण हिस्से में अपनी पार्टी का स्थायित्व चाहते हैं, इसलिए हमने आरएलडी को साथ लिया। चुनावी हार-जीत से इसका कोई संबंध नहीं है।

**■ दक्षिणी प्रदेशों में आपको क्या उम्मीद है?**

कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन पांच राज्यों में हम सबसे बड़ी पार्टी बनेंगे।

**■ बंगाल और ओडिशा में?**

बंगाल और ओडिशा में बहुत अच्छा करेंगे। बंगाल में 30 के करीब और ओडिशा में हम सरकार बनाने जा रहे हैं। वहां 17 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेंगे।

**■ कश्मीर घाटी में भी 370 हटने के बाद रिकॉर्डतोड़ मतदान हुआ है। घाटी में जिस तरह लोग उमड़े, वह सबको हैरत में डाल गया। क्या आगे घाटी में आपका खाता खुलेगा?**

हम वहां लड़े ही नहीं। कश्मीर में ज्यादा वोटिंग जमायते इस्लामी और हुर्रियत ने किया है, जो पहले मतदान का बहिष्कार करते थे, भारत के संविधान को स्वीकार नहीं करते थे। इन दोनों ने वोट भी दिया, स्टेटमेंट भी दिया कि हम भारत के संविधान के तहत चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा ले रहे हैं। जहां तक कश्मीर का सवाल है, यह बहुत बड़ा बदलाव है और महत्वपूर्ण भी है।

**■ कश्मीर में विधानसभा चुनाव कब होंगे? आप उसमें हिस्सा लेंगे?**

सुप्रीम कोर्ट ने जो समय सीमा निर्धारित की है, वहां उसी के अनुसार विधानसभा चुनाव होंगे- अगस्त या सितंबर जो भी है। हम विधानसभा चुनाव में जरूर हिस्सा लेंगे और सीटें जीतेंगे।

**■ महंगाई और बेरोजगारी ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे लोग सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। आप पर आरोप है कि इन पर काम नहीं हुआ। आप क्या सोचते हैं?**

शशिजी, आप बहुत पुराने जर्नलिस्ट हैं। जब आपने पहली बार 21 साल की उम्र में वोट डाला होगा, तब भी ये मुद्दे सुने होंगे। नरेंद्र मोदी सरकार ने रोजगार की दिशा में बहुत काम किए हैं। वामपंथी पत्रकारों ने रोजगारी की व्याख्या करते हुए सरकारी नौकरी को ही रोजगार बना दिया। इस व्याख्या से आप दोनों भी बेरोजगार हैं। हमारा 11 लाख करोड़ का इंफ्रास्ट्रक्चर बजट है। ये कंस्ट्रक्शन का काम कोई-न-कोई करेगा ही। रेलवे और रोड बनाने की स्पीड दोगुनी हो गई है। 70 साल में जितनी ग्रिड बिछाई गई थीं, उतनी दस साल में बिछा दी गईं। तो क्या रोजगार नहीं बढ़ा? इसके साथ ही हमने स्व-रोजगार की धारणा को प्रोत्साहन दिया है। 47 करोड़ लोगों को 'मुद्रा लोन' दिया है। हमने इसके लिए 27 लाख 75 हजार करोड़ का लोन दिया है। मुझे खुशी इस बात की है जिन 47 करोड़ लोगों को मुद्रा लोन दिया है, उसमें 99.5 प्रतिशत एन.पी.ए. नहीं है। ठेली-पटरी वालों को स्वनिधि लोन के तहत 85 लाख लोगों को लगभग 11 हजार करोड़ दिया। 1 लाख 17 हजार स्टार्टअप खड़े हुए हैं। बेरोजगारी की दर 2016-17 में 6.1 प्रतिशत थी और 2023 में 3.1 प्रतिशत है। महंगाई लगभग 8 प्रतिशत थी, अब घटकर 4.83 परसेंट बची है।

इसके अलावा एक बहुत महत्वपूर्ण बात यह है कि मोदीजी पहली बार जब प्रधानमंत्री बने तब डीमैट एकाउंट होल्डर्स देश में 2 करोड़ 22 लाख थे। आज यह संख्या 15 करोड़ 70 लाख है। मार्केट कैपिटलाइजेशन 2014 में 85 लाख करोड़ था, आज 400 लाख करोड़ है। 315 लाख करोड़ दो करोड़ में बंटने की बजाय आज 15 करोड़ में बंट रहा है। जो युवा स्व-रोजगार या स्टार्टअप शुरू करता है, वह अपनी बचत का पैसा म्यूचुअल फंड के माध्यम से या किसी कंसल्टिंग एजेंसी को हायर करके इनवेस्ट करता है। ये बहुत बड़ा रोजगारी का जरिया बना है। विपक्ष जो पांच उद्योगपति रटता है, वे पांच नहीं 15 करोड़ हैं। ये लोग उद्योगपति नहीं हैं, उद्योग को गति देने का काम करते हैं।



**■ आप पर आरोप है कि ईडी, सीबीआई का प्रयोग करके आपने इंडिया गठबंधन बनने नहीं दिया। उसके बावजूद तीन सौ सीटों पर महज एक प्रत्याशी के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। आपको क्या लगता है?**

आप बताइए, कम्युनिस्ट पार्टी, तृणमूल, कांग्रेस का गठबंधन नहीं हुआ तो इसमें ईडी का क्या रोल है? केरल में कम्युनिस्ट खेमा और कांग्रेस, पंजाब में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं हुआ, तो इसमें हमारा क्या रोल है? इसके विपरीत जहां ईडी ने कार्रवाई की, वहां तो गठबंधन हो गया। पीएमएलए के कुल मामले हमारी सरकार में 5155 रजिस्टर्ड किए गए। उसमें से सिर्फ तीन प्रतिशत राजनेताओं के हैं। इनके सांसद के घर से साढ़े तीन सौ करोड़ रुपया कैश मिल रहा है, ममता बनर्जी के मंत्री के घर से 51 करोड़ रुपया, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंत्री आलमगीर के स्टाफ के घर से 31 करोड़ रुपये मिले, इसका क्या जवाब है? मैं सभाओं में पूछता हूं कि क्या इतना रुपया किसी ने देखा है? एक भी हाथ नहीं खड़ा होता है। आज भी आलमगीर को झारखंड मुक्ति मोर्चा और पार्थ चटर्जी को ममता बनर्जी ने सस्पेंड नहीं किया है। क्यों?

**■ आपके यहां जो लोग आए उन पर भी केस थे, उनके यहां न रेड पड़ रही है, न समन जा रहा है?**

उनका रेड-समन का स्टेज समाप्त हो चुका है। चार्जशीट फाइल हो चुकी है। इसके बाद एजेंसी के पास कोई अधिकार नहीं रहता। अदालत को निर्णय करना है। वैसे चिदंबरम साहब के खिलाफ भी चार्जशीट दायर हो चुकी है। उन पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। (अदालत में) जब नंबर आएगा, तब होगी।

**■ बीच चुनाव में ही नागरिकता के सर्टिफिकेट बंट गए?**

शशिजी, ये तो ज्यादती है। मूल मुद्दा ये नहीं है कि सर्टिफिकेट कब बंटता है, मूल मुद्दा है इनको नागरिकता देनी चाहिए या नहीं। सीएए को मैं कई बार एक्सप्लेन कर चुका हूं। इससे देश में किसी की नागरिकता जानी नहीं है। जो लोग पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से शरणार्थी बनकर आए, इनको न वोट का अधिकार है, न अस्पताल में एडमिशन है, न सरकारी नौकरी मिलती है, पढ़ाई-लिखाई में भी दिक्कतें होती हैं। वे कैसे जीवन जिएंगे? अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी 27 प्रतिशत थी, वहां नौ प्रतिशत रह गई। बाकी कहां गए? या तो धर्म परिवर्तन करना पड़ा या यहां आए। पाकिस्तान में तीन परसेंट रह गए।

**■ आप कहते हैं कि चुनाव एकतरफा है, फिर भी आप क्यों कहते हैं कि राहुल गांधी शरिया लागू करेंगे। उन्होंने शरिया साठ साल में लागू नहीं किया, अब क्यों करेंगे?**

साठ साल में नहीं किया। ये लागू ही है...1939 से। जो मुस्लिम पर्सनल लॉ है, वो क्या है? शरिया का ही हिस्सा है। ये तो अब हम यूसीसी लाने की बात कर रहे हैं और उत्तराखंड में ला दिया, तब वो कह रहे हैं कि हम पर्सनल लॉ लाएंगे। पर्सनल लॉ लाना है, तो पूरा शरिया लागू करो। जो देशद्रोह करता है, उसको पत्थर से मार दो, जो बलात्कार करता है, उसको सरेआम फांसी दो। चोरी करने वाले के हाथ काट डालो।



**■ आप राम मंदिर के नाम पर वोट मांग रहे हैं?**

ये मुद्दा ही न होता अगर वो सभी लोग राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में गए होते।

**■ वे कहते हैं संघ ने बुलाया था, ये अपमानजनक है। प्रियंका गांधी ने एक इंटरव्यू में कहा है कि हमें भाजपा ने न्योता दिया था?**

भाजपा ने नहीं, श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बुलाया था। उनके पास या तो इन्फॉरमेशन नहीं या तो वो झूठ बोल रही हैं।

**■ प्रधानमंत्रीजी कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों का पैसा हम गरीबों में बांट देंगे। क्या इसका कोई रोडमैप है?**

ऐसा नहीं कहा है। उन्होंने ये कहा है कि इसकी संभावना हम तलाशेंगे। कानूनी रास्ता ढूंढ़ना पड़ेगा। कानून नहीं हैतो बनाना पड़ेगा। जैसा उन्होंने कहा है, मैं वैसा बता रहा हूं।

**■ यूसीसी पर आप एक केंद्रीय कानून लेकर आएंगे?**

यूसीसी बड़ा सोशल रिफार्म है, जिसकी सालों से ये देश राह देख रहा था। उत्तराखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की एक रिटायर्ड जज साहिबा की अध्यक्षता में कमीशन बनाया था। उसी की रिपोर्ट के आधार पर यह कानून बनाया था। इसकी सोशल, रिलीजियस और लीगल स्क्रूटिनी और इस पर बहस भी होनी चाहिए। एक-दो राज्य बनाएंगे तो अपने-आप बहस और लीगल स्क्रूटिनी होनी ही है।

**■ गुजरात ने एनाउंसमेंट किया, लेकिन अभी कुछ किया नहीं?**

गुजरात ने कमेटी बना दी है। उनकी प्रक्रिया चल रही है। जब लीगल और रिलीजियस स्क्रूटिनी हो जाए तो हो सकता है, उसमें भी कुछ बदलाव करने की जरूरत पड़े।

**■ पंजाब में आप अकेले चुनाव लड़ रहे हैं, आपको क्या उम्मीद दिख रही है?**

पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने का मकसद हर वोटर तक अपनी पहुंच बनाना है। हमारे कार्यकर्ता इस ध्येय की पूर्ति के लिए जुटे हैं, मैं यह दावा नहीं कर रहा कि हम नंबर एक पार्टी बनकर उभरेंगे, लेकिन हमारे मत प्रतिशत और सीट दोनों में बढ़ोतरी होगी।

**■ एक आरोप लग रहा है कि भाजपा सत्ता में आते ही संविधान बदल देगी, आप इस संबंध में क्या कहना चाहेंगे?**

दस वर्षों से हमारे पास पूर्ण बहुमत है परंतु हमने ऐसा कोई प्रयास नहीं किया, हमारी ऐसी कोई मंशा भी नहीं है। हमने बहुमत का प्रयोग अनुच्छेद 370 को हटाने, तीन-तलाक को खत्म करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए किया। देश की जनता बहुत परिपक्व है। वो इस तरह के आरोपों पर यकीन ही नहीं करती।

**■ पिछले दस वर्षों में आपके कई रूप दिखाई पड़े। भाजपा अध्यक्ष का, गृहमंत्री का, सहकारिता मंत्री का। तीसरा कार्यकाल मिलने पर आप अपने को किस रूप में पाते हैं?**

(हंसते हुए) आप तीनों रूपों को गलत देख रहे हैं। ये तीनों ही रूप भारतीय जनता पार्टी की डिजाइन के अनुरूप थे। अगर कोई चौथी भूमिका होगी तो उसे पार्टी तय करेगी। मेरा काम बस पार्टी के निर्देशों को पूरा करना है।

## ये भी कहा...

**■ नए आपराधिक कानूनों पर...**

हमारा प्रयास है कि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले, जिससे उन्हें तारीख पर तारीख से मुक्ति मिलेगी। छोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सजा का प्रावधान किया गया है। एफआईआर, केस डायरी, चार्जशीट तथा जजमेंट सभी को डिजिटाइज्ड किया जाएगा। सात साल या अधिक की सजा वाले अपराधों में फोरेंसिक जांच अनिवार्य किया गया है।

**■ कश्मीर के संबंध में...**

एक संविधान, एक ध्वज, एक प्रधान के सिद्धांत को लागू किया। पत्थरबाजी पर लगाम लगाया। आतंकियों के समर्थकों को सरकारी नौकरियों से हटाया। पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा मिलने से 250 करोड़ रुपए का निजी निवेश आया। कमजोर और वंचित वर्ग से ओबीसी में नामकरण की व्यवस्था की गई।

**■ नक्सलवाद के मसले पर...**

नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई अंतिम दौर में है। इसके लिए त्रिआयामी रणनीति बनाई गई है। पहला बेहतर रणनीति से उग्रवादियों पर लगाम, दूसरा केंद्र व राज्य में बेहतर समन्वय और तीसरा विकास से जनभागीदारी।



# स्वास्थ्य बीमा लेते समय प्रस्ताव फॉर्म खुद भरें वरना दावा रद्द होगा

**ध्यान दें**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गंभीर बीमारियों के इलाज या आकस्मिक खर्चों की भरपाई के लिए लोग स्वास्थ्य बीमा लेते हैं लेकिन कई बार कंपनियां क्लेम को खारिज कर देती हैं। इसका कारण होता है कि बहुत से लोग बीमा खरीदते समय पहले से मौजूद अपनी बीमारी का खुलासा नहीं करते हैं। इसके लिए प्रस्ताव (प्रपोजल) फॉर्म भरना जरूरी होता है।

यदि बीमाधारक इससे चूक जाता है तो उसका क्लेम बीमा कंपनी खारिज कर सकती है। इसलिए पॉलिसी लेते समय इस फॉर्म को खुद अनिवार्य रूप से भरना चाहिए।

### बीमा नियामक ने घटाई थी प्रतीक्षा अवधि

बीमा विनियामक इरडा ने हाल ही में स्वास्थ्य बीमा से जुड़े नियमों में अहम बदलाव किए हैं। इसके तहत पहले से मौजूद बीमारी यानी पीईडी को कवर करने की समय अवधि को घटा दिया गया है। अभी तक पॉलिसी के लिए आवेदन करने से चार साल पहले तक की बीमारी को पहले से मौजूद बीमारी माना जाता था। अब इस अवधि को घटाकर तीन साल कर दिया गया है। यानी अब पॉलिसी खरीदने से तीन साल से पहले तक की बीमारी पीईडी की श्रेणी में आएंगी लेकिन इसका फायदा तभी मिलेगा जब बीमाधारक ने इंश्योरेंस लेते वक्त प्रपोजल फॉर्म खुद भरा हो।



### क्या है प्रपोजल फॉर्म

जब भी कोई व्यक्ति स्वास्थ्य बीमा खरीदता है तो कंपनी प्रस्ताव भरवाती है। इसमें आवेदक की जीवनशैली से जुड़े तमाम तरह के सवाल पूछे जाते हैं। साथ ही ऐसी कोई बीमारी जिससे आवेदक पीड़ित है, उसका पूरा विवरण मांगा जाता है। नियमों के तहत स्वास्थ्य बीमा खरीदने से 36 महीने पहले तक की बीमारियां और चोटें पीईडी की श्रेणी में आएंगी। हाई ब्लड प्रेशर, अस्थमा, थायरायड और डायबिटीज जैसी बीमारियां पीईडी में शुमार होती हैं।

### कंपनी चाहे तो पॉलिसी ही रद्द कर सकती है

विशेषज्ञों का कहना है कि स्वास्थ्य बीमा खरीदते समय पहले से मौजूद बीमारियां अहम मुद्दा है। यदि कोई व्यक्ति स्वास्थ्य बीमा लेते समय पुरानी बीमारी का खुलासा प्रपोजल फॉर्म में करता है तो कंपनी प्रीमियम की राशि बढ़ा सकती है, कोई शर्त जोड़ सकती है या फिर आवेदन को ही खारिज कर सकती है। अगर आवेदक बीमारी को छुपाकर बीमा ले लेता है और बाद में इसका खुलासा होता है तो वह दावा खारिज कर सकती है। यही नहीं पॉलिसी भी बंद कर सकती है।

### ये सावधानियां बरतें

**1 फॉर्म को खुद भरें**
विशेष ध्यान रखें कि प्रपोजल फॉर्म खुद भरें। इसे किसी और से न भरवाएं, ना ही अन्य को भरने दें।

**2 कोई कॉलम खाली न छोड़ें**
फॉर्म को पूरी तरह से और सही जानकारियों के साथ भरें। कोई भी कॉलम खाली न छोड़ें।

**3 सभी सवालों को समझें**
यह सुनिश्चित करें कि पूछे गए सवालों को सही ढंग से समझा है। इसकी घोषणा फॉर्म में करनी होगी।

**4 कोई जानकारी न छिपाएं**
बीमा खरीदते समय किसी भी जानकारी या तथ्य को छिपाएं नहीं। ऐसा करने से बीमा का दावा करते समय परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**5 एक प्रति अपने पास रखें**
हस्ताक्षर किए गए फॉर्म की एक प्रति अपने पास जरूर रखें। यह कंपनी के साथ सहमति का रिकॉर्ड है।

**6 फोन नंबर जरूर जोड़ें**
अपना फोन नंबर बीमा कंपनी के साथ पंजीकृत करें। दावा खारिज होने पर संदेश आप तक पहुंच जाएगा।

**7 कवरेज जरूर जांचें**
यह भी देखें कि पॉलिसी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों और गंभीर बीमारियों को कवर करती है या नहीं।

## कॉरपोरेट कॉर्नर



एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने पशुधन बीमा उत्पाद- संपूर्ण पशुधन कवच के राष्ट्रीय स्तर पर वितरण के लिए सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (सीएससी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर गिरीजा सुब्रमण्यन, संजय कुमार राकेश, दशरथी सिंह, ललित खरबंदा कुमार पुशपेदरा, के. वी. रमन, महाप्रबंधक और के. एस. ज्योति उपस्थित रहे।



इंडियन एसोसिएशन ऑफ रशियन कॉम्पिटिटर्स की अध्यक्ष सुश्री एलियाना बर्मन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जनपथ का दौरान किया। इस अवसर पर सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज लाल ने सुश्री एलियाना के साथ लियो टॉलस्टॉय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

ईपीएफओ सदस्य के निधन की स्थिति में ही दावेदारों को यह छूट प्रदान की जाएगी

# आधार विवरण के बिना भी पीएफ से राशि निकाल सकेंगे नॉमिनी

**राहत**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दावा निपटान के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। संगठन ने उन मामलों में राहत दी है, जिनमें ईपीएफओ सदस्य का निधन हो गया है और उनका आधार विवरण पीएफ खाते से लिंक नहीं है या जानकारियों का मिलान यूएएन से नहीं हो रहा है। अब इनके नॉमिनी/दावेदार आधार विवरण के बिना भी पीएफ खाते की रकम पा सकेंगे।

ईपीएफओ ने इस संबंध में हाल ही में एक सर्कुलर जारी किया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के मुताबिक, ईपीएफ सदस्यों की मृत्यु के मामले में क्षेत्रीय अधिकारियों को उनके आधार विवरण को जोड़ने और उनका सत्यापन करने में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में ईपीएफ सदस्य के नॉमिनी और कानूनी उत्तराधिकारियों को भुगतान करने में विलंब हो रहा था।




### क्षेत्रीय अधिकारी देंगे इसके लिए मंजूरी

ईपीएफओ के अनुसार, चूंकि सदस्य की मृत्यु के बाद आधार विवरण को ठीक नहीं किया जा सकता है, इसलिए अब सभी मृत्यु मामलों में आधार को जोड़े बिना भौतिक आधार पर दावा सत्यापन को मंजूरी दे दी गई है। यह केवल क्षेत्रीय अधिकारी की अनुमति के बाद ही किया जा सकेगा। यही नहीं ऐसे मामलों में धोखाधड़ी रोकने के लिए मृतक की सदस्यता और दावेदारों की जांच भी की जाएगी।

### नॉमिनी को आधार जमा करने की अनुमति मिलेगी

यदि आधार विवरण दर्ज किए बिना किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है, तो नामांकित व्यक्ति का आधार विवरण सिस्टम में सहेजा जाएगा और उसे हस्ताक्षर करने की अनुमति दी जाएगी। वहीं, ऐसे मामलों, जहां मृत सदस्य ने नॉमिनी नहीं बनाया हो, वहां परिवार के सदस्यों और कानूनी उत्तराधिकारियों में से किसी एक को अपना आधार जमा करने की अनुमति दी जाएगी।

### यहां लागू होगा नियम

यह नियम उन मामलों पर लागू होंगे जहां सदस्य का विवरण ईपीएफ यूएएन में सही है, लेकिन आधार डाटा में गलत है। वहीं, अगर आधार में विवरण सही है लेकिन यूएएन में गलत है तो नॉमिनी को इसके लिए अलग से प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### यहां होती थी दिक्कत

1. आधार में गलत/आधा अधूरा विवरण या आधार में अन्य तकनीकी दिक्कतें
2. लंबे वक्त तक आधार संख्या का निष्क्रिय होना, जिससे विवरण का अपडेट न होना
3. आधार का ईपीएफओ के यूएएन खाते में दर्ज विवरण से मिलान न होना
4. सदस्य द्वारा पीएफ खाते में नॉमिनी दर्ज न करना, इससे दावा निपटान में दिक्कत

# म्यूचुअल फंड ने शेयरों में 1.3 लाख करोड़ लगाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड उद्योग (एमएफ) ने इस साल भारतीय शेयरों में मजबूत भरोसा दिखाया और लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया। यह वृद्धि मुख्य रूप से खुदरा निवेशकों के बढ़े हुए भरोसे और शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन के चलते हुई।

सेबी के आंकड़ों के अनुसार, चालू महीने के पहले पखवाड़े में म्यूचुअल फंड ने 26,038 करोड़ रुपये और अप्रैल में 20,155 करोड़ रुपये का निवेश किया। म्यूचुअल फंड ने 2024 में सबसे अधिक खरीदारी मार्च में की और इस दौरान शुद्ध निवेश 44,233 करोड़ रुपये रहा। उन्होंने फरवरी में 14,295 करोड़ रुपये और जनवरी में 23,010 करोड़ रुपये का निवेश किया। आंकड़ों के मुताबिक ,इक्विटी में म्यूचुअल फंड का निवेश 2024 में (16 मई तक) लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

विशेषज्ञों का कहना है कि प्रभावशाली लोगों और उद्योग के दिग्गजों के आश्चर्यजनक उदाहरणों के कारण एसआईपी में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है।

## आर्थिक वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 6.9 से 7 प्रतिशत तक रह सकती है।

रेटिंग एजेंसी के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने यह अनुमान जताया है। सरकार चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरुआती अनुमान 31 मई को जारी करेगी।

## तिमाही नतीजों पर बाजार की नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंपनियों के तिमाही नतीजे और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजार का रुख तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा।

मुंबई में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के कारण सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा आम चुनाव की वजह से निवेशक अभी सतर्क रुख अपना सकते हैं।

## कारोबारी चर्चा
कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

### टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में KIIT DU चमका



14 मई को टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग की घोषणा की गई। अपनी अकादमिक रैंकिंग में एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, KIIT डीम्ड यूनिवर्सिटी 2024 के लिए टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत में 11वें स्थान पर पहुंच गई है। यह कदम केआईआईटी के निरंतर सुधार और उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है।

### फ्यूजन एक्स-2024 में बिरला पब्लिक स्कूल, किशनगढ़ के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन...



बिरला पब्लिक स्कूल, किशनगढ़ ने 10-11 मई 2024 को 'फ्यूजन एक्स-2024' नामक प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, फ्रेंच और कंप्यूटर आदि जैसे अनेक विषयों पर प्रदर्शनियां आयोजित की गई।10 मई 2024 को मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य व शिक्षाविद् श्रीमान एंड्रयु रोजारियो और किशनगढ़ मार्बल सिटी एसोसियशन के अध्यक्ष श्रीमान सुधीर जैन ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

### (एसीबीएसपी), यूएसए द्वारा प्रमाणित है एएसबीएम विश्वविद्यालय




एएसबीएम पूर्वी भारत में पहला और एकमात्र विश्वविद्यालय है जो अमेरिका के बिजनेस स्कूल और प्रोग्राम्स के प्रमाणन परिषद (एसीबीएसपी), यूएसए के द्वारा प्रमाणित है जो एएसबीएम विश्वविद्यालय के छात्रों को एसीबीएसपी के तहत दुनियाभर में 1500 से अधिक प्रमुख विश्वविद्यालयों में उच्च अध्ययन के अवसर प्रदान करता है। यह कौशल विकास और मूल्य-आधारित पाठ्यक्रमों के साथ 4-वर्षीय डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है।

### आरसी लाहोटी मेमोरियल लेक्चर सीरीज के आयोजन में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द पहुंचे...




मानव रचना विश्वविद्यालय (एमआरयू) के स्कूल ऑफ लॉ की ओर से प्रतिष्ठित जस्टिस आरसी लाहोटी मेमोरियल लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया। माननीय जस्टिस आरसी लाहोटी की समृद्ध कानूनी विरासत की स्मृति में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय श्री राम नाथ कोविन्द ने शोभा बढ़ाई, जबकि बतौर सम्मानित अतिथि भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश माननीय जस्टिस यूयू ललित शामिल हुए।

### मैक्रोवर्ल्ड ने बिहार शरीफ में अपना एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च किया




पुरुषो, महिलाओं और बच्चों के लिए अपने स्टाइलिश और आरामदायक कपड़ों के लिए प्रसिद्ध भारतीय परिधान ब्रांड मैक्रोवर्ल्ड बिहारशरीफ, भरावपर जिला परिषद मार्केट में अपने नए स्टोर का भव्य उद्घाटन किया है। यह नया फैशन स्टोर मैक्रोवर्ल्ड के लिए एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतीक है जिससे उनके प्रीमियम क्वालिटी वाले कपड़े बिहारशरीफ के ग्राहकों के लिए और भी अधिक सुलभ हो जाएंगे।

### वी-मार्ट का शानदार ऑफर 'बाय वन गेट वन फ्री'




वी-मार्ट पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए टी-शर्ट के 10,000 से अधिक विकल्प ले कर आया है। मौसम को ध्याम में रखते हुए यहां ट्रेंडी फैसन के अनुरूप आरामदायक, फिट और लहरदार डिजाइनों के साथ अलग-अलग रंगों का मिश्रण देखने को मिल रहा है। कैरेक्टर प्रिंट, पोलो स्टाइल से लेकर चेस्ट प्रिंट और फ्रंट-एंड-बैक डिजाइन से लेकर फंकी टी-शर्ट तक का कलेक्शन यहां उपलब्ध है।

### सुशांत विश्वविद्यालय, गुरुग्राम में परीक्षा सुधार...

डीन और संकाय को संबोधित करते हुए, सुशांत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राकेश रंजन ने वर्ष 2024 से किए गए परीक्षा सुधारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 53वीं डीन और निदेशक परिषद की बैठक में शिक्षा परीक्षा प्रणाली में बड़े सुधार किए गए। शैक्षणिक सत्र 2024 से प्रस्तावित पहला सुधार यह है कि विश्वविद्यालय ने छात्रों को स्थानीय भाषा, अंग्रेजी या दोनों के मिश्रण में अंतिम परीक्षा लिखने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय ने स्कूल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च स्थापित करने का भी निर्णय लिया है।

## अपना देश

# गोरखपुर से आईएसआई का जासूस गिरफ्तार

**शिकंजा**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के जासूस राम सिंह को गोरखपुर के पिपराइच थाना क्षेत्र स्थित उसके पैतृक गांव रमवापुर से गिरफ्तार किया है। राम सिंह ने हनी ट्रैप में फंसकर भारतीय नौसेना के बारे में संवेदनशील सूचनाएं आईएसआई को दी थीं। राम सिंह गोवा शिपयार्ड नेवल बेस में पार्ट टाइम वर्कर के तौर पर काम करता था।

एटीएस को खुफिया स्रोतों से ऐसी सूचनाएं मिल रही थीं कि आईएसआई के एजेंट छद्म नामों से भारतीय नौसेना के कर्मचारियों तथा शिपयार्डो में काम करने वाले प्राइवेट व्यक्तियों के संपर्क में हैं। वे इन कर्मचारियों को बहला फुसला कर या धन का लालच देकर भारतीय नौसेना से संबंधित गोपनीय एवं संवेदनशील सूचनाएं व दस्तावेज प्राप्त किए जा रहे हैं। इसके लिए इन कर्मचारियों को विभिन्न माध्यमों से धन भेजा जा रहा है। इस सूचना को विकसित करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि राम सिंह एक पाकिस्तानी महिला जासूस के संपर्क में है और पाकिस्तानी एजेंटों द्वारा राम सिंह के बैंक खाते में लगातार धन मुहैया कराया जा रहा है। इतना ही नहीं राम सिंह द्वारा पाकिस्तानी एजेंटों के लिए भारतीय नौसेना व सेना की गोपनीय सूचना देने वाले पाकिस्तानी एजेंटों के साथियों को धन उपलब्ध कराया गया है। एटीएस ने पहले राम सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। फिर रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



### अहम सूचनाएं दीं

- हनी ट्रैप में फंसकर पाकिस्तानी को दी भारतीय नौसेना की अहम सूचनाएं
- भारतीय नौसेना के युद्धक जहाजों की फोटो भी पाकिस्तानी एजेंट को भेजी
- आरोपी राम सिंह के बैंक खाते में पाकिस्तान से भेजी गई रकम

### तीन साल पहले भी हनी ट्रैप में फंसा था राम सिंह

राम सिंह ने पूछताछ में एटीएस को बताया कि वह लगभग तीन वर्ष से फेसबुक व व्हाट्सअप के जरिए पाकिस्तानी महिला जासूस कीर्ति कुमारी (छद्म नाम) के संपर्क में था। वह गोवा शिपयार्ड नेवल बेस में पार्ट टाइम वर्कर के तौर पर भारतीय नौसेना के युद्धक जहाजों में इनसुलेशन लगाने का काम करता था। शिपयार्ड में नेवी के बहुत सारे युद्धक जहाज जैसे आईएनएस विक्रमादित्य व आईएनएस विक्रांत आदि आते थे। उसने आईएसआई एजेंट को भारतीय नौसेना के युद्धक जहाजों की फोटो भी भेजी है। पाकिस्तानी महिला जासूस कीर्ति कुमारी ने राम सिंह के बैंक खाते में काफी धनराशि जमा कराई है। जमा कराए गए रुपये को राम सिंह ने पाकिस्तानी एजेंट के कहने पर आईएसआई के लिए काम करने वाले एजेंटों के बैंक खातो में ट्रांसफर किया है। इस मामले में एटीएस ने अपने लखनऊ थाने में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त राम सिंह गिरफ्तार किया है।

## तस्करों पर पीएसए के तहत मामला दर्ज

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को मादक पदार्थों के दो कथित तस्करों के खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया। किश्तवाड़ के एसएसपी अब्दुल कयूम ने कहा कि मोमिन कमाल और एजाज अहमद की पहचान किश्तवाड़ शहर में युवाओं को ड्रग्स आपूर्ति करने वालों के रूप में की गई है।

पीएसए के तहत उनकी हिरासत मादक पदार्थों के खतरे से निपटने के लिए एक बहुआयामी रणनीति का हिस्सा है। दोनों तस्करी के कई मामलों में नामजद हैं, इसलिए पूछताछ के लिए हिरासत जरूरी है।

# मध्य प्रदेश में दलित दंपति को खंभे से बांधकर पीटा

**शर्मनाक**

**अशोक नगर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में बुजुर्ग दलित दंपति से मारपीट का मामला सामने आया है। रविवार को पुलिस ने बताया कि 65 वर्षीय दलित व्यक्ति और उनकी 60 वर्षीय पत्नी को लोगों ने ने पीटा और जूतों की माला पहनाई।

पुलिस के अनुसार, बुजुर्ग दंपति का बेटा छेड़छाड़ की घटना में शामिल था, जिसके बाद 10 लोगों ने घटना को अंजाम दिया। फिलहाल, पुलिस ने सभी फरार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

दंपति से मारपीट की घटना मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत किलोरा गांव में शुक्रवार को हुई। दंपति का बेटा कथित तौर पर एक आरोपी की पत्नी से छेड़छाड़ में शामिल था।

## कारोबारी को अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कोयला परिवहन पर अवैध उगाही से जुड़े एक धनशोधन मामले में गिरफ्तार छत्तीसगढ़ के एक कारोबारी को इस बात का संज्ञान लेते हुए अंतरिम जमानत दे दी कि वह पहले ही एक साल और सात महीने की कैद काट चुका है। शीर्ष अदालत छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने आठ अप्रैल को उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

# 'आतंकियों को कुचलने की छूट'

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि सरकार ने सुरक्षा बलों को आतंकियों व उनके सहयोगियों को कुचलने की खुली छूट दे दी है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।

आतंकियों ने शनिवार रात शोपियां में एक पूर्व सरपंच व भाजपा नेता हत्या कर दी थी और अनंतनाग में जयपुर के पर्यटक जोड़े फरहा व उनके पति तबरेज को गोली मारकर घायल कर दिया था।

### जल्द दी जाएगी सजा



मनोज सिन्हा ने कहा, पहलगाम में पर्यटकों पर हमला दुखद है। मुझे सुरक्षा बलों पर पूरा भरोसा है। आतंकियों को जल्द सजा दी जाएगी। वे तत्व जो आतंकियों की मदद कर रहे हैं और जम्मू-कश्मीर की विकास यात्रा को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं, हमारे सुरक्षा बल उनका पता लगा लेंगे।

> हमले का उद्देश्य पर्यटन को परेशान करना व नुकसान पहुंचाना और आतंकवाद के काले दिनों को वापस लाना था।
> – कविंदर गुप्ता, भाजपा नेता

> घाटी में आतंकवाद अस्तित्व में है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह किस पार्टी का सदस्य है। किसी को भी निशाना बना रहा है।
> – फारूख अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख

## केएनपी से भटका चीता ग्वालियर पहुंचा

**ग्वालियर (मप्र), एजेंसी।** मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) से भटक कर एक मादा चीता रविवार को ग्वालियर पहुंच गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि केएनपी प्रबंधन ने सतर्कता बढ़ा दी है और स्थानीय वन विभाग ने ग्वालियर और मुरैना जिले के जंगल से सटे गांवों में किसानों को सतर्क कर दिया है। उन्होंने बताया कि मादा चीता वीरा ने ग्वालियर जिले के एक गांव में एक बकरी का शिकार भी किया है। इस हमले के बाद इलाके के लोगों में दहशत फैल गई है।

**पहल** | पौड़ी डबरालस्यूं पट्टी में हुई छह महीने तक शूटिंग, वास्तविक अभिनय के लिए गांव के बच्चों ने ही निभाए फिल्म में मुख्य किरदार

# पहाड़ के बच्चों के संघर्ष को दिखाएगी फिल्म फूली

■ **संजीव कंडवाल**

**देहरादून।** पहाड़ सैलानियों को तो आकर्षित करते हैं लेकिन वहां का जीवन इतना सरल नहीं होता, जितना मैदानी इलाकों का। बात बच्चों की हो तो यह और कठिनाई भरा हो जाता है। स्कूल जाने से लेकर खेलकूद के वक्त तक में जंगली जानवरों का भय तो होता ही है, साफ पेयजल तक पहाड़ों पर मयस्सर नहीं होता।

ऐसे ही बच्चों की कहानी को फिल्म 'फूली' में पिरोया गया है। इसके माध्यम से आप उनके संघर्षों से रू-ब-रू हो सकेंगे। पहाड़ के संघर्षशील बच्चों के जीवन को दर्शाती फिल्म की कहानी एक बच्ची 'फूली' को केंद्रित करते हुए बुनी गई है। 'फूली' ऐसी बच्ची की कहानी है, जिसकी मां का निधन हो चुका है। पिता शराब पीने के आदी हैं और उसे स्कूल नहीं भेजते। इस बीच एक जादूगर 'फूली' के जीवन में उम्मीद जगाता है। घर-खेत के काम, जंगल से लकड़ी लाने जैसे कामों के साथ 'फूली' कैसे अपनी मंजिल हासिल करती है, इस जद्दोजहद को फिल्म में दर्शाया गया है। निर्माता निर्देशक अविनाश ध्यानी की फिल्म की शूटिंग पौड़ी की डबरालस्यूं पट्टी में हुई है।



फिल्म फूली में मुख्य किरदार निभाने वाली रिया बलूनी।

**07** जून को यह फिल्म रिलीज हो रही है

### बच्चों की वर्कशॉप कराई

ध्यानी के मुताबिक, बच्चों का मामूली ऑडिशन लिया गया, इसके बाद दो तीन दिन की एक्टिंग वर्कशॉप के बाद सभी बच्चे मंझे हुए कलाकार की तरह सामने आए। पहाड़ के बच्चों का संघर्ष उन्हीं के अभिनय के जरिए बयां करनी वाली फिल्म 'फूली' सात जून को रिलीज हो रही है।

### बच्चों ने किया अभिनय

ध्यानी ने बताया कि मुख्य किरदारों की भूमिका भी गांव के बच्चों ने ही निभाई है। फिल्म की पूरी शूटिंग छह महीने तक पौड़ी के तिमली, डाबर, डंगला, देवीखेत, ढौंरी आदि गांवों में हुई। मुख्य किरदार गांव की बेटी रिया बलूनी ने निभाया है, जो देवीखेत इंटर कॉलेज में ही पढ़ती है। इसके साथ ही प्रिंस जुयाल, निधि बलूनी, अंकिता, सलोनी, आयुषी डबराल, साहिल, पंकज, नरोत्तम, अरुण, भगत सिंह गुसाईं, अवनीश डबराल ने भी भूमिका निभाई है।



■ सनराइजर्स ने अपने अंतिम लीग मैच में पंजाब को चार विकेट से धोया ■ प्रभसिमरन की पारी पर भारी पड़ा शर्मा का तेज-तर्रार पचासा

# अभिषेक के धमाके से जीता हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी। पंजाब के ओपनर प्रभसिमरन सिंह (71) की पारी पर हैदराबाद के अभिषेक शर्मा (66) की तेज तर्रार पारी भारी बड़ी। अभिषेक की 28 गेंद में छह छक्कों और पांच चौकों से सजी पारी से सनराइजर्स हैदराबाद ने राजीव गांधी स्टेडियम में पांच गेंद रहते चार विकेट की शानदार जीत के साथ ग्रुप चरण का अंत किया।

वहीं पंजाब किंग्स ने हार के साथ विदा ली। हैदराबाद ने 215 रन का लक्ष्य 19.1 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। हैदराबाद की टीम तालिका में दूसरे स्थान पर रही। अब वह मंगलवार को पहले क्वालीफायर में कोलकाता से खेलेगी। राजस्थान और बेंगलुरु 22 मई को एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगे।

**अभिषेक-त्रिपाठी की साझेदारी :** लक्ष्य का पीछे करने उतरे हैदराबाद को अर्शदीप ने पारी की पहली ही गेंद पर हेड (0) को बोल्ड कर झटका दिया। वापसी कर रहे त्रिपाठी (33) और शानदार लय में चल रहे अभिषेक पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 30 गेंद में 72 जोड़ डाले। हर्षल ने नो बॉल पर त्रिपाठी से छक्का खाने के बाद उन्हें पवेलियन की राह दिखाई। अभिषेक ने नीतीश (37) के साथ तीसरे विकेट के लिए 31 गेंद में 57 रन जोड़े। इस बीच अभिषेक ने 21 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद बरार के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्के जड़ दिए। शशांक ने अभिषेक की तेजतर्रार पारी का अंत किया।

**क्लासेन का धमाल :** नीतीश और क्लासेन (42) ने पंजाब के गेंदबाजों की धुनाई जारी रखी। हर्षल ने धीमी गेंद पर नीतीश को गच्चा देकर चलता किया तो वहीं अर्शदीप ने शाहबाज को शशांक के हाथों कैच कराया। अपने शुरुआती दो ओवरों में महंगे रहे बरार ने क्लासेन को बोल्ड कर उनकी आक्रामक पारी पर रोक लगाई। समद ने 11 रन बनाए।

**प्रभसिमरन की साझेदारियां :** इससे पहले पंजाब ने प्रभसिमरन की पारी के दम पर पांच विकेट पर 214 रन बनाए। प्रभसिमरन ने तायडे (46) के साथ पहले विकेट के लिए 55 गेंद में 97 और रोसेयु (49) के साथ दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 54 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की। तायडे और रोसेयु दोनों अपना अर्धशतक पूरा करने से चूक गए। कप्तान जितेश ने आखिरी ओवरों में 15 गेंद में नाबाद 32 रन बनाए।

**नटराजन ने दिया झटका :** प्रभसिमरन ने भुवनेश्वर तो तायडे ने कमिंस और नटराजन के खिलाफ चौके जड़कर पंजाब को आक्रामक शुरुआत दिलाई। टीम पावरप्ले में 61 रन बनाने में सफल रही। इसके बाद भी दोनों का आक्रामक अंदाज जारी रहा। तायडे ने शाहबाज का स्वागत चौके और छक्के से कर हैदराबाद पर दबाव बना दिया। नटराजन ने 10वें ओवर में तायडे को पवेलियन की राह दिखाकर उन्हें अर्धशतक से रोक दिया।

**प्रभसिमरन का दूसरा अर्धशतक :** प्रभसिमरन ने अगले ओवर में विजयकांत व्यासकांत के खिलाफ दो रन लेकर 34 गेंद में सत्र का अपना अर्धशतक पूरा कर लॉगऑन के ऊपर से छक्का जड़ दिया।

क्रीज पर आए रोसेयु ने नीतीश की गेंद पर चौका और छक्का लगाकर हाथ खोलने के बाद नटराजन की गेंद को दर्शक दीर्घा में भेजा। व्यासकांत की गेंद पर क्लासेन के शानदार कैच से प्रभसिमरन की आक्रामक पारी को खत्म किया। रोसेयु ने नीतीश के खिलाफ छक्का और चौका लगाया पर शानदार लय में चल रहे शशांक (2) उनके साथ गफलत का शिकार हो रन आउट हो गए। कमिंस ने रोसेयु और नटराजन ने आशुतोष (2) को चलता किया। हैदराबाद के नटराजन ने दो विकेट झटके।



हैदराबाद में रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी तूफानी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते सनराइजर्स के ओपनर अभिषेक शर्मा।

### पहली बार लीग के एक सत्र में दो टीमों के 150 प्लस छक्के

लीग के इतिहास में पहली बार एक नहीं बल्कि दो टीमों ने 150 प्लस छक्के लगाए। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 13 मैचों 160 छक्के लगा चुकी है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (157 छक्के, 14 मैच) की टीम शनिवार को 150 प्लस छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी थी। इससे पहले 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स ने 16 मैच में 148 छक्के लगाए थे। वहीं कोलकाता (143 छक्के, 2019) चौथे और बेंगलुरु (142 छक्के, 2016) पांचवें नंबर पर है।

### 41वीं बार 200 प्लस का स्कोर

मौजूदा टूर्नामेंट में 41वीं बार 200 प्लस का स्कोर बना। यह टी-20 क्रिकेट के किसी भी टूर्नामेंट में दूसरा सर्वाधिक है। रिकॉर्ड इंग्लैंड की टी-20 ब्लास्ट लीग के नाम दर्ज है। इसमें पिछले साल 42 बार टीमों ने दो सौ प्लस का स्कोर बनाया।

**72** रन जोड़े अभिषेक और राहुल त्रिपाठी ने दूसरे विकेट के लिए

**66** रन की पारी खेली अभिषेक ने 28 गेंद में 6 छक्कों, 5 चौकों से

### अभिषेक ने कोहली का छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा

अभिषेक आईपीएल इतिहास में एक सत्र में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने विराट कोहली (38 छक्के, 2016) का आठ साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। अभिषेक अब तक 41 छक्के लगा चुके हैं। अन्य भारतीयों में सर्वाधिक छक्के लगाने में पंत (37 छक्के, 2018), कोहली (37 छक्के, 2024) और शिवम दुबे (35 छक्के, 2023) शामिल हैं।

### प्लेऑफ की लाइन अप

**क्वालीफायर 1 : 21 मई**
कोलकाता बनाम हैदराबाद

**एलिमिनेटर : 22 मई**
बेंगलुरु बनाम राजस्थान

**क्वालीफायर 2 : 24 मई**
क्वालीफायर1 में हराने वाली टीम और एलिमिनेटर की विजेता

**फाइनल : 26 मई**
क्वालीफायर 1 और 2 के विजेता

## राजस्थान और कोलकाता का मैच बारिश में धुला

गुवाहाटी। बारिश के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को आईपीएल के ग्रुप चरण का आखिरी मुकाबला टॉस होने के बाद रद्द करना पड़ा। गीली आउटफील्ड के कारण इसे सात-सात ओवर का कराने का फैसला लिया। हालांकि इसके तुरंत बाद फिर से जोरदार बारिश आ गई और बिना कोई गेंद फेंके इस रद्द करना पड़ा। इससे राजस्थान की दूसरे स्थान पर रहने की उम्मीदें भी धुल गईं। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। इससे कोलकाता 20 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। हैदराबाद दूसरे, राजस्थान तीसरे और बेंगलुरु चौथे पर। बारिश ने बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे प्रशंसकों के साथ ही खिलाड़ियों को भी निराश किया। मैच अधिकारियों ने रात 10.25 पर मैदान का मुआयना कर मैच करवाने का फैसला किया। कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय किया। लेकिन इसके तुरंत बाद फिर से तेज बारिश आ गई। इसके बाद दोनों कप्तानों से चर्चा के बाद मुकाबले को रद्द कर दिया गया।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 14 | 09 | 03 | 02 | +1.428 | 20 |
| हैदराबाद | 14 | 08 | 05 | 01 | +0.414 | 17 |
| राजस्थान | 14 | 08 | 05 | 01 | +0.273 | 17 |
| बेंगलुरु | 14 | 07 | 07 | 00 | +0.459 | 14 |
| चेन्नई | 14 | 07 | 07 | 00 | +0.392 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 07 | 07 | 00 | -0.377 | 14 |
| लखनऊ | 14 | 07 | 07 | 00 | -0.667 | 14 |
| गुजरात | 14 | 05 | 07 | 02 | -1.063 | 12 |
| पंजाब | 14 | 05 | 09 | 00 | -0.353 | 10 |
| मुंबई | 14 | 04 | 10 | 00 | -0.318 | 08 |

### ऑरेंज कैप

| | |
|---|---|
| कोहली (बेंगलुरु) | 708 |
| रुतुराज (चेन्नई) | 583 |
| ट्रेविस (हैदराबाद) | 533 |

### पर्पल कैप

| | |
|---|---|
| हर्षल (पंजाब) | 24 |
| बुमराह (मुंबई) | 20 |
| अर्शदीप (पंजाब) | 19 |




## स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स : | 214/5 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| अथर्व क. सिंह ब. नटराजन | 46 | 27 | 5/2 |
| प्रभसिमरन क. क्लासेन ब. विजय | 71 | 45 | 7/4 |
| रिली क. समद ब. कमिंस | 49 | 24 | 3/4 |
| शशांक रनआउट | 02 | 04 | 0/0 |
| जितेश शर्मा नॉटआउट | 32 | 15 | 2/2 |
| आशुतोष क. सिंह ब. नटराजन | 02 | 03 | 0/0 |
| शिवम सिंह नॉटआउट | 02 | 03 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 10 | | |

विकेट पतन : 1/97, 2/151, 3/174, 4/181, 5/187.

| गेंदबाजी | |
|---|---|
| भुवनेश्वर कुमार | 4-0-36-0 |
| पैट कमिंस | 4-0-36-1 |
| टी. नटराजन | 4-0-33-2 |
| विजयकांत विश्यकांत | 4-0-37-1 |
| शाहबाज अहमद | 1-0-13-0 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 3-0-54-0 |

**सनराइजर्स हैदराबाद : 215/6 (19.1 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड ब. अर्शदीप | 00 | 01 | 0/0 |
| अभिषेक क. शिवम ब. शशांक | 66 | 28 | 5/6 |
| राहुल क. अर्शदीप ब. पटेल | 33 | 18 | 4/2 |
| नीतीश क. शिवम ब. पटेल | 37 | 25 | 1/3 |
| क्लासेन ब. बरार | 42 | 26 | 3/2 |
| अहमद क. सिंह ब. अर्शदीप | 03 | 06 | 0/0 |
| समद नॉटआउट | 11 | 08 | 0/1 |
| संवीर नॉटआउट | 06 | 04 | 1/0 |
| अतिरिक्त | 17 | | |

विकेट पतन : 1/0, 2/72, 3/129, 4/176, 5/197, 6/206.

| गेंदबाजी | |
|---|---|
| अर्शदीप सिंह | 4-0-37-2 |
| ऋषि धवन | 3-0-35-0 |
| हर्षल पटेल | 4-0-49-2 |
| राहुल चाहर | 4-0-43-0 |
| हरप्रीत बरार | 3-0-36-1 |
| शशांक सिंह | 1-0-5-1 |
| अथर्व ताइदे | 0.1-0-4-0 |

## मनु भाकर चयन ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज

**पेरिस ओलंपिक**

भोपाल, एजेंसी। ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में सबसे सफल निशानेबाज रहीं। उन्होंने रविवार को यहां अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की।

**स्पोर्ट्स पिस्टल में भी चमकीं :** मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल में यह चौथी जीत रही। उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते। मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया। उन्होंने हांग्झोउ एशियाड की चैंपियन पलक को 4.4 अंक से पछाड़ा। रिदम सांगवान ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इससे पहले इलावेनिल वेलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी4 में 254.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर चीन की हान जियायू के इस महीने बाकू विश्व कप में बनाए 254.0 के विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक अधिक रहा। रमिता (253.3) और मेहुली घोष (230.3) दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

**दिव्यांश अव्वल रहे :** दिव्यांश पंवार ने पुरुषों की एयर राइफल ओएसटी टी4 में 253.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.4 कम रहा।

अर्जुन बबूता (250.0) और रुद्रांक्ष पाटिल (229.5) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में रविंदर सिंह 242.2 के स्कोर से विजेता रहे। वरुण तोमर (239.4) दूसरे और सरबजोत सिंह (218.9) तीसरे स्थान पर रहे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ओलंपिक टीम चुनने के लिए पिस्टल और राइफल में चार ट्रायल्स की सीरीज आयोजित कर रहा है। भारतीय निशानेबाज अब म्यूनिख में विश्व कप राइफल और पिस्टल (31 मई-8 जून) में टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।



**02** स्पर्धाओं के ट्रायल में मनु की चौथी जीत रही

■ इलावेनिल 10 मीटर एयर राइफल में जीतीं

## रोहित निजता के उल्लंघन को लेकर भड़के

**विवाद**

■ अभिषेक नायर के साथ बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई
■ बोले, कैमरा हरदम क्रिकेटरों का पीछा करता रहता है



नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उन्होंने नाराजगी भरे लहजे में कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।

**बातचीत वायरल होने पर खफा :** रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर की बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई है। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे हैं।

रोहित ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, मेरे मना करने के बावजूद उन्होंने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है।

**दखल बढ़ रहा :** उन्होंने साथ ही लिखा, क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है। चाहे हम निजी तौर पर दोस्तों, साथी खिलाड़ियों से अभ्यास या मैच के दिन बात कर रहे हों।

दर्शकों की संख्या बढ़ाने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया पर मची होड़ से निराश भारतीय कप्तान ने कहा, एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।

**11 मई का वाक्या :** यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने वह वीडियो हटा दिया था।

**ऑडियो बंद करने का अनुरोध :** 17 मई को रोहित लखनऊ के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे। बातचीत की रिकॉर्डिंग करते देख उन्होंने हाथ जोड़कर प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा था, भाई ऑडियो बंद करो, 'ऑलरेडी' एक ऑडियो ने मेरा वाट लगा दिया है।

रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम टी-20 विश्व कप खेलेगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित की जगह इस सत्र में हार्दिक पांड्या को कमान मिली थी।

## सुकांत, तरुण को पैरालंपिक टिकट

नई दिल्ली। शीर्ष भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरुण और सुहास ने पेरिस पैरालंपिक का टिकट कटा लिया है। सुकांत पहली बार पैरालंपिक में हिस्सा लेंगे और एसएल 4 वर्ग में खेलेंगे। एसएल 4 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके शरीर के एक तरफ या दोनों पैरों में निचले स्तर पर मूवमेंट प्रभावित होता है। उनके अलावा तरुण और सुहास ने भी इसी वर्ग में क्वालीफाई किया।

## निषाद को लगातार दूसरे साल रजत

**पैरा एथलेटिक्स**

कोबे (जापान), एजेंसी। भारत के लिए ऊंची कूद के एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को कोबे पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

**रोड्रिक को सोना :** अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड (2.05 मीटर) ने स्वर्ण पदक जीता। टोक्यो पैरालंपिक के रजत विजेता निषाद ने ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया। निषाद ने पिछले साल भी रजत पदक जीता था।

अन्य भारतीय राम पाल अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ 1.90 मीटर के प्रदर्शन से छठे स्थान पर रहे। टी47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है।

प्रीति ने टी35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकंड के समय से तीसरा स्थान हासिल किया। इस वर्ग में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिन्हें समन्वय संबंधित विकृति होती है।

**दीप्ति फाइनल में :** दीप्ति जीवनजी ने टी20 400 मीटर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने 56.18 सेकंड के एशियाई रिकॉर्ड समय से हीट रेस जीती। चैंपियनशिप 25 मई तक चलेगी।

## खेल 30s

### त्वेसा मलिक 67 के कार्ड से 21वें स्थान पर



ब्रेंडनबर्ग (जर्मनी)। भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में पांच अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला। इससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। यह लेडीज यूरोपीय टूर में करीब चार साल में त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ राउंड है। वह लेडीज यूरोपीय टूर कार्ड (एलईटी) बरकरार रखने की कोशिश में जुटी हैं। उन्होंने तीसरे दौर में एक ईगल और पांच बर्डी लगाई जबकि दो बोगी कर बैठीं। यह 2021 के बाद एलईटी पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत की कट हासिल करने वाली प्रणवी उर्स (71) और दीक्षा डागर (73) संयुक्त 31वें और संयुक्त 43वें स्थान पर हैं।

### चिदंबरम को शारजाह शतरंज में एकल बढ़त

शारजाह। भारतीय ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम ने ए आर सालेह सलेम को हराकर शारजाह मास्टर्स शतरंज में एकल बढ़त बना ली है। उनके पांच में से 4.5 अंक हैं। चिदंबरम के बाद चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर हैं जिनमें ईरान के अमीन टाबाटाबाइ और बर्डिया दनेश्वर और अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और सैम शांकलैंड शामिल हैं। शीर्ष वरीय अर्जुन एरिगेसी आठ अन्य खिलाड़ियों के साथ 3.5 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जिनमें भारत के संकल्प गुप्ता भी हैं। टूर्नामेंट के चार दौर अभी बाकी हैं। एरिगेसी और वोलोडार मुरजिन की बाजी बराबरी पर छूटी जबकि संकल्प ने अजरबैजान के तैमूर राजदाबोव को ड्रॉ पर रोका।

### ज्वेरेव दूसरी बार बने इटैलियन ओपन चैंपियन



रोम। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दूसरी बार इटैलियन ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। दुनिया के पांचवें नंबर के जर्मनी के खिलाड़ी ने रविवार को चिली के निकोलस जैरी को लगातार सेट में एक घंटे 41 मिनट में 6-4, 7-5 से हराकर अपना छठा मास्टर्स 1000 खिताब जीता। इससे पहले ज्वेरेव ने 2017 में यह खिताब जीता था। 27 साल के ज्वेरेव ने 1990 के बाद से सबसे ज्यादा 11 मास्टर्स फाइनल खेलने के महान खिलाड़ी बोरिस बेकर के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। इससे पहले सारा ईरानी और जैस्मीन पाओलिनी की गैर वरीय जोड़ी ने महिला युगल खिताब जीता। उन्होंने कोको गफ और इरिन रॉटलिफ की जोड़ी को 6-3, 4-6, 10-8 से शिकस्त दी।

### मैनचेस्टर सिटी को चौथा प्रीमियर लीग खिताब

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी ने फिल फोडेन के दो गोलों (2रा, 18वां मिनट) और रोडरी के एक गोल (59वां मिनट) की मदद से रविवार को रिकॉर्ड चौथा प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीत लिया। उसने अपने आखिरी मुकाबले में वेस्ट हैम को 3-1 से हरा दिया। पराजित टीम की ओर से एकमात्र गोल मोहम्मद कुदुस ने 42वें मिनट में किया। इसके साथ उसने 38 मैचों में 91 अंक के साथ शीर्ष टीम के रूप में लीग का सफर खत्म किया और दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल को 2 अंक से पछाड़ दिया। इसके साथ ही सिटी लगातार रिकॉर्ड चार साल यह खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई है।

### सोशल मीडिया से



इंग्लैंड की महिला टेनिस खिलाड़ी एमा राडुकानू ने साल की दूसरे ग्रैंड स्लैम चैंपियनशिप फ्रेंच ओपन के क्वालिफाइंग राउंड से नाम वापस ले लिया है। पिछले सप्ताह आयोजकों ने उन्हें वाइल्ड कार्ड दे से मना कर दिया था। हालांकि एलिजे कॉर्नेट क्रिस्टिना म्लादेनोविक समेत कई खिलाड़ियों को मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। उसके बाद आयोजकों ने रविवार को जब क्वालिफाइंग के ड्रॉ सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी किए तो उसमें एमा का नाम नहीं था। हालांकि उन्होंने नाम वापस लेने का कोई कारण नहीं बताया है। टूर्नामेंट 20 मई से 9 जून तक खेला जाएगा।

## ...तो धौनी ने खेल लिया आईपीएल का अंतिम मैच

चेन्नई के सत्र के आखिरी मैच के साथ ही 'थाला (बड़ा भाई)' धौनी को लेकर कयास का दौर शुरू हो गया। माना जा रहा है कि बेंगलुरु के खिलाफ शनिवार को खिलाड़ी के रूप में उन्होंने आखिरी मैच खेल लिया। हार के बाद कूल रहने वाले माही उनके खिलाड़ियों से हाथ मिलाए बिना चले गए। उनके टीम के पूर्व साथी आरपी सिंह ने उनकी एक तस्वीर शेयर की है।



धौनी ने बेंगुलरु के खिलाफ मैच में 13 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के से 192.30 की स्ट्राइक रेट से 25 रन बनाए।

**161** रन बनाए आठवें नंबर पर खेलते हुए 11 पारियों में 53.66 की औसत और 220.55 की स्ट्राइक रेट से

**27** बाउंड्री (13 छक्के, 14 चौके) लगाए इस बीच और सिर्फ 27 रन ही उन्होंने एक-दो से बटोरे

### आईपीएल में धौनी का ओवरऑल प्रदर्शन

| मैच | रन | सर्वोच्च | औसत | स्ट्राइक रेट | 4/6 | कैच/स्टंप |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 264 | 5243 | 84* | 39.13 | 137.54 | 363/252 | 152/42 |

### चेन्नई के लिए प्रदर्शन

| मैच | रन | सर्वोच्च | औसत | स्ट्राइक रेट | 4/6 |
|---|---|---|---|---|---|
| 234 | 4669 | 84* | 40.25 | 139.28 | 330/222 |

### माही के नाम लीग में रिकॉर्ड

| 264 | 194 | 266 | 133 | 222 |
|---|---|---|---|---|
| सर्वाधिक मैच खेलने वाले | सर्वाधिक शिकार किए | मैच कप्तान के रूप में | मैच जीतने वाले अकेले कप्तान | छक्के चेन्नई के लिए लगाए |



बेंगलुरु में शनिवार को महेंद्र सिंह धौनी के कंधे पर हाथ रखे हुए आरपी सिंह। साथ में टीम के पूर्व साथी सुरेश रैना।

"जरूरी नहीं है कि हर एक कहानी का अंत अच्छा हो, इतिहास सदैव उनका स्मरण करता है जो समर में आखिरी तक डटे रहे! -आरपी सिंह

"मुझे लगता है कि धौनी ने अपना आखिरी मैच खेल लिया है। ऐसा नहीं है कि हम आईपीएल में उन्हें आखिरी बार देख रहे हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होगा अगर वह आधिकारिक क्षमता में सीएसके के परिवार का मार्गदर्शन नहीं करेंगे या उसका हिस्सा नहीं बनेंगे। -मैथ्यू हेडन, पूर्व खिलाड़ी, चेन्नई

दुर्घटना स्थल का इलाका पथरीला, खराब मौसम और बारिश के बीच यहां पहुंचने में राहत और बचाव दल को हो रही मुश्किल

# रईसी के हेलीकॉप्टर की तलाश में कोहरा बड़ी बाधा

दुबई, एजेंसी। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर तक पहुंचने में रविवार को खराब मौसम और जंगली इलाका बाधा बन रहा है। रास्ता भी ऊबड़-खाबड़ है और वहां पहुंचना कठिन है। इसलिए रेस्क्यू ऑपरेशन में कठिनाई आ रही है।

सरकारी टीवी ने बताया गया कि बचाव दल मौके पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन खराब मौसम के कारण बचाव अभियान बाधित हो रहा है। तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और कोहरे की सूचना मिली है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रवक्ता कैरिन जीन-पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति को स्थिति के बारे में जानकारी दी गई है। हम हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त रिपोर्टों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

**रईसी के लिए दुआएं :** ईरान के सभी धार्मिक स्थलों में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के लिए दुआएं की गईं। लोगों ने उनके सुरक्षित रहने की दुआ की।

**इब्राहिम रईसी 2021 में बने थे ईरान के राष्ट्रपति :** साल 2021 में कट्टरपंथी नेता इब्राहिम रईसी ईरान के राष्ट्रपति बने थे। राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने से पहले भी कई वजहों से इब्राहिम रईसी चर्चाओं में रहे। वे सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के करीबी माने जाते हैं। वह ही खामनेई के उत्तराधिकारी भी हो सकते हैं। इब्राहिम रईसी पहले ईरानी राष्ट्रपति हैं, जिन पर पदभार संभालने से पहले ही अमेरिका प्रतिबंध लगा चुका है। रईसी 1988 में सरकारी वकील थे। तब उन्होंने पांच हजार राजनेताओं को देशद्रोही साबित कर दिया था। इन सभी को फांसी की सजा सुनाई गई थी। इस घटना के बाद अमेरिका ने रईसी पर बैन लगा दिया था।

## राष्ट्रपति की मौत पर क्या है ईरान का संविधान


ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी।

यदि ईरान में किसी राष्ट्रपति की पद पर रहते हुए अचानक निधन हो जाए तो ईरान का संविधान में कुछ प्रावधान हैं –

- इस्लामिक गणराज्य के संविधान अनुच्छेद 131 के अनुसार, यदि किसी राष्ट्रपति की पद में रहते हुए मृत्यु हो जाती है, तो सर्वोच्च नेता के तौर पर उपराष्ट्रपति पदभार संभालता है। इसका राज्य के सभी मामलों में अंतिम अधिकार होता है।
- उपराष्ट्रपति, संसद के अध्यक्ष और न्यायपालिका के प्रमुख से बनी एक परिषद का गठन होगा, जो अधिकतम 50 दिनों की अवधि के भीतर नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव की व्यवस्था करनी होगी।
- रईसी 2021 में राष्ट्रपति चुने गए थे और वर्तमान नियम के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव 2025 में होने वाले हैं। ऐसे में अगले दो महीने के अंदर ईरान में राष्ट्रपति चुनाव कराने की तैयारी होगी।


ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर की दुर्घटना के बाद तलाश और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। • एजेंसी

> खराब मौसम और कोहरे के कारण रेस्क्यू टीम को हेलीकॉप्टर तक पहुंचने में समय लग सकता है। यह क्षेत्र थोड़ा उबड़-खाबड़ है।
>
> –अहमद वाहिदी, ईरान के मंत्री

## संकट की इस घड़ी में ईरानी लोगों के साथ: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिंता जताई है। उन्होंने रविवार रात सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज राष्ट्रपति रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के संबंध की रिपोर्टों से अत्यधिक चिंतित हूं। हम संकट की इस घड़ी में ईरानी लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और राष्ट्रपति और उनके साथियों की भलाई के लिए प्रार्थना करते हैं।

# बेंगलुरु से उड़ान भरते ही विमान के इंजन में आग

कोच्चि, एजेंसी। कर्नाटक के बेंगलुरु हवाई अड्डे से केरल के कोच्चि जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान संख्या क1132 के दाएं इंजन में उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। विमान के चालक दल ने तुरंत उसे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर आपातकालीन लैंडिंग कराई। आग की जानकारी जैसे ही यात्रियों को मिली, वे सहम गए।

केआईए का प्रबंधन करने वाले बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि शनिवार को 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को ले जा रहे विमान के इंजन में बेंगलुरु से रवाना होने के तुरंत बाद आग लग गई। चालक दल ने तुरंत वायु यातायात नियंत्रक को सूचना दी। हवाई अड्डे पर पूर्ण पैमाने पर आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू हुई। विमान को रात 11:12 बजे सुरक्षित रूप से उतारा गया। अग्निशमन दल ने तेजी से आग पर काबू पा लिया।

### यात्रियों ने आई परेशानी की शिकायत भी की

कुछ यात्रियों ने कोच्चि की यात्रा के लिए दूसरे विमान की व्यवस्था करने में हुई देरी के कारण निकासी के बाद हवाई अड्डे पर होने वाली कठिनाइयों की शिकायत भी की। एक यात्री ने बताया, हमें अपने हैंड बैगेज के लिए लड़ना पड़ा। हालांकि, हमारे हैंड बैग हमें मिल गए, लेकिन अभी भी मेरा चेक-इन बैगेज नहीं मिला है।

# आफत : सेना के अस्पताल में धुआं भरा

जंगल की आग

रानीखेत/अल्मोड़ा/चम्पावत। अल्मोड़ा जिले में जंगल की आग लगातार लोगों के लिए खतरा बन रही है। ताजा मामले में शनिवार देरशाम रानीखेत में माल रोड के लगी आग सैन्य अस्पताल परिसर तक पहुंच गई।

आग का धुआं अस्पताल के भीतर प्रवेश कर गया, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड और सैन्य कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। वहीं चम्पावत में क्वैराला घाटी स्थित मटेला गांव का जंगल भी शनिवार रात धधक उठा।

रानीखेत में शनिवार को पहले गोल्फ ग्राउंड के पास निचले चौकुनी के जंगल में आग लग गई। अग्निशमन ने सेना के जवानों की मदद से इस पर काबू पाया।


रानीखेत गोल्फ मैदान के पास रविवार को आग बुझाते फायर कर्मी। • हिन्दुस्तान

उसके कुछ ही देर बाद मालरोड के जंगल में आग लगने की सूचना मिली। तेज हवाओं के साथ आग की लपटें सेना के अस्पताल की ओर बढ़ने लगीं। इससे आसपास के लोगों और अस्पताल के स्टाफ में हड़कंप मच गया। मौके पर फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, तब तक धुआं अस्पताल के भीतर घुस गया।

**द्वारीखाल के जंगल में लगी आग बुझाई :** सतपुली। द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्रामसभा डबोली के वन विभाग के अधिकृत क्षेत्र में आग लग गई। रविवार को सूचना के बाद सरपंच एवं कुछ ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया गया। आग से जंगल में लाखों की वन संपदा खाक हो गई।

## नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ सुनवाई आज

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट भारतीय आपराधिक कानूनों में व्यापक संशोधन वाले तीन नए कानूनों के अधिनियमन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

पुराने कानूनों में विभिन्न प्रकार के 'दोषों और विसंगतियों' के मद्देनजर आपराधिक कानूनों में बदलाव की मांग की जाती रही है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है। लोकसभा ने पिछले साल 21 दिसंबर को तीन प्रमुख कानूनों भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक को पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 25 दिसंबर को इन विधेयकों पर अपनी मुहर लगा दी थी।

## देश-विदेश 30s

### अफगानिस्तान में बाढ़ से अब तक 84 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान में बीते शुक्रवार को आई विनाशकारी बाढ़ के बाद से अब तक 84 लोगों की मौत हो चुकी है। तालिबान अधिकारियों ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि 10 लोग अभी भी लापता है, जिनकी तलाश जारी है। बाढ़ ने करीब 3000 घरों को तबाह कर दिया है। हजारों हेक्टेयर कृषि बर्बाद हो गई है और सैंकड़ों पशु भी मारे गए हैं।

### चलती ट्रेन पर खंभा गिरा, तीन यात्री घायल

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बाहरी इलाके में रविवार को एक चलती ट्रेन के डब्बे पर पटरी के पास स्थित लोहे का खंभा गिर गया, जिससे इस घटना में कम से कम तीन यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई, जब लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) जाने वाली शालीमार एक्सप्रेस रायपुर के निकट उरकुरा रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी।

### सऊदी अरब-अमेरिका के बीच रक्षा समझौते संभव

दुबई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान ने रविवार तड़के सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की। सऊदी अरब की मीडिया ने इस मुलाकात के बाद एक बयान जारी कर कहा, सऊदी अरब और अमेरिका के बीच रणनीतिक समझौतों के मसौदे के सेमी-फाइनल संस्करण, जिसे लगभग अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### चौथी बार विश्वास मत साबित करेंगे नेपाली पीएम

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड ने विश्वास जताया है कि वह सोमवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत जीत जाएंगे। एक गठबंधन सहयोगी द्वारा उनकी सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा है। वह पद संभालने के 18 महीने के भीतर चौथी बार संसद में विश्वास मत हासिल करेंगे। उन्होंने 25 दिसंबर 2022 को पद संभाला था।

### यूक्रेन ने रूस पर किया बड़ा ड्रोन हमला

मॉस्को। यूक्रेन ने शनिवार देर रात रूस पर बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस ने रविवार को दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने 61 ड्रोन और 9 मिसाइलों को मार गिराया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, पिछली रात में, रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ अमेरिकी एटीएसीएमएस परिचालन–सामरिक मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया गया। वायु रक्षा प्रणालियों ने क्रीमिया गणराज्य के क्षेत्र में नौ मिसाइलें और एक ड्रोन नष्ट कर दिया।

### इम्फाल पश्चिम में युवक की गोली मारकर हत्या

इम्फाल। मणिपुर में इम्फाल पश्चिम जिले के नाओरेमथोंग इलाके में अज्ञात हमलावरों की गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अज्ञात हमलवारों ने पीड़ितों के किराए के मकान के बाहर शनिवार रात करीब आठ बजे गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में मारे गए व्यक्ति की पहचान 41 वर्षीय श्रीराम हंगसदा के रूप में हुई है। वह झारखंड का निवासी था।

### जमात-ए-इस्लामी के पूर्व प्रवक्ता का आत्मसमर्पण

श्रीनगर। प्रतिबंधित संगठन जमात–ए–इस्लामी (जेईआई) के एक पूर्व प्रवक्ता ने 2019 में जेल से भागने की कोशिश के मामले में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि अली मोहम्मद लोन उर्फ जाहिद अली ने श्रीनगर में आत्मसमर्पण किया। अली के खिलाफ रणबीर दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में रैनवाड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज है।

### संदेशखाली में तृणमूल कार्यकर्ता हिरासत में

कोलकाता। संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता को एक किशोरी से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने पर शनिवार को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली इलाके के तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोप लगे हैं।

# ट्रंप-बाइडन ने एक दूसरे को घेरा

अटलांटा, एजेंसी। अमेरिका के पूर्व और वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन ने शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान के दौरान एक दूसरे पर तीखे हमले बोले।

ट्रंप डलास, टेक्सास में थे, जहां उन्हें राजनीतिक रूप से शक्तिशाली नेशनल राइफल एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त हुआ। यहां एक सभा को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, हमारे देश के इतिहास में बाइडन अब तक के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं।

एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, बाइडन हथियारों पर नियंत्रण की बात कर रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा हैं। उधर ट्रंप ने मिनेसोटा में चुनावी फंड जुटाने के लिए आयोजित रात्रिभोज कार्यक्रम में हथियार विक्रेताओं से कहा कि बाइडन बंदूकों पर रोक लगाना चाहते हैं, इसलिए उन्हें रिपब्लिकन पार्टी को वोट देना चाहिए।



> हमारे देश के इतिहास में बाइडन अब तक के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। वह हथियारों पर नियंत्रण की बात कर रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा हैं।
>
> –डोनाल्ड ट्रंप, पूर्व राष्ट्रपति, अमेरिका



> मेरा प्रतिद्वंद्वी (ट्रंप) हारा हुआ है। हम ऐसे व्यक्ति को राष्ट्रपति नहीं बनने दे सकते जो हमारे देश और बच्चों के भविष्य को दांव पर लगा दे।
>
> –जो बाइडन, राष्ट्रपति, अमेरिका

**बाइडन ने लोकतंत्र के लिए ट्रंप को बताया खतरा :** जॉर्जिया में चुनाव प्रचार कर रहे जो बाइडन ने अफ्रीकी-अमेरिकी समुदाय से समर्थन मांगा। अटलांटा में रेस्तरां मैरी मैक टी रूम में बाइडन ने समर्थकों से कहा, हमारा लोकतंत्र वास्तव में खतरे में है। बाइडन ने ट्रंप पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मेरा प्रतिद्वंदी हारा हुआ है। 2020 की हार के बाद वह बेहद निराश है। उन्होंने कहा, हम ऐसे व्यक्ति को राष्ट्रपति नहीं बनने दे सकते जो हमारे देश और बच्चों के भविष्य को दांव पर लगा दे, हमें ये दौड़ जीतनी है, खुद के लिए अमेरिका के लिए।

# भारत में जन्मी लड़की को नागरिकता देने का आदेश

अदालत से

- कोर्ट ने कहा कि लड़की अवैध प्रवासी की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आती

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से भारत में जन्मी और पली बढ़ी 17 वर्षीय लड़की को नागरिकता देने के लिए कहा है। अदालत ने भारतीय अमेरिकी (ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया) माता-पिता की पुत्री को नागरिकता देने के लिए कहा है।

न्यायमूर्ति प्रथिबा सिंह की एकल पीठ ने अपने 15 मई के आदेश में कहा याचिकाकर्ता की परिस्थितियां यह हैं कि भारत में दो ओसीआई कार्ड धारकों के घर पैदा होने, भारत में शिक्षित होने और अपने परिवार के साथ भारत में रहने के बावजूद, पासपोर्ट नहीं मिल पा रहा है। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि लड़की की मां का निधन हो गया है और वह वर्तमान में बेंगलुरु में दोहरी नागरिकता रखने वाले अपने पिता के साथ रहती है। लड़की की पूरी शिक्षा बेंगलुरु में हुई थी, उसके पास किसी भी देश के यात्रा दस्तावेज नहीं थे। अदालत ने कहा कि लड़की अवैध प्रवासी की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आती और वह भारतीय मूल के व्यक्ति के रूप में माने जाने की हकदार है। यदि उसे यात्रा दस्तावेज जारी नहीं किया गया तो वह राज्यविहीन हो जाएगी। अदालत ने लड़की को नागरिकता अधिनियम की धारा 5 के तहत एक नागरिक के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन करने की अनुमति दी।

# आठ लाख से अधिक लोगों ने राफा छोड़ा

गाजा की जंग

यरुशलम, एजेंसी। इजरायली सेना ने रविवार को राफा सहित गाजा के कई इलाकों में भारी बमबारी की। नुसीरत शरणार्थी शिविर पर हमले में 31 लोग मारे गए। सेना द्वारा राफा में शुरू किए गए जमीनी अभियान के बाद से करीब आठ लाख लोग राफा से पलायन कर चुके हैं।

नुसीरत शिविर पर हुए हमले में 20 से ज्यादा लोग भी घायल हुए हैं। मरने वालों में कई बच्चे भी हैं। जबालिया में भी इजरायल ने बड़े हवाई हमले किए हैं। यहां इजरायली टैंकों के पहुंचने के बाद लोग पलायन कर गए हैं। युद्ध के बाद गाजा को लेकर इजरायल की क्या योजना है, इसकी घोषणा में देरी से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का बड़े पैमाने पर विरोध हो रहा है।


नुसीरत शरणार्थी शिविर में रविवार को हमले के बाद अपनों की तलाश करते फलस्तीनी।

**अब तक 35,386 फलस्तीनी मारे गए :** हमास द्वारा संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायली हमलों में अब तक 35,386 लोग मारे गए हैं। इजरायली सेना ने कहा कि शनिवार को गाजा में दो और सैनिक मारे गए, जिससे जमीनी हमले की शुरुआत के बाद से अभियान में मरने वाले सैनिकों की संख्या 282 हो गई है।

**जेक सुलिवन नेतन्याहू से मिले :** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन रविवार को इजरायल पहुंचे और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। हालांकि दोनों के बीच बातचीत का ब्योरा सामने नहीं आया है।

## रोजनामचा


पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन अशांत रहेगा। कारोबारी कार्यों में मन तो लगेगा, पर कारोबार में परिश्रम की अधिकता रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि होगी।

**वृष :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे, पर संतान की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन :** मन परेशान हो सकता है। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। कठिनाई आ सकती है। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**कर्क :** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**सिंह :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। माता की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाहन सुख बढ़ेगा।

**कन्या :** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाए रखें। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**तुला :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी पुराने मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, पर संयत रहें। अति उत्साही होने से बचें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के मौके मिल सकते हैं।

**धनु :** मन अशांत रहेगा। किसी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर :** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**कुंभ :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, पर मन परेशान हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बना कर रखें। तरक्की के योग हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मीन :** संयत रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

20 मई, सोमवार, 30 वैशाख (सौर) शक संवत् 1946, 07 ज्येष्ठ मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2081, 11 जिल्काद सन् 1445, वैशाख शुक्ल द्वादशी (विक्रमी संवत्) द्वादशी तिथि अपराह्न 03.59 बजे तक, चित्रा नक्षत्र (दिन–रात), बालव करण। चंद्रमा कन्या राशि में सायं 04.35 मिनट तक उपरांत तुला राशि में।

**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। प्रात 07.30 बजे से प्रातः 09 बजे तक राहुकालम्। सोम प्रदोष व्रत। मधुसूदन पूजा। कामदेव व्रत। पुत्रादि व्रत।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

आज सोमवार है, इसके अनुसार कृपया बताएं कि क्या करें जो शुभ फलदायी हो?
–आरवी, दिल्ली

सोमवार का दिन शिवजी और साथ ही चंद्रमा को समर्पित है। अच्छे मानसिक स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए हम निम्न उपाय कर सकते हैं–

- सफेद वस्त्र धारण करें। सफेद सामान विशेषकर चावल खरीदें।
- पारद शिवलिंग स्थापित कर सकते हैं व चांदी का बेलपत्र अर्पित कर सकते हैं।
- अपने घर के ईशान कोण में किसी कांच या पीतल के कटोरे में चांदी का टुकड़ा एवं गंगाजल रखें।

### वर्ग पहेली : 7608



**बाएं से दाएं**

1. विवेचन करना; सलाह करना; मंत्रणा करना (4,3)
6. किलकने की आवाज; हर्षावस्था में बच्चों के मुख से निकली अस्पष्ट ध्वनि; हर्षध्वनि (4)
8. चाय का समय (4)
9. अन्न कण; कन; गोल वस्तु; मनका (2)
10. नाश करने वाला; मारने वाला; समाप्त करने वाला (3)
12. निषिद्ध; इनकार; वर्जित (2)
14. गुप्त रूप से; मौन रह कर (4)
15. स्थान जहां सिक्के ढाले जाते हैं (4)
17. झरने से गिरते जल का कर्णप्रिय स्वर करना; मधुर ध्वनि करना (4,3)

**ऊपर से नीचे**

2. अपना काम देखना; मार्ग दिखना; रास्ते से जाना (2,3)
3. पद्य लेखक; वागीश (2)
4. श्रीफल; खजूर जैसा ऊंचा एक पेड़ (4)
5. उंगलियों से रगड़ देना; जोर से दबा देना; रौंद देना (3,2)
7. प्रेम करना; मुग्ध होना; लुब्ध होना (3)
9. कीमत चुकाना; मूल्य देना (2,3)
11. किवाड़; दरवाजा; द्वार; पट (3)
12. विशाल सागर; महासमुद्र (5)
13. गति देने वाला; संचालन करने वाला; प्रबंध करने वाला (4)
16. पर्यंत; सीमा (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7607 का उत्तर



### सुडोकू : 7592

* कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 7 | 4 | | |
| 1 | | | | | | 8 | | |
| | | 4 | | 6 | 9 | | | |
| 8 | | | | 4 | | | 1 | 2 |
| | | | | | | | | |
| 9 | 4 | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 7 | 8 | | 1 | | |
| | | 1 | | | | | | 5 |
| | | 6 | 5 | | | | 8 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7591

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 5 |
| 3 | 2 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 |
| 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 | 9 | 6 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 4 |

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

# गोपी थोटाकुरा ने अंतरिक्ष में उड़ान भर इतिहास रचा

भारतीय मूल के उद्यमी और पायलट गोपी थोटाकुरा ने रविवार को अंतरिक्ष में उड़ान भर इतिहास रच दिया। वह अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय पर्यटक बन गए। गोपी थोटाकुरा पांच अन्य अंतरिक्ष पर्यटकों के साथ ब्लू ओरिजिन के यान के जरिये पृथ्वी से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर गए। 10 मिनट की उड़ान के बाद कैप्सूल के जरिये धरती पर लौट आए।

### पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक बने

ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट और कैप्सूल (एनएस-25) ने छह अंतरिक्ष पर्यटकों को लेकर उड़ान भरी। वर्ष 1984 में रूसी सोयुज टी-11 पर राकेश शर्मा की यात्रा के बाद गोपी अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन गए, जबकि पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक भी बने। अंतरिक्ष यात्रियों में एड ड्विट के अलावा उद्यमी मेसन एंजेल, सिल्वेन चिरोन, केनेथ एल हेस और सेवानिवृत्त लेखाकार कैरोल स्कॉलर शामिल थे।


टेक्सास में रविवार को अंतरिक्ष यात्रा करने के बाद गोपी थोटाकुरा और अन्य पर्यटक।

### ड्वाइट पहले अश्वेत यात्री

अमेरिका के पहले अश्वेत अंतरिक्ष पर्यटक का आखिरकार 60 साल बाद अंतरिक्ष में जाने का सपना पूरा हुआ। ड्वाइट वायु सेना के पायलट थे। उन्हें नासा के शुरुआती अंतरिक्ष यात्री कोर के रूप में चुना था। लेकिन 1963 में अंतरिक्ष में जाने के लिए उनकी बारी नहीं आई।

### सबसे उम्रदराज व्यक्ति भी

90 साल के ड्वाइट अंतरिक्ष में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति भी बन गए हैं। इससे पहले 'स्टार ट्रेक' अभिनेता विलियम शेटनर के नाम यह रिकॉर्ड था जब वह 2021 में अंतरिक्ष में गए थे।

### आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं गोपी

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में जन्मे गोपी 30 साल के हैं। वह एक उद्यमी और पायलट हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक गोपी ने सड़क पर गाड़ी चलाने से पहले ही हवाई उड़ान भरना शुरू कर लिया था। वह जेट उड़ाने के अलावा, बुश, एरोबेटिक और सीप्लेन के साथ-साथ ग्लाइडर भी उड़ा चुके हैं। वह एक अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जेट पायलट के रूप में भी काम कर चुके हैं। गोपी ने एम्ब्री-रिडल एरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी से स्नातक किया है। वह लंबे समय से अमेरिका में ही रह रहे हैं।



लोकसभा 2024 चुनाव का पांचवां चरण !

## भारतीयों ने कहा, बढ़ता तापमान देश में मानसून-मौसम को बुरी तरह प्रभावित कर रहा

# खुलासा: देश के 91 फीसदी लोग जलवायु संकट को लेकर चिंतित




बेंगलुरु, एजेंसी। देश में 91 फीसदी लोग ऐसे हैं जो जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंतित हैं। ऐसे लोगों की संख्या वर्ष 2011 में 61 फीसदी, जबकि वर्ष 2022 में 81 फीसदी थी। येल प्रोग्राम ऑन क्लाइमेट चेंज कम्युनिकेशन और सी वोटर इंटरनेशनल ने नई रिपोर्ट 'क्लाइमेट चेंज इन द इंडियन माइंड 2023' में इसका खुलासा किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 71 फीसदी भारतीयों का मानना है कि वैश्विक तापमान में होता इजाफा उनके क्षेत्र में मौसम को प्रभावित कर रहा है। वहीं 76 फीसदी लोग इस बात को मानते हैं कि बढ़ता तापमान कहीं न कहीं देश में मानसून पर असर डाल रहा है। बढ़ते तापमान को लेकर चिंतित लोगों में 59 फीसदी वो लोग हैं जो जलवायु परिवर्तन को लेकर बहुत ज्यादा चिंता महसूस करते हैं। हालांकि, महज 33 फीसदी ने इस बात को स्वीकार किया है कि वो सप्ताह में कम से कम एक बार मीडिया में ग्लोबल वार्मिंग के बारे में सुनते हैं। सर्वेक्षण में शामिल ज्यादातर भारतीयों ने माना कि वैश्विक तापमान में इजाफा हो रहा है, जो देश के लिए गंभीर खतरा है। लोगों ने जलवायु परिवर्तन पर सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई का समर्थन किया है। लोगों से जब जलवायु परिवर्तन के कारणों के बारे में पूछा गया तो 52 फीसदी का कहना था कि इसके लिए इंसानी गतिविधियां जिम्मेवार हैं। वहीं, 38 फीसदी लोग सोचते हैं कि यह प्राकृतिक रूप से बदलावों के कारण होता है।



**52** फीसदी लोग इंसानी गतिविधियों को मानते हैं जिम्मेदार

**38** फीसदी लोग प्राकृतिक कारणों को मानते हैं वजह

### अक्षय ऊर्जा के पक्ष में हैं ज्यादातर लोग

अक्षय ऊर्जा को लेकर भी भारतीयों में ज्यादातर ने सकरात्मक रुख दर्शाया है। रिपोर्ट के मुताबिक 61 फीसदी का मानना है की देश में अक्षय ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। वहीं महज 14 फीसदी ने भारत में जीवाश्म ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही है। इतना ही नहीं 75 फीसदी लोग ग्लोबल वार्मिंग और उसकी लागत को कम करने के लिए ऊर्जा-दक्ष उपकरणों व इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अधिक भुगतान करने को तैयार हैं।

# इंडोनेशिया में स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रह सेवा शुरू

देनपसार, एजेंसी। एलन मस्क ने दुनिया के सबसे बड़े द्वीपसमूह राष्ट्र में स्टारलिंक उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए रविवार को इंडोनेशिया के बाली की यात्रा की।

मस्क ने एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इंडोनेशियाई मंत्रियों के साथ स्टारलिंक सेवा का शुभारंभ किया। यह देश बैटरी निवेश पर मस्क के टेस्ला के साथ सौदे सुरक्षित करने और देश के दूरदराज के क्षेत्रों में तेज इंटरनेट प्रदान करने हेतु मस्क के साथ वर्षों से संपर्क में था। समारोह के दौरान, मस्क ने इंडोनेशिया के दूरदराज के क्षेत्रों में कई स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ स्टारलिंक इंटरनेट सेवा का स्पीड टेस्ट लिया, जिसमें मालुकु प्रांत में इंडोनेशिया के असेवित और सबसे बाहरी द्वीपों में से एक अरु भी शामिल था। मस्क ने कहा, यह दूरस्थ इलाकों के लिए जीवनरक्षक बन सकता है। यह शिक्षा के लिए भी एक संभावना हो सकती है। यदि आप इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं और फिर आप कुछ भी सीख सकते हैं और अपनी व्यावसायिक सेवाएं दुनिया भर में बेच भी सकते हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि यह अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद होने वाला है। उन्होंने देश के स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए।


इंडोनेशिया के बाली में रविवार को एलन मस्क का स्वागत किया गया।

**2,700 स्वास्थ्य केंद्रों पर इंटरनेट नहीं :** स्वास्थ्य मंत्री बुदी गुनादी सादिकिन ने कहा कि देश भर में 10 हजार से अधिक क्लीनिकों में से लगभग 2,700 अभी भी इंटरनेट एक्सेस के बिना हैं। एक क्लिनिक में नेट सेवा शुरू करना स्टारलिंक के इंटरनेट सेवाओं तक किफायती पहुंच प्रदान करने के व्यापक मिशन के अनुरूप है।

## तकनीक 30s

### चेहरे के हावभाव से कंट्रोल होगा फोन

गूगल ने प्रोजेक्ट गेमफेस पेश किया है। गेमफेस की मदद से किसी फोन या स्क्रीन को चेहरे के हावभाव से कंट्रोल कर सकेंगे। चेहरे के एक्सप्रेशन से कर्सर को कंट्रोल किया जा सकेगा। गूगल द्वारा दिखाए गए डेमो के मुताबिक आईब्रो को हिलाकर क्लिक एंड ड्रैग किया जा सकेगा। मुंह को खोलकर कर्सर को मूव किया जा सकेगा और नेविगेशन का इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह उनलोगों के किसी तोहफे से कम साबित नहीं होगी जो शारीरिक रूप से अक्षम हैं। गेमफेस की मदद से यूजर बिना छुए एंड्रॉयड फोन को ऑपरेट कर सकेंगे।

### चैटजीपीटी से अब हिंदी में भी पूछ सकेंगे सवाल

हाल ही में ओपनएआई ने जनरेटिव एआई मॉडल का सबसे एडवांस वर्जन जीपीटी-4ओ लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने मौजूदा चैटबॉट चैटजीपीटी को भी अपग्रेड कर दिया है। बड़ी बात ये है कि इसमें 50 से ज्यादा भाषाओं को सपोर्ट मिल रहा है। अब यूजर्स हिंदी, बंगाली, मराठी, पंजाबी, तमिल, उर्दू, फ्रेंच, ग्रीक, कन्नड़ व कोरियन आदि भाषाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। यूजर अब चैटजीपीटी से अंग्रेजी के अलावा, इन सभी भाषाओं में सवाल पूछ सकेंगे।










20.32cm (8") HD infotainment with 60+ Bluelink features
Spacious cabin with ample headroom, kneeroom & legroom
Six Airbags
Dashcam with dual camera
Power-packed performance

• Stylish
• Spacious
• Connected

Get additional ₹5000 Scrappage Bonus on scraping your existing car.*

HYUNDAI

Hyundai Click to Buy Scan here
3 Year Unlimited Kilometer Warranty
Upto 7 Years Extended Warranty^
3 Year Road Side Assistance (RSA)*
Upto 5 Years Shield of Trust Running Repair Package*
Upto 5 Years Shield of Trust Super Maintenance Package*
Bluelink 3 Years free Bluelink subscription*

| Region | Dealer | Location | Phone |
|---|---|---|---|
| CENTRAL DELHI | PAHWA | (Karol Bagh) | 8800053250 |
| CENTRAL DELHI | BAGGA LINK | (East Patel Nagar) | 8800021533 |
| CENTRAL DELHI | SUNRISE | (Daryaganj) | 8448094650 |
| WEST DELHI | TRIUMPH | (Janakpuri) | 9311865801 |
| WEST DELHI | FRONTIER | (Raja Puri Dwarka) | 9711575950 |
| WEST DELHI | UNIVERSAL | (Najafgarh) | 9953757023 |
| WEST DELHI | VD | (Peeragarhi) | 9899908368 |
| WEST DELHI | HANS | (Motinagar) | 9871377445 |
| WEST DELHI | SAPPHIRE | (Mayapuri Ph-1) | 9650108001 |
| WEST DELHI | SAPPHIRE | (Sec. 20 Dwarka) | 8448189473 |
| WEST DELHI | DEEP | (Mangolpuri) | 011-45559555 |
| WEST DELHI | DEEP | (Mundka Indl. Area) | 8860606033 |
| SOUTH DELHI | RAMAA | (Lajpat Nagar) | 9711115252 |
| SOUTH DELHI | LAMBA | (Malviya Nagar) | 7290008982 |
| SOUTH DELHI | SHUBAN SAI | (Mathura Road, MCIE) | 8882435400 |
| SOUTH DELHI | KONCEPT | (Kailash Colony Branch) | 8750217777 |
| SOUTH DELHI | KONCEPT | (Okhla) | 8750217777 |
| SOUTH DELHI | KONCEPT | (Safdarjung Enclave) | 8750217777 |
| SOUTH DELHI | KONCEPT | (Green park) | 8750217777 |
| NORTH DELHI | PAHWA | (Shakti Nagar) | 8800025123 |
| NORTH DELHI | LAMBA | (Wazirpur) | 9811553341 |
| NORTH DELHI | MALWA | (Pitampura) | 9289094801 |
| NORTH DELHI | MALWA | (Narela) | 9053070847 |
| NORTH DELHI | UNITY | (Rohini) | 9811780666 |
| NORTH DELHI | UNITY | (Shalimar Place) | 9643332012 |
| EAST DELHI | HIMGIRI | (Jhilmil Indl. Area) | 8287110966 |
| EAST DELHI | HIMGIRI | (Dayanand Vihar) | 7982085550 |
| EAST DELHI | SHUBAN SAI | (East Gokulpuri) | 9289351141 |
| EAST DELHI | SUNRISE | (Opp. Mother Dairy Plant) | 9871952249 |
| EAST DELHI | SUNRISE | (Patparganj) | 9871952251 |
| GREATER NOIDA | FORTUNE | (D-74, Site-IV) | 9540083004 |
| NOIDA | FORTUNE | (Noida Extension) | 9355003301 |
| NOIDA | KARMA | (Sector-85) | 9999122790 |
| NOIDA | KARMA | (Sector-49) | 9289528800 |
| NOIDA | JRD NIMBUS | (Sector-5) | 9540200200 |
| NOIDA | CAPITAL | (Dadri) | 9899156393 |
| NOIDA | CAPITAL | (Sector-63) | 9999489444 |
| NOIDA | ROYAL DREAM | (Noida) | 7042493311 |
| GHAZIABAD | DREAM | (Meerut Road) | 9560795307 |
| GHAZIABAD | SHINE | (Silver City Mall) | 7065543000 |
| GHAZIABAD | M.R. | (Site-IV Indl. Area Branch) | 9312821198 |
| GHAZIABAD | M.R. | (Loni Road) | 9312821180 |
| GHAZIABAD | PAWAN | (Lal Kuan) | 8800095777 |
| GURUGRAM | TRIUMPH | (Golf Course Extension Road) | 9205942100 |
| GURUGRAM | SAFDARJANG | (Sohna Road) | 9910389341 |
| GURUGRAM | SAFDARJANG | (Hero Honda Chowk) | 9871395437 |
| GURUGRAM | SAFDARJANG | (Udyog Vihar-IV) | 8860626993 |
| GURUGRAM | DEE EMM | (Sector-16) | 8588891541 |
| GURUGRAM | DEE EMM | (MG Road) | 7289910900 |
| GURUGRAM | DEE EMM | (Sector-49) | 8585900822 |
| GURUGRAM | HIMGIRI | (Palam Vihar) | 7011321731 |
| GURUGRAM | HIMGIRI | (Golf Course Road, Sector-53) | 8287110854 |
| FARIDABAD | CAPITAL | (NIT Faridabad) | 9355931100 |
| FARIDABAD | TRIUMPH | (Near YMCA Chowk) | 9643400505 |
| FARIDABAD | MAHADEV | (NHPC Chowk) | 7042193333 |
| FARIDABAD | MAHADEV | (Mathura Road) | 7669046296 |
| FARIDABAD | MAHADEV | (Byepass Road) | 8929439504 |
| FARIDABAD | BOHRA | (Neelam Bata Road) | 8800011100 |
| SOHNA | JMV | | 9999116665 |
| MANESAR | TRIUMPH | | 7210004500 |
| PATAUDI | TRIUMPH | | 9289361701 |
| MODINAGAR | FORTUNE | | 8194000854 |
| JEWAR | FORTUNE | | 9643316502 |
| FARRUKHNAGAR | TRIUMPH | | 8588853368 |
| HODAL | SHREE PUSHP | | 7082203601 |
| TAURU | JMV | | 9999116660 |
| PALWAL | PARASHAR | | 9671777736 |
| GANNAUR | MALWA | | 9468100934 |
| GOHANA | MALWA | | 9468100733 |
| KHARKODA | MALWA | | 9671111169 |
| KUNDLI | MALWA | (NH-1, 31 K.M. Stone) | 9467800924 |
| SONIPAT | MALWA | (Jat Joshi, Bahalgarh Rd.) | 9467700733 |
| BULANDSHAHR | FORTUNE | (Bhoor Crossing, Delhi Rd.) | 8272072034 |

For any Bulk enquiry please contact: munmi.rajguru@hmil.net (Delhi), sumeetkalra@hmil.net (NCR)

my Hyundai app
Hyundai Promise Certified Pre-Owned Car
Scan to chat with us

*Terms & Conditions apply. Benefits include cash discount, exchange bonus and benefits for government or corporate employees, whichever is applicable. Features & specifications shown may vary or not be part of standard fitment & are subject to change without prior notice. Hyundai Motor India reserves the right to change specifications, colour, equipment and schemes without prior notice. Segment is defined based on SUV dimensions of overall length between 3 800 - 3 900 mm. **Warranty upto 3 Years or unlimited km whichever occurs earlier. ^Upto 7 years extended warranty on chargeable basis for petrol variants and upto 5 years extended warranty on chargeable basis for CNG variants. Please note that the extended warranty mentioned for all variants is inclusive of the 3 years unlimited kilometer warranty. The CNG kit is warranted directly by CEV Engineering (P) Ltd. ##Hyundai EXTER (Petrol) has lowest average yearly periodic maintenance service cost in its segment of ₹2 904 for 5 years in Delhi, Source: Cardekho.com. Functionality of Bluelink depends on adequate power supply and uninterrupted network connectivity to infotainment system. The Bluelink system is designed in such a way that it makes vehicle theft difficult subject to adequate power supply, uninterrupted network connectivity to informant system and all circuits and battery connection are untampered. The colour of the car shown herein may vary from the actual colour of the car due to the limitations of the printing process. The black shade on glasses is due to lighting effect. Scrappage bonus is only applicable on select models. Based on Certificate of deposit (issued by government approved and operational centre) by the customer. Visit your nearest Hyundai dealership for more details. Hyundai urges you to follow traffic rules – these are meant to keep you safe on roads.

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।